सूर्योदय 7:13 सूर्यास्त 5:33

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 1.2 न्यू | 6.2 अधि |
| धर्मशाला | 5.9 न्यू | 14.4 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 78699.07 |
| निफ्टी | 23813.40 |
| सोना 76,130 | चांदी 92,500 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | रविवार, 29 दिसंबर 2024 | 15 पौष, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 2, अंक 11, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702



नीतिश बने 'संकटमोचक'

पृष्ठ 14 पर

WEMBLEY® SINCE 1961
(An ISO 9001-2008 Certified Co.)
Wembley Paints & Chemicals
Bring Home Wide Range of
Premium Interior & Exterior Paints
Winner of National Award 2015
Winner of GOLDEN PEACOCK AWARD LONDON
High Gloss Emulsion For Exterior & Interior
High Build Primer for High Gloss Emulsions
2025 HAPPY NEW YEAR
नववर्ष 2025 के आगमन की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
WEMBLEY
THE COMPLETE SOLUTION
For WOOD & WALL COATINGS (SINCE-1961)
JAIN TRADERS UNA Mob.: 9805002437
Authorized Distributors For: Himachal Pradesh
Wembley Paints and Chemicals and Indo Wembly Paints Pvt. Ltd.

## न्यूज शॉर्ट्स

### पुलिस थाने पर ग्रेनेड हमला करने वाले दो गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने अमृतसर के इस्लामाबाद पुलिस थाने पर ग्रेनेड से हमला करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से एक ग्रेनेड सहित नशे का सामान बरामद किया गया है। अमृतसर के दांडे से गुरजीत सिंह और तरनतारन के छापा से बलजीत सिंह को दबोचा है। पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने कहा कि अमृतसर में विशेष अभियान प्रकोष्ठ ने विदेश से नियंत्रकों की ओर से संचालित किए जा रहे एक मादक पदार्थ-आतंकवाद मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है।

### बीआरएस नेता केटीआर सात जनवरी को तलब



**हैदराबाद।** ईडी ने भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के नेता केटी रामा राव (केटीआर) और कुछ अन्य लोगों को 2023 में हैदराबाद में आयोजित फॉर्मूला-ई रेस के दौरान कथित भुगतान अनियमितताओं से जुड़े धनशोधन मामले में समन भेजकर सात जनवरी को पूछताछ के लिए बुलाया है। तेलंगाना पुलिस भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की शिकायत का संज्ञान लेते हुए पीएमएलए की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज मामले में पिछले सप्ताह प्रवर्तन मामला सूचना रिपोर्ट दर्ज की थी।

### 'महिला सम्मान योजना' के जांच के दिए आदेश

**नई दिल्ली।** दिल्ली में महिला सम्मान योजना को लेकर विवाद थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। एलजी सचिवालय ने महिला सम्मान योजना के जांच के लिए दिल्ली के मुख्य सचिव को आदेश दिए हैं। डिविजनल कमिश्नर से जांच करने को कहा है। सचिवालय ने पुलिस कमिश्नर से कहा कि वह उन लोगों के खिलाफ कानून के मुताबिक कार्रवाई करें जो लाभ देने की आड़ में डाटा की गोपनीयता भंग कर रहे हैं। उधर, केजरीवाल ने कहा कि महिला सम्मान योजना और संजीवनी योजना से दिल्ली के लोग खुश थे। भाजपा इन योजनाओं को रोकना चाहती है। भाजपा वाले दिल्ली में पैसे बांट रहे हैं। मैंने कहा था कि चुनाव जीतने के बाद हम महिलाओं को 2100 रुपए देंगे और 60 साल से ऊपर के बुजुर्गों को मुफ्त इलाज देंगे।

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- बर्फबारी से 27 लिंक रोड, 15 ट्रांसफार्मर ठप -पेज 3
- शहर की दीवारों पर पोस्टरों की भरमार -पेज 9
- व्यापारिक लाभ के लिए कुछ खुद ही बना रहे शार्प कट -पेज 10
- दिल्ली विधानसभा चुनाव: एनसीपी ने की 11 उम्मीदवारों की लिस्ट जारी -पेज 13
- ट्वेंटी-20 : न्यूजीलैंड ने श्रीलंका को आठ रन से हराया -पेज 14

# पूर्व पीएम डॉ. मनमोहन सिंह पंचतत्व में विलीन

## तीनों सेनाओं ने दी सलामी; निगमबोध घाट पर राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार; बेटी ने दी मुखाग्नि

एजेंसी, नई दिल्ली

**पूर्व** प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का शनिवार को निगमबोध घाट पर राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। उनके पार्थिव शरीर को सेना की तोपगाड़ी पर दिल्ली के निगमबोध घाट लाया गया, जहां तीनों सेनाओं ने उन्हें सलामी दी। इसके बाद राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार की रस्में पूरी की गईं। मनमोहन की पत्नी गुरशरण कौर, बड़ी बेटी उपिंदर सिंह (65), दूसरी बेटी दमन सिंह (61) और तीसरी बेटी अमृत सिंह (58) निगमबोध घाट पर मौजूद थीं। परिवार ने प्रधानमंत्री मोदी से भी मुलाकात की। बेटी ने मुखाग्नि दी।

निगमबोध घाट में सोनिया, प्रियंका, राहुल और कांग्रेस के बड़े नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ भी उन्हें अंतिम विदाई देने पहुंचे। डॉ. मनमोहन सिंह की पार्थिव देह को सुबह 9:30 बजे उनके आवास से कांग्रेस मुख्यालय लाया था। इसके बाद अंतिम यात्रा शुरू हुई। राहुल गांधी पार्थिव देह के साथ गाड़ी में बैठे थे। भारत में आर्थिक सुधारों के जनक कहे जाने वाले पूर्व वित्त मंत्री और दो बार प्रधानमंत्री रहे मनमोहन सिंह का वीरवार को निधन हो गया था। वह 92 साल के थे। मनमोहन सिंह के निधन के बाद से देश और दुनिया की हस्तियों ने शोक जताया। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने मनमोहन सिंह के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उन्हें 'एक सच्चा राजनेता' बताया और भारत एवं अमेरिका के बीच द्विपक्षीय सहयोग के 'अभूतपूर्व स्तर का' श्रेय उनकी रणनीतिक समझ और राजनीतिक साहस को दिया। अंतिम संस्कार के दौरान 'मनमोहन सिंह अमर रहे' और 'जब तक सूरज चांद रहेगा मनमोहन आपका नाम रहेगा' के नारे खूब गूंजे। अंत्येष्टि में कई विदेशी नेता भी शामिल हुए।

**आर्थिक सुधारों के जनक को अंतिम विदाई**





**मनमोहन अमर रहें', जब तक सूरज चांद रहेगा मनमोहन आपका नाम रहेगा के गूंजे नारे**

## स्मारक न बनाने पर घमासान विपक्षी पार्टियों ने उठाए सवाल

**पूर्व** पीएम डॉ. मनमोहन सिंह के अंतिम संस्कार को लेकर सियासी विवाद गहरा गया है। मनमोहन का अंतिम संस्कार राजघाट पर न कराने तथा स्मारक न बनाने को लेकर कांग्रेस, आम आदमी पार्टी समेत विपक्षी पार्टियों ने सवाल उठाए हैं।



**सिख** समुदाय के पहले प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार निगमबोध घाट पर करवाकर केंद्र सरकार ने उनका सरासर अपमान किया है। उनकी नीतियां आज भी देश के गरीब और पिछड़े वर्गों का सहारा हैं। **-राहुल गांधी**



**मैं** स्तब्ध और हैरान हूं कि पूर्व पीएम मनमोहन के अंतिम संस्कार और स्मारक के लिए भाजपा सरकार 1000 गज जमीन न दे सकी। अब तक के सभी प्रधानमंत्रियों का अंतिम संस्कार राजघाट पर किया जाता था। **-अरविंद केजरीवाल**



कांग्रेस ने डॉ. मनमोहन को कभी सम्मान नहीं दिया। उनके निधन के बाद भी राजनीति कर रही है। सरदार पटेल से लेकर नरसिम्हा राव तक सबका अपमान किया **-सुधांशु त्रिवेदी**



पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को अंतिम संस्कार के लिए राजघाट के पास जगह न देना सरकार की छोटी सोच को दिखाता है। **-संजय सिंह**



**डॉ.** सिंह के स्मारक के लिए स्थान राजघाट होना चाहिए। अतीत में अपनाई गई स्थापित प्रथा और परंपरा को ध्यान में रखना चाहिए। **-सुखबीर सिंह बादल**



**पूर्व** प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के संदर्भ में सम्मान की परंपरा का निर्वहन होना चाहिए। भारतीय जनता पार्टी अनुचित उदाहरण पेश न करे। **-अखिलेश यादव**


# ऊना में 20 करोड़ से स्थापित होगा आलू प्रसंस्करण संयंत्र: सुक्खू

## बोले- संयंत्र की न्यूनतम प्रसंस्करण क्षमता 500 किलोग्राम प्रति घंटा होगी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि ऊना जिले में सरकार 20 करोड़ रुपए की लागत से आलू प्रसंस्करण संयंत्र स्थापित करने की योजना बना रही है।

संयंत्र की न्यूनतम प्रसंस्करण क्षमता 500 किलोग्राम प्रति घंटा होगी और यह मुख्य रूप से फ्लेक्स के उत्पादन पर केंद्रित होगा। कृषि विभाग को इस संबंध में विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 16,960 हेक्टेयर क्षेत्र में लगभग 2,38,317 मीट्रिक टन आलू का उत्पादन होता है। आलू प्रसंस्करण संयंत्र की स्थापना से किसानों को बेहतर पारिश्रमिक मूल्य सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। उद्योग और कृषि क्षेत्र दोनों में रोजगार के अवसर सृजित कर स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। सुक्खू ने कहा कि आलू को फ्लेक्स जैसे मूल्यवर्धित उत्पादों में संसाधित करके यह संयंत्र आलू के बाजार को स्थिर करने में मदद करेगा। इससे किसानों को आलू के बाजार में मूल्य के उतार-चढ़ाव की चिंता से भी निजात मिलेगी। आलू के फ्लेक्स इन्हें पकाने, मसलने और सुखाने से बनाए जाते हैं, जिससे बेहतरीन उत्पाद तैयार होता है, जिन्हें फिर बिक्री के लिए पैक किया जाता है। उन्होंने कहा कि ऊना जिले में शरद और बसंत दोनों ऋतुओं में 3,400 हेक्टेयर क्षेत्र में लगभग 54,200 मीट्रिक टन आलू का उत्पादन होता है, इसलिए यहां इस संयंत्र की स्थापना नितांत ही व्यवहारिक है। इसके अतिरिक्त, पड़ोसी राज्य पंजाब में भी आलू की काफी मात्रा में पैदावार होती है, जिससे प्रसंस्करण उद्योग के लिए कच्चे माल की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित होगी।



# जनजीवन पर भारी बारिश-बर्फबारी

## प्रदेशभर में पांच एनएच समेत 319 सड़कें बंद, बिजली के 332 ट्रांसफार्मर ठप

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**हिमाचल** प्रदेश के पर्वतीय इलाकों में दूसरे दिन शनिवार को बर्फबारी का दौर जारी रहा। वहीं, मैदानी क्षेत्रों में भी जमकर बारिश हुई।

बर्फबारी और बारिश से ठंड का प्रकोप बढ़ गया है। सड़कों और राजमार्गों पर बर्फ जमने से सफर जोखिम भरा हो गया है। लाहौल-स्पीति में 24 घंटों से बर्फबारी हो रही है, जिससे जनजीवन पूरी तरह ठप हो गया है। जिले में डेढ़ फुट तक बर्फबारी हुई है, जबकि कई संपर्क मार्ग बंद हो गए हैं। प्रदेशभर में पांच एनएच समेत 319 सड़कें बंद पड़ी हैं, जबकि 332 बिजली के ट्रांसफार्मर ठप हो गए हैं। कई स्थानों पर बिजली के खंभे टूटने से बिजली आपूर्ति बंद हो गई हैं। सोलंग नाला के पास एक वाहन फिसलकर सड़क से नीचे गिर गया। वहीं, किन्नौर जिले में छह बसें फंसी हुई है।



### बर्फबारी और बारिश का ऑरेंज अलर्ट

**मौसम** विभाग ने प्रदेश में बर्फबारी और बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। रविवार को येलो और 30 को शीतलहर का ऑरेंज अलर्ट है। एक जनवरी को मैदानी एवं मध्य पर्वतीय क्षेत्रों में मौसम साफ रहेगा। उच्च पर्वतीय एक-दो क्षेत्रों में ही बारिश और बर्फबारी के आसार हैं।

### 5 शहरों में तापमान शून्य से नीचे

| | |
|---|---|
| ताबो | -7.6 डिग्री |
| समधो | -4.3 डिग्री |
| कल्पा | -2.5 डिग्री |
| कुकुमसेरी | -1.8 डिग्री |
| रिकांगपिओ | -0.7 डिग्री |

### सोलंग नाला के पास 200 वाहन फंसे

**सोलंग** नाला के पास करीब 200 वाहन फंसे हुए हैं। वहीं, अटल टनल को बंद कर दिया है और नेहरू कुंड तक ही वाहनों को जाने की अनुमति है। चंबा जिले के जनजातीय क्षेत्रों पांगी और भरमौर में भी हिमपात जारी है। पांगी मुख्यालय किलाड़ में आठ इंच तक बर्फ गिरी है। सिरमौर जिले की सबसे ऊंची चोटी चूड़धार, धौलाधार की पहाड़ियों पर बर्फ गिरी है।

**गिरावट** केंद्र ने कोविड जैसी आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने व मदद के लिए बनाया था पीएम केयर्स फंड

# पीएम केयर्स फंड में योगदान घटकर 912 करोड़ पहुंचा

एजेंसी, नई दिल्ली

**पीएम** केयर फंड से जुड़ी एक बड़ी खबर सामने आई है। इस फंड में 2022-23 के वित्तीय वर्ष में कुल स्वैच्छिक योगदान घटकर 912 करोड़ रुपए हो गया, जो मार्च 2020 में कोविड-19 महामारी के बाद बने इस सार्वजनिक चैरिटेबल ट्रस्ट के इतिहास में सबसे कम है।




प्रधानमंत्री नागरिक सहायता एवं आपातकालीन राहत (पीएम केयर्स) कोष की वेबसाइट पर प्रकाशित ऑडिटेड बयानों के अध्ययन से यह जानकारी सामने आई है। 2020-21 में इस फंड में स्वैच्छिक योगदान 7,184 करोड़ रुपए तक पहुंचा था, जो 2021-22 में घटकर 1,938 करोड़ रुपए हो गया और फिर 2022-23 में और भी कम हो गया, जब कोविड के खतरे में कमी आई। 2022-23 में कुल व्यय लगभग 439 करोड़ रुपए था, जिसमें से 346 करोड़ रुपए पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन की ओर से उपयोग किए गए, जो कि कोविड महामारी के कारण अपने माता-पिता, कानूनी अभिभावकों या जीवित माता-पिता दोनों को खोने वाले बच्चों का समर्थन करने के लिए एक सरकारी पहल है। इसके अलावा, ऑक्सीजन कंसंट्रेटर की खरीद पर लगभग 92 करोड़ रुपए खर्च किए गए। पीएम केयर फंड की स्थापना नरेंद्र मोदी सरकार ने कोविड महामारी जैसी आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने और प्रभावित लोगों को राहत देने के उद्देश्य से की थी। यह एक सार्वजनिक चैरिटेबल ट्रस्ट के रूप में पंजीकृत है और इसमें केवल स्वैच्छिक योगदान होते हैं, सरकारी बजट से कोई समर्थन नहीं मिलता। समय-समय पर इस फंड का उपयोग आपातकालीन देखभाल में किया गया, जिसमें ऑक्सीजन प्लांट स्थापित करना और केंद्रीय और राज्य सरकारों की ओर से चलाए जा रहे अस्पतालों में वेंटिलेटर खरीदना शामिल है। 2021-22 में, इस फंड से 1,703 करोड़ का खर्च ऑक्सीजन प्लांट्स पर और 835 करोड़ रुपए का खर्च वेंटिलेटर्स पर किया था, जबकि कुल खर्च लगभग 1,938 करोड़ रुपए था। 2022-23 के अंत में फंड का समापन बैलेंस 6,283 करोड़ रुपए से अधिक था।

### विदेशी योगदान में भी आई कमी

2022-23 वित्तीय वर्ष के लिए उपलब्ध आखिरी बयान के अनुसार, विदेशी योगदान में भी बड़ी गिरावट आई है। 2020-21 में यह 495 करोड़ रुपए तक पहुंचा था, जो अगले दो वर्षों में घटकर क्रमशः 40 करोड़ रुपए और 2.57 करोड़ रुपए हो गया।

## बड़घवार में घर में लगी आग, जिंदा जला युवक

राकेश डोगरा, डरोह

**सुलह** विधानसभा क्षेत्र की बड़घवार पंचायत के वार्ड-5 में शुक्रवार देर रात कच्चे मकान में आग लगने से युवक जिंदा जल गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है। आग लगने की सूचना रात 11:45 बजे मंजू बाला ने प्रधान सोनिया बंटा को फोन पर दी। प्रधान ने पुलिस को सूचना दी। फायर ब्रिगेड के कर्मियों ने लोगों की मदद से आग पर काबू पाया। मृतक का भाई बंटू कुमार घर के बाहर था। जब मलबे में देखा तो संजू का शव मिला। मृतक संजू (29) अपने भाई बंटू (31) के साथ रहता था, जबकि मां रुमला देवी अपने मायके में रहती थी। मामले की पुष्टि भवारना पुलिस थाना प्रभारी एसएचओ केहर सिंह ने की है। (अनंत ज्ञान)

# सीबीआई का शिमला में ईडी अफसर के परिसर पर छापा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**सीबीआई** ने शिमला में शनिवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के उस सहायक निदेशक के परिसर में छापेमारी की है, जो रविवार को एक अभियान के दौरान एजेंसी को चकमा देकर फरार हो गया था। अधिकारियों ने बताया कि शिमला में तैनात ईडी के सहायक निदेशक और उनके भाई विकास दीप, जो दिल्ली में पंजाब नेशनल बैंक में वरिष्ठ प्रबंधक हैं, एक व्यवसायी से कथित तौर पर रिश्वत की रकम लेने चंडीगढ़ गए थे।

व्यवसायी पर धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत मामला दर्ज है। व्यवसायी ने कथित जबरन वसूली के बारे में सीबीआई में शिकायत दर्ज कराई, जिसके आधार पर एजेंसी की चंडीगढ़ इकाई ने एक योजना बनाई, जिसमें शिकायतकर्ता को अधिकारी को 55 लाख रुपए नकद रिश्वत देने के लिए कहा गया और सीबीआई के अधिकारी इस पर नजर रखे हुए थे। एजेंसी पिछले छह दिन से उन्हें ढूंढने की कोशिश कर रही है। उन्होंने बताया कि यहां तक कि उनका पता लगाने के लिए तकनीकी निगरानी भी शुरू की गई है।





हमीरपुर। पूर्व केंद्रीय मंत्री और हमीरपुर के सांसद अनुराग ठाकुर अपने समीरपुर आवास पर लोगों की समस्याएं सुनते हुए।

# मसियाणा में कौन फेंक रहा कचरे के स्पेशल थैले

## मंदिर के पास बड़ी तादाद में डंप किया जा रहा कचरा

**विक्रम ढटवालिया, मसियाणा ( हमीरपुर )**

न पंचायत को पता न ही स्थानीय लोगों को, नगर परिषद करवाएगी जांच

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

मसियाणा-कुडार सड़क मार्ग पर बड़ी तादाद में कचरे के बड़े-बड़े थैले फेंकने का सिलसिला शुरू हो चुका है। यहां कुनाह खड्ड के पास एक मंदिर भी है, जिसकी बगल में यह डंपिंग साइट अब तैयार हो गई है। यह इलाका शहर के साथ सटा हुआ है और मुश्किल से 8 किलोमीटर की दूरी पर है। इसीलिए माना यही जा रहा है कि शहर के किसी विशेष इलाके से यह कचरा यहां फैंका जा रहा है। विडंबना यह है न तो पंचायत को इसका पता है और न ही स्थानीय लोगों को। सुनसान जगह पर कौन यह कचरा फैला रहा है। बारिश में यह सारा कचरा खड्डु में जाकर मिलेगा।

फिलहाल बारिश के बाद इसकी बदबू फैलना भी शुरू हो जाएगी। हालांकि, इस कचरे को प्लास्टिक के खास थैलों में भरकर यहां पर डंपिंग साइट के रूप में भरा जा रहा है। जहां यह फेंका जा रहा है, उसकी बगल में दो मंदिर भी हैं। एक मंदिर डंपिंग साइड के निचले इलाके में और दूसरा ऊपरी क्षेत्र में है, लेकिन साफ-सुथरे इस इलाके में यदि इस तरह की डंपिंग कचरे की हो रही है और किसी को कानों-कान खबर नहीं है तो फिर मसला गंभीर है।

कारण यह है कि शहर के किसी खास इलाके से यह कचरा विशेष गाड़ी में उठाकर चुपके से यहां पर डंप किया जा रहा है। ऐसा क्यों हो रहा और कौन कर रहा है? इसका पता लगाना भी तो जरूरी है, क्योंकि कचरे की वजह से यह साफ-सुथरा इलाका खराब हो रहा है। (अनंत ज्ञान)





फेंके कचरे के बड़े-बड़े थैले।

### नगर परिषद करवाएगी जांच

**हमीरपुर** नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी अजमेर ठाकुर का कहना है कि इस तरह का प्लास्टिक के थैलों में बंद करके यदि यह कचरा वहां फेंका जा रहा है, तो इसकी जांच की जाएगी। एक टीम बनाकर उक्त स्थान पर भेजी जाएगी, जो यह पता लगाएगी कि कचरा किस तरह का है। कहां से संभावित रूप में यह लाया जा रहा है, इसका पता लग जाएगा।

# सिद्ध चानो मंदिर जाने वाली सड़क खस्ताहाल, लोग परेशान



**एसके ठाकुर बड़सर**

उपमंडल बड़सर के अंतर्गत समैला स्थित सिद्ध चानो मंदिर को जाने वाली मुख्य सड़क समैला मोड़ से समैला तक की स्थिति दयनीय हो चुकी है। इस दो किलोमीटर सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे पड़ चुके हैं, टायरिंग उखड़ चुकी है जिसके चलते वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

बता दें कि मंगलवार और शनिवार के दिन हिमाचल और अन्य राज्यों के कोने-कोने से श्रद्धालु सिद्ध चानो मंदिर में अपनी मन्नत मांगने के लिए आते हैं। सड़क की स्थिति ठीक न होने और सड़क के बीच और किनारों पर बड़े-बड़े गड्ढे पड़ने से श्रद्धालुओं को काफी परेशानी होती है। हालांकि, लोक निर्माण विभाग ने इस मंदिर को आने वाली संपर्क सड़कों की स्थिति में काफी सुधार कर दिया है, लेकिन बिगड़ी घोड़ीधाबीरी मुख्य सड़क से समैला मोड़ से मंदिर तक संपर्क सड़क का पिछले काफी अरसे से कोई मरम्मत कार्य न हो पाने की वजह से टारिंग कई जगहों से उखड़ चुकी है।

स्थानीय लोगों और मंदिर को आने जाने वाले श्रद्धालुओं ने लोक निर्माण विभाग से आग्रह किया है कि इस मुख्य संपर्क सड़क पर जब तक टारिंग का कार्य शुरू नहीं होता तब तक पैच वर्क कर इन गड्ढों से निजात दिलाई जाए। इस संदर्भ में लोक निर्माण विभाग बड़सर के अधिशाषी अभियंता राजेंद्र जुबलानी का कहना है कि जैसे ही बजट का प्रावधान होगा, इस सड़क पर टारिंग करवा दी जाएगी। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### पूर्व पीएम डॉ. मनमोहन सिंह को दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान, धनेटा।** राजकीय महाविद्यालय धनेटा की एनएसएस इकाई ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि दी। प्राचार्य ज्ञान चंद राणा ने बताया कि एनएसएस इकाई जिला चिकित्सा अधिकारी हमीरपुर तथा खंड चिकित्सा अधिकारी नादौन के सहयोग से 30 दिसंबर को निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन कर रहा है। इस शिविर में लोगों के स्वास्थ्य की नादौन अस्पताल के चिकित्सा विशेषज्ञ द्वारा जांच की जाएगी। इस शिविर में स्वयंसेवी बुजुर्ग महिलाओं और पुरुषों को लेने व छोड़ने के लिए सहायता भी करेंगी। यह पहल हमारी एनएसएस गतिविधियों का हिस्सा है और इसका उद्देश्य समुदाय में स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देना है। यह चिकित्सा शिविर महाविद्यालय धनेटा का बुजुर्गों के प्रति स्नेह और पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

### क्षेत्रीय निर्देशक ने अध्यापकों को दिए टिप्स



**अनंत ज्ञान, नादौन।** डीएवी स्कूल भड़ोली में एचपी जोन-डी के अंतर्गत आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला का समापन हो गया है। इस कार्यशाला में विभिन्न डीएवी स्कूलों के 300 से भी अधिक अध्यापकों ने प्रशिक्षक के रूप में प्रशिक्षण लिया। क्षेत्रीय निर्देशक डॉ. वीके यादव ने अध्यापकों को टिप्स दिए। उन्होंने कहा कि इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य बच्चों में अपने विषय के प्रति रुचि बढ़ाना और उनकी समस्याओं को दूर करना था। शिक्षा में गुणात्मक सुधार के लिए निर्णय लिया गया कि हरसंभव प्रयास करके समय के साथ बदलते परिवेश में शिक्षा में बदलाव लाने की परम आवश्यकता है। दव बड़ोली के प्रिंसिपल सुरजीत राणा ने डॉ. यादव के द्वारा बताए गए सुझावों को अपनी दैनिक पाठ योजना में प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। संसाधन व्यक्ति के रूप में डीएवी हमीरपुर के प्रिंसिपल महेंद्र सिंह, देहरा के प्रिंसीपल विश्वास शर्मा, धर्मशाला के प्रिंसिपल विपिन जिश्टू, नरवाना की प्रिंसिपल लता ठाकुर, लड़भडोल के प्रिंसिपल प्रिंस ठाकुर, लझियानी के प्रिंसिपल सुनील कुमार का धन्यवाद किया। इस कार्यशाला में विभिन्न स्कूलों के 300 से अधिक अध्यापकों ने प्रशिक्षक के रूप में प्रशिक्षण लिया।

### स्कूटी चालक से अवैध शराब बरामद

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** थाना सुजानपुर की पुलिस टीम ने गश्त और यातायात चेकिंग पर थी। इस दौरान करीब शाम 4:40 बजे व्यास पुल सुजानपुर के पास एक स्कूटी नंबर एचपी84-7159 को चेकिंग के लिए रोका गया तो उससे 5437 मिलीलीटर देसी शराब बरामद हुई। एएसपी राजेश कुमार ने बताया कि व्यक्ति के मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

### मुठान से 16 वर्षीय लड़का गायब, केस दर्ज

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** थाना सदर हमीरपुर में 16 वर्षीय लड़के का घर से गायब होने का मामला दर्ज किया गया है। यह मामला एक व्यक्ति की शिकायत पर दर्ज किया गया, जो गांव मुठान भ्याला, डाकघर कुठेड़ा, तहसील और जिला हमीरपुर का निवासी है। शिकायत के अनुसार, उनका बेटा घर से लापता हो गया है। एसपी भगत सिंह ठाकुर ने बताया कि शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### 29वीं राष्ट्रीय जूनियर कोर्फबॉल प्रतियोगिता आज से



**अनंत ज्ञान, भोरंज।** 29 दिसंबर से पहली जनवरी 2025 को उत्तराखंड के रुद्रपुर में होने वाली जूनियर राष्ट्रीय कोर्फबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने वाली हिमाचल प्रदेश की टीम शनिवार को रवाना हुई। भारतीय टीम के कोच एवं प्रदेश कोर्फबॉल संघ के कोषाध्यक्ष विनोद ठाकुर ने बताया कि प्रदेश की टीम को अखिल भारतीय कोर्फबॉल संघ के उपाध्यक्ष एवं प्रदेश महासचिव बीआर सुमन ने खिलाड़ियों को अपना आशीर्वाद देकर रवाना किया। हिमाचल प्रदेश की 14 सदस्यीय टीम में प्रियांशी, प्रियंका, प्रीति, सिमरन, नव्या, साक्षी, रिधिमा, कनिष्क, शिवांश, अंशुल, सूजल, आदित्य, शिवांश ठाकुर, व हर्ष को शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश कोर्फबॉल संघ ने सेवानिवृत्त शारीरिक शिक्षक देवदत्त प्रेमी को टीम कोच और गालियां स्कूल के वाणिज्य प्रवक्ता बालकृष्ण शर्मा को टीम मैनेजर बनाया गया है। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश की साक्षी वर्मा रेफरी के रूप में नियुक्ति की गई है। उन्होंने बताया कि सभी खिलाड़ियों का बिलासपुर जिला के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दधोल में प्रशिक्षण शिविर लगाया गया है तथा खिलाड़ियों के नियमों से परिपक्वता बनाया गया है, ताकि मैच के दौरान किसी प्रकार की गलती न करें। प्रदेश के खिलाड़ियों को प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए हौंसले बुलंद हैं।

# हमीरपुर में कई इलाके डूबे अंधेरे में

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**



हमीरपुर शहर के कई इलाके शनिवार देर शाम तक अंधेरे में डूबे हुए हैं। दिन में कई जगह केवल जल गईं तो कहीं तारे टूट गईं। यह सिलसिला बीती रात से ही जारी है। मूसलाधार बारिश के बीच बिजली बोर्ड के कर्मचारियों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वे जैसे ही मरम्मत के काम में जुटते हैं, बारिश अपना रंग दिखाना शुरू कर देती है। इसी वजह से समय पर मुरम्मत नहीं हो पा रही है।



एक्सईएन नरेंद्र अबरोल

यही नहीं, बिजली कर्मचारियों की कमी के कारण भी बोर्ड के अधिकारी परेशानी में हैं, क्योंकि सर्दी के इस मौसम में लोगों की समस्याएं हल नहीं हो पा रही हैं। अब रात भर यदि इलाके अंधेरे में डूबे रहेंगे, तो फिर लोगों की दिक्कतें तो बढ़ेंगी ही। बिजली कब आएगी? किसी को कोई पता नहीं है। डांग कव्वाली और नादौन चौक के इलाके में देर शाम तक भी बिजली बहाल नहीं हुई थी। पूल्ड कॉलोनी में रात से ही बिजली बंद थी। लेकिन शाम ढलने पर यह मशक्कत के बाद बहाल हो गई। वहीं, हमीरपुर के एक्सईएन नरेंद्र अबरोल का कहना है कि दिक्कतें हैं, लेकिन बिजली बोर्ड के कर्मचारी समस्याएं सुलझाने में लगे हुए हैं।

# घुमारवीं का मामला हिंदू-मुस्लिम मुद्दा नहीं बल्कि फेरी और टैक्स की चोरी से है जुड़ा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

हमीरपुर व्यापार मंडल ने हिमाचल के घूमारवीं के मुद्दे पर वहां के व्यापार मंडल की हिम्मत का समर्थन किया है। साथ ही सरकार को इस बात के लिए भी सचेत किया है कि इस मुद्दे को हिंदू मुस्लिम न बनाया जाए। यह फेरी का मामला है। टैक्स की इसमें चोरी है। इसके साथ और भी कई चीजें जुड़ी हुई हैं। व्यापारियों के हितों की यदि सरकार ने रक्षा नहीं की तो व्यापारी हिमाचल में बड़े आंदोलन से पीछे नहीं हटेंगे।

व्यापार मंडल हमीरपुर के अध्यक्ष सुमित ठाकुर ने कहा है कि घुमारवीं में व्यापारियों द्वारा फेरी वालों को रोकना एक राष्ट्रीय मुद्दा बन गया। क्या कारण है कि जब भी व्यापारियों के हितों की बात आती है, तो उसे अनदेखा किया जाता है। ऐसा ही इस बार भी हुआ है। एक व्यापारी जो दुकान पर बैठकर काम कर रहा है जो इस आशा में रहता है कि ग्राहक आएगा और सामान लेकर जाएगा। उसी से उसका सारा खर्च चलता है, पर जब किसी के रोजगार पर चोट पहुंचती है तो उसका तिलमिलाना लाजिमी है। ऐसा ही सभी दुकानदारों का आज की तारीख में देखने को मिल रहा है और इसका एक बड़ा कारण है कि जितने भी फेरी वाले जो घर-घर जाकर हल्के स्तर का सामान बेचते हैं। वे बिना किसी टैक्स की अदायगी के अपना सामान लाते हैं और बेच देते हैं, जो सीधा-सीधा सरकार को टैक्स का नुकसान करते हैं।

**व्यापारियों के हितों को यदि सरकार ने किया अनदेखा तो हिमाचल में होगा बड़ा आंदोलन : सुमित ठाकुर**



अब यह बात सरकार भी नहीं समझ रही कि जितने भी फेरी वाले काम करते हैं, वे सभी टैक्स की चोरी कर रहे हैं और इसके साथ में आए दिन देखने में आ रहा है कि हमारे समाज में नशे को फैलाने में इन फेरी वालों का सबसे बड़ा हाथ है। इसके साथ-साथ जब यह लोग हर घर तक पहुंच रहे हैं, इनके पास हर घर की पूरी जानकारी उपलब्ध रहती है और जिस प्रकार से हमारे हिमाचल में लव जिहाद के केस बढ़ रहे हैं। उनमें भी कहीं न कहीं इन फेरी वालों का बहुत बड़ा हाथ है। व्यापार मंडल ने कहा है कि घुमारवीं व्यापार मंडल के व्यापारियों ने जिस साहस का परिचय दिया है। उसके लिए हम सब उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। यदि सरकार प्रशासन इस गंभीर विषय को लेकर सचेत नहीं हुई तो हिमाचल का आम समाज एक उग्र आंदोलन के लिए विवश हो जाएगा।

# हिमाचल के 30 फीसदी स्कूलों में नहीं खेल के मैदान

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

बिना शारीरिक शिक्षकों के स्कूलों में बच्चों का मानसिक, शारीरिक व बौद्धिक विकास कैसे होगा। बता दें कि बच्चों के समग्र विकास के लिए पढ़ाई के साथ-साथ खेल भी जरूरी है। इसी को ध्यान में रखते हुए शिक्षा विभाग ने हर शनिवार को स्कूलों में अंतर-स्कूल खेल प्रतियोगिता आयोजित करने का आदेश जारी किया है। बच्चों को फिट रखने व समग्र विकास के लिए यह निर्णय लिया गया है। विभाग ने स्कूलों को आदेश तो जारी कर दिए, लेकिन वास्तविकता क्या है इस पर नजर ही नहीं दौड़ाई। हकीकत में हिमाचल के सरकारी स्कूलों में खेल के साथ ही खेल हो रहा है।

**9 साल में नहीं हुई भर्ती, शारीरिक शिक्षकों के हजारों पद खाली**

प्रदेश के 35 फीसदी सरकारी स्कूलों में खेल के मैदान तक नहीं हैं। जहां पर खेल मैदान है वहां पर नाममात्र की सुविधाएं हैं। यही नहीं 9 वर्षों से प्रदेश में शारीरिक शिक्षक के पद की भर्ती ही नहीं हुई है। शारीरिक शिक्षा को विषय के तौर पर पढ़ाया जाता है, कई स्कूलों में शारीरिक शिक्षा विषय शुरू ही नहीं किया गया। सरकार ने स्कूल अपग्रेड तो कर दिए, लेकिन इसमें शारीरिक शिक्षक का पद भरने के लिए 30 फीसदी छात्र संख्या की शर्त लगा दी। ऐसे में यह पद भरे ही नहीं गए। जिसके चलते यहां पर छात्रों को इस विषय को चुनने की भी ऑप्शन नहीं बची। ऐसे में बच्चों में खेलों के प्रति कैसे रुझान बढ़ेगा, ये बड़ा सवाल है। स्कूलों में डीपीई व शारीरिक शिक्षक के पद न भरे जाने से न तो बच्चे खेलों में सक्षम हो पा रहे हैं और न ही मानसिक विकास हो रहा है। मिडल व हाई स्कूलों में पीईटी के 4 हजार के करीब पद रिक्त चल रहे हैं। वैसे तो प्राथमिक स्कूलों में भी एक शारीरिक शिक्षक होना चाहिए। पूर्व अंतरराष्ट्रीय कोच विद्यासागर शर्मा, पूर्व डीपी जगदेव ठाकुर, धर्म चंद, रघुवीर शर्मा आदि ने कहा कि उन्होंने सरकार से मांग उठाई है कि जल्द सभी पदों को भरा जाए, ताकि हर स्कूल में शारीरिक शिक्षक मिल सके।

# आस्था हॉस्पिटल में पांच किलो रसौली निकाल महिला मरीज की बचाई जान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

यहां पक्का भरो में स्थित आस्था हॉस्पिटल में एक महिला मरीज के पेट से 5 किलो की रसौली निकालकर उसकी जान बचाई गई है। महिला मरीज पिछले कुछ दिनों से इस बीमारी को लेकर परेशानी में थी, लेकिन डॉक्टर की टीम ने उसका सफल ऑपरेशन कर रसौली निकाल दी है।



ऑपरेशन के बाद डॉक्टर्स की टीम।

आस्था हॉस्पिटल में डॉ. क्रांति व उनकी टीम ने सूझ-बूझ से मरीज की जान बचाने में कामयाबी हासिल की है। उनका कहना है कि 26 दिसंबर को एक महिला मरीज को आस्था अस्पताल पक्का भरो हमीरपुर में भर्ती किया गया था। जहां उनका निदान फाइब्रॉयड यूटेरस, फैटी लिवर और दाएं किडनी में पथरी के रूप में हुआ। इसके अलावा, मरीज को टाइप 2 डायबिटीज और थायरॉयड की समस्या भी थी।

मरीज की स्थिति को देखते हुए डॉ. क्रांति ने मरीज को तत्काल सर्जरी की सलाह दी। जिसमें महिला के गर्भाशय से पांच किलो रसौली निकाली गई। अब महिला मरीज खतरे से बाहर है।

# डॉ. मनमोहन सिंह को कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी हमीरपुर के पर्यवेक्षक प्रभाकर झा ने भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि डॉ. सिंह आर्थिक सुधारों के प्रणेता और भारत के विकास के आधार स्तंभ थे। उनका नेतृत्व, ईमानदारी और दूरदर्शिता देश को नई ऊंचाइयों पर ले गई।

झा ने डॉ. मनमोहन सिंह की उपलब्धियों को याद करते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में मनरेगा, सूचना का अधिकार, परमाणु समझौता जैसे ऐतिहासिक कदम उठाए गए। इन सुधारों ने देश के लाखों लोगों के जीवन में बदलाव लाया और भारत को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाई। उन्होंने कहा, डॉ. मनमोहन सिंह का जीवन शांति, सेवा और समर्पण का प्रतीक था। उनकी विरासत हमेशा युवाओं को प्रेरित करती रहेगी। उनका निधन देश के लिए अपूरणीय क्षति है।

इस मौके पर केसीसी बैंक के अध्यक्ष कुलदीप पठानिया, कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता प्रेम कौशल, सुमन भारती, नरेश ठाकुर, विक्रम शर्मा, रामचंद्र पठानिया आदि मजबूत रहे।


## OFFICE OF THE MUNICIPAL COUNCIL HAMIRPUR DISTT. HAMIRPUR (H.P.)

### AUCTION NOTICE

It is for the information of General Public that Municipal Council Hamirpur is going to Auction four Nos. Car Parking & Shops in the office of Municipal Council Hamirpur on dated 08-01-2025 at 11:00 A.M. for the period of one year. Car Parking detail is as under :-

| Name of Car Parking | Bid Money | Reserve Price | Period |
|---|---|---|---|
| 1.Car Parking near Boys School Ground W. No.-6 | 20,000/- | 2,95,000/- (+18% GST) | 10/01/2025 to 10/01/2026 |
| 2. Car Parking near Shiv temple W. No.-6 | 20,000/- | 1,25,000/- (+18% GST) | 10/01/2025 to 10/01/2026 |
| 3. Car Parking near MC Rest house Ward No.- 2 | 20,000/- | 1,25,000/- (+18% GST) | 10/01/2025 to 10/01/2026 |
| 4. Pucca Bharo Car Parking Ward No.- 01, near Astha Hospital | 20,000/- | 1,25,000/- (+18% GST) | 10/01/2025 to 10/01/2026 |
| 4. Security amount of car parking will be refunded to highest bidder after completion of contract period without interest. | | | |
| 5. Municipal Shopping complex at Bhota Chowk Hamirpur 14 Nos Shops & 02 Nos Hall (Restaurant). | 20,000/- | | |
| 6. Boys School Stadium Building ward No.-06 Hamirpur= 05 Nos Shops | 20,000/- | | |

7. Security amount for shop will be refunded to highest bidder at the time when he handover MC Shop again to undersigned office without interest. Shop agreement will be done for five year.

**8. Reservation :- (i)** One Shop Shopping Complex building Bhota Chowk for young educated un-employed person. **(ii)** One Shop Shopping Complex building Bhota Chowk for Women. **(iii)** One shop Stadium building for Handicapped person. **(iv)** One shop Stadium building for Ex Service man/Freedom fighter. **(v)** One shop Stadium building for SC/ST. **(vi)** Other shops for General.

**9.** Other shops/stall / Khokha may be also auctioned on the same day. The bid amount will be deposited from 10:00 AM to 5:00 PM on 07-01-2025. The bidder can take part in open Auction process after depositing the bid amount in the undersigned office. Reserve Price, Security amount, Site Plan / Size of Car Parkings, Site Plan / Size of Shops, Other terms and conditions and other information related to bid can be seen in the office of undersigned on any working day. Defaulter bidder / contractor cannot take part in the open Auction at MC Parkings. If the highest bidder does not pay the whole amount of bid within 72 hours (for car parking & for Shop advance rent for the forth coming year) then bid money will be forfeited. For shops rent of six month will be deposited by the highest bidder.

**Executive Officer, Municipal Council, Hamirpur.**


**उम्मीद** — मौसम में सुधार, गेहूं की फसल के लिए यह बारिश होगी वरदान साबित

# जिले में मूसलाधार बारिश, किसानों-बागवानी को राहत

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

लंबे इंतजार और सूखी ठंड के बाद हमीरपुर जिले में शुक्रवार शाम 5 बजे से शुरू हुई बारिश ने किसानों और आम लोगों को बड़ी राहत दी है। यह बारिश न केवल कृषि और बागवानी के लिए वरदान साबित हो रही है, बल्कि लोगों को स्वास्थ्य समस्याओं से भी राहत मिलने की उम्मीद है। तीन महीनों की सूखी अवधि के बाद हुई मूसलाधार बारिश ने फसलों को नई जान दे दी है और तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है।

लगातार बारिश न होने से हमीरपुर में लगभग 50 प्रतिशत फसलें बर्बाद होने की कगार पर थीं, लेकिन इस बारिश ने किसानों को अच्छी फसले होने की उम्मीद जगा दी है।





बारिश में छाता लेकर अपने गंतव्य की ओर जाता राहगीर तथा (दाएं) आग सेंकते लोग।

कृषि विभाग के उपनिदेशक शशि पात्र ने बताया कि यह बारिश फसलों के लिए फायदेमंद साबित होगी। खेतों में नमी बढ़ने से मिट्टी के पोषक तत्वों का स्तर भी सुधरेगा, जिससे फसलों के साथ-साथ बागवानी की गुणवत्ता और पैदावार में सुधार होगा।

वहीं, सूखी ठंड के कारण जिले में सर्दी-जुकाम और सांस संबंधी बीमारियों के मामलों में वृद्धि हुई थी। जिला अस्पताल में मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही थी। बारिश के बाद तापमान में गिरावट और वातावरण में नमी से इन बीमारियों के मामलों में कमी आने की उम्मीद है। मौसम विभाग ने संकेत दिए हैं कि आने वाले दिनों में हल्की से मध्यम बारिश जारी रहेगी, जिससे कृषि क्षेत्र को और लाभ मिलेगा। यह बारिश हमीरपुर जिले के किसानों और आम लोगों के लिए एक नई उम्मीद लेकर आई है। (अनंत ज्ञान)

### किसानों के चेहरों पर लौटी मुस्कान

**हमीरपुर** के किसानों ने इस बारिश को वरदान मानते हुए राहत की सांस ली है। उनकी गेहूं और अन्य फसलों की स्थिति अब सुधरने लगी है। स्थानीय बाजारों में लोग दिनभर बारिश के बीच गर्म चाय और आग का सहारा लेते नजर आए।

## न्यूज ब्रीफ

### प्रदेश उच्च न्यायालय के नए मुख्य न्यायाधीश आज लेंगे शपथ



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के नए मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति जीएस संधवालिया 29 दिसंबर को प्रातः करीब साढ़े 11 बजे शपथ लेंगे। इस अवसर पर राजभवन में सादा समारोह आयोजित किया जाएगा। वर्तमान में न्यायमूर्ति तरलोक सिंह चौहान प्रदेश उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश का पदभार संभाल रहे हैं, वहीं न्यायमूर्ति जीएस संधवालिया पंजाब व हरियाणा हाईकोर्ट के न्यायाधीश के रूप में सेवारत थे।

### राजधानी में 21 वर्षीय युवक ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

**शिमला।** राजधानी शिमला में एक युवक द्वारा फंदा लगाकर आत्महत्या करने का मामल सामने आया है, जिससे सनसनी फैल गई है। घटना की जानकारी लोगों ने पुलिस को दी, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा और मामले की जांच शुरू कर दी। मृतक युवक की उम्र 21 साल है और वह उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। वह उपमंडल ठियोग के छैला में मोटर मैकेनिक का काम करता था। जांच अधिकारी ने बताया कि पुलिस चौकी प्रभारी टीम के साथ मौके पर रवाना हुए। टीम ने मौके पर पहुंच कर पाया कि युवक का शव फंदे से लटक रहा था।, जिसकी पहचान विकल पुत्र सुरेश निवासी बैसोया दुबे कपुरबा, डाकघर बाधार, तहसील व जिला अमेठी, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम करवाने के बाद परिजनों के हवाले कर दिया। साथ ही बीएनएस की धारा 194 के तहत कार्रवाई शुरू कर दी है।

### जंगल कटान जांच करने भाजपा समिति आज जाएंगी धर्मपुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** जिला मंडी के धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत बहरी के अर्न्तगत गांव बहरी में अवैध रूप से बालन के लिए भारी मात्रा में जंगल का कटान हुआ है। भारतीय



जनता पार्टी ने इस मामले को लेकर 24 दिसंबर को सही तथ्य इक्टठा करने हेतु एक तीन सदस्यीय कमेटी गठित की गई है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष द्वारा लिखे गए पत्र के अनुसार इस कमेटी को मौके पर जाकर तथ्यों की सारी जानकारी प्राप्त करने के बाद 10 दिनों में अपनी रिपोर्ट भारतीय जनता पार्टी को सौंपनी है। पार्टी द्वारा इस समिति के अध्यक्ष सतपाल सिंह सत्ती विधायक, समिति सदस्य सुखराम चौधरी विधायक एवं बलवीर सिंह वर्मा विधायक को बनाया गया था। समिति के अध्यक्ष सतपाल सत्ती ने बताया कि यह समिति 29 दिसंबर को भाजपा धर्मपुर कार्यालय में प्रातः10 बजे पहुंच जाएगी। उसके उपरांत समिति के सभी सदस्य स्पॉट पर जाकर स्थिति का जायजा लेंगे। यह एक फैक्ट फाइंडिंग समिति भी है इसलिए हम जनता से आग्रह करते है कि कोई भी व्यक्ति इस प्रकरण से जुड़े किसी भी प्रकार का प्रमाण समिति को देना चाहे तो दे सकता है, यह समिति जनता से सीधा जुड़ने का काम करेगी। सत्ती ने बताया कि बालन के लिए जो पेड़ काटे गए हैं, जानकारी मिली है कि उसकी विधिवत अनुमति वन विभाग से प्राप्त नहीं की गई है। यह भी मालूम पड़ा है कि बालन के लिए जो लकड़ी काटी गई, उसमें वो पेड़ भी शामिल है,जिनको काटना प्रतिबंधित है। अभी हाल ही में सम्पन्न हुए विधान सभा सत्र के दौरान इस विषय को विपक्ष द्वारा उठाया गया था। समिति द्वारा धर्मपुर में एक प्रेस वार्ता को भी संबोधित किया जाएगा, जिसका आयोजन दोपहर बाद किया जाएगा।

### धार्मिक एवं व्यक्तिगत कार्यक्रमों में आग्नेय शस्त्रों का उपयोग वर्जित

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** उपमंडलाधिकारी रोहड़ू विजय वर्धन सारस्वत ने उपमंडल रोहड़ू की जनता को सुचित करते हुए बताया है कि रोहड़ू क्षेत्र में धार्मिक एवं व्यक्ति गत कार्यक्रमों के दौरान आग्नेय शस्त्रों का अनधिकृत एवं असुरक्षित उपयोग काफी अधिक देखा गया है, जिसमें प्रशासनिक सख्ती जरूरी है। वर्तमान में सेब सीजन समाप्त हो गया है। फिर भी काफी लोग व्यक्ति गत व धार्मिक आयोजनों में फसल सुरक्षा के लिए दिए गए शस्त्रों का अनाधिकृत उपयोग व प्रदर्शन कर रहे है,जो पूरी तरह से अवैध, असुरक्षित एवं अस्वीकार्य है। इस संबंध में एसडीएम रोहड़ू ने सभी शस्त्र धारकों को अंतिम चेतावनी जारी करते हुए बताया है कि निकट भविष्य में वे किसी भी प्रकार के व्यक्ति गत व धार्मिक कार्यों में आग्नेय शस्त्रों का गैर-कानूनी उपयोग या प्रदर्शन न करें। विशेषकर आगामी भुंडा महायज्ञ के दौरान ऐसी अवैध गतिविधियों पर पुलिस एवं प्रशासन की सख्त नजर रहेगी।

### कालका-शिमला एनएच पर 47 लाख महंगा बिका सनवारा टोल

**शिमला।** कालका-शिमला नेशनल हाईवे-पांच का पहला सनवारा टोल प्लाजा पिछले बार के मुकाबले 47 लाख रुपए रुपये महंगा बिका है। अब नई कंपनी टोल क्लेक्शन का कार्य 11 जनवरी से शुरू करेगी। अभी तक सनवारा टोल को आशीमा रोड कैरियर कंपनी टोल वसूल रही है। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण शिमला की ओर से पिछले टेंडर का समय पूरा होने के बाद फिर नीलामी की गई। अब टोल प्लाजा कंपनी ने 40.62 करोड़ रुपए की बिड खोली है और आशीष अग्रवाल कंपनी के नाम टेंडर हुआ है। टेंडर में नौ कंपनियों ने भाग लिया था। इसमें पहले दो कंपनियों ने अधिक रेट भरे, लेकिन इसमें एक ही कंपनी चयनित हुई। इस कंपनी ने सबसे अधिक रेट भरे थे, जबकि पिछली बार आशीमा रोड कैरियर कंपनी ने 40.15 करोड़ में सनवारा टोल प्लाजा का टेंडर लिया था। अब नई कंपनी और एनएचएआई के बीच औपचारिकताओं को पूरा किया जा रहा है।

### रिज पर सजे स्टॉलों में फिर घुसा पानी, मौके पर पहुंचे मेयर सुरेंद्र



**शिमला।** राजधानी के ऐतिहासिक रिज मैदान पर विंटर कार्निवाल के लिए लगाए गए स्टॉलों में फिर बारिश का पानी घुस गया। इससे कई दुकानदारों का सामान खराब हो गया। शिकायत के बाद मेयर सुरेंद्र चौहान शनिवार दोपहर बाद खुद मौके पर पहुंची और दुकानदारों की शिकायतें सुनीं। दुकानदारों ने दुकानों में घुसा पानी मेयर को दिखाया और कहा कि उनका काफी सामान खराब हो गया है। बारिश के कारण पूरी जगह तालाब बन रही है जिससे कारोबार भी ठप हो गया है। यहां शहर के कारोबारियों और स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने स्टॉल लगाए हैं। दुकानदारों ने मेयर से मांग की कि स्टॉलों का किराया घटाया जाए। महापौर ने दुकानदारों की शिकायतों के बाद तुरंत निगम टीम को मौके पर बुलाया और पानी साफ करवाया। हालांकि, बारिश के कारण परिसर में फिर पानी जमा हो गया।

# बर्फबारी से 27 लिंक रोड, 15 ट्रांसफार्मर ठप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

अपर शिमला के नारकंडा, चौपाल के खिड़की और डोडरा क्वार सहित अन्य क्षेत्रों में रूक-रूक कर बर्फबारी का दौर शनिवार को भीजारी रहा। बर्फबारी के चलते अपर शिमला में 27 लिंक रोड, 15 ट्रांसफार्मर, 25 पेयजल योजनाएं प्रभावित हुई, जिसके चलते लोगों को परेशनियों का सामना भी करना पड़ रहा है। बर्फबारी के चलते लिंक रोड देहा चौपाल 5, रोहडू में 5, रामपुर 5, कुमारसैन 2, डोडरा क्वार 4, कुपवी 1 और जुब्बल में 5 रोड बंद हुए है। जुब्बल में 15 ट्रांसफार्मर ठप्प पड़े है। इसके अलावा जुब्बल में 23 और कुमारसैन में 2 पेयजल योनाए प्रभावित हुई है। हालांकि सड़कों को बहाल करने का कार्य जोरो पर चला है, लेकिन बार बाबर हो रही बर्फबारी ने प्रशासन और विभाग की भी परेशानियां बढ़ा दी हैं। रोड को बहाल करने के लिए प्रशासन का कार्य युद्ध स्तर पर चला है। सबसे बड़ी बात है कि नारकंडा को भी वाहनों की आवाजाही के लिए बहाल कर दिया गया है, लेकिन फिसलन ज्यादा है। वहीं बिजली विभाग द्वारा भी बिजली को बहाल करने के लिए कड़ी मेहनत की जा रही है। बारिश और बर्फबारी के बीच कर्मचारी फिल्ड पर डटे हुए है।




**जानिए रोड की स्थिति।** वहीं प्रशासन का कहना है कि नेशनल हाईवे 5 (शिमला से रामपुर) नारकंडा क्षेत्र में बर्फबारी और फिसलन के कारण अवरुद्ध है। शिमला से रामपुर आने जाने के लिए सैंज लुहरी सुन्नी मार्ग का प्रयोग करें। नेशनल हाईवे 705 (ठियोग से हाटकोटी) सभी प्रकार के वाहनों के लिए खुला है। 205 (शिमला से बिलासपुर) सभी प्रकार के वाहनों के लिए खुला है। स्टेट हाईवे 8 (देहा चौपाल) खिड़की के पास अवरुद्ध है। स्टेट हाईवे 13 (शिमला-सुन्नी-तत्तापानी) सभी प्रकार के वाहनों के लिए खुला है। शिमला शहर की सभी सड़कें हर प्रकार के वाहनों के लिए खुली है।

**प्रशासन ने दी यह सलाह।** सड़क में फिसलन के कारण कृपया सुबह जल्दी और देर रात के समय यात्रा करने से बचें। किसी भी प्रकार की प्राकृतिक आपदा घटना की स्थिति में जिला आपदा प्रबंधन परिचालन केंद्र, शिमला के दूरभाष नंबर 0177-2800880,881,882,883 एवं 1077 (ज्वसस थ्तमम) पर सूचित करे।




**शिमला में पर्यटकों की बड़ी संख्या।** शिमला में विकेंड पर पर्यटकों की संख्या बढ़ गई है, जिसके चलते शहर में जाम की समस्या भी बढ़ गई है। पर्यटक बर्फ देखने की चाह में शिमला का रूख कर रहे हैं। होटलों में ऑक्यूपेंसी भी 80 से 90 प्रतिशत चली हुई है।

## चांशल घाटी में फंसे 8 व्यक्तियों का रेस्क्यू

**दशमी रावत, रोहड़ू**

चांशल घाटी में बर्फीले तूफान में फंसे 8 व्यक्तियों को लोक निर्माण विभाग मंडल डोडरा क्वार की टीम ने सुरक्षित रेस्क्यू कर लडोट पहुंचाया। उल्लेखनीय है कि यह रैस्क्यू अभियान 27 दिसंबर को रातभर चलता रहा। ये सभी 8 व्यक्ति अलग-अलग गाड़ियों में सवार होकर, जिसमें एक जिप्सी, एक स्कारपियो और एक पिकअप में चांशल घाटी में बर्फिले तूफान में फंस गए थे, जिसमें दो गाडियां जिप्सी व पिकपअ डोडरा क्वार से रोहडू की ओर आ रही थी।



वही स्कार्पियो में सवार होकर लोग रोहडू से चांशल घाटी घुमने गए हुए थे। लोक निर्माण विभाग मंडल डोडरा क्वार की टीम को जैसे ही उनके चांशल घाटी में फंसे होने की सुचना मिली तो शुक्रवार शाम चार बजे के करीब लोनिवि की टीम दो जेसीबी मशीनों की सहायता से बर्फ हटाते हुए चांशल घाटी तक पंहुची। लगातार 12 घंटों से अथक प्रयास करते हुए शनिवार सुबह 7 बजे तक सभी 8 व्यक्तियों को सकुशल लडोट पहुंचाया गया। लोक निर्माण विभाग मंडल डोडरा क्वार के अधिशाषी अभियंता नरेंद्र नायक ने बताया कि सभी 8 व्यक्तियों को रैस्क्यू कर सुरक्षित पहुंचाया गया है। (अनंत ज्ञान)

## सुक्खू ने की श्रद्धांजलि अर्पित



हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू एआईसीसी मुख्यालय, नई दिल्ली में पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय डॉ. मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए।

## देश हर क्षेत्र और वर्ग को साथ लेकर आगे बढ़ रहा: बरागटा

**भरत ठाकुर, कोटखाई।** भाजपा प्रवक्ता चेतन सिंह बरागटा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में देश में समावेशी विकास और संतुलित प्रगति का नया अध्याय लिखा जा रहा है।

उन्होंने बताया कि ग्रामीण भारत में 2011-12 में प्रति व्यक्ति मासिक खर्च 1,430 रुपए था, जो 2023-24 में बढ़कर 4,122 रुपए हो गया है। यह 188 प्रतिशत की वृद्धि ग्रामीण भारत की आर्थिक मजबूती और बेहतर जीवन स्तर का परिचायक है। शहरी भारत में 2011-12 में प्रति व्यक्ति मासिक खर्च 2,630 रुपए था, जो 2023-24 में बढ़कर 6,996 रुपए हो गया। 166 प्रतिशत की यह बढ़ोतरी शहरी विकास की तेज रफ्तार को दर्शाती है।

## कांग्रेस सरकार के होते नहीं बना पाए स्वर्गीय नरसिम्हा राव का कोई स्मारक : सुधीर शर्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भाजपा के विधायक सुधीर शर्मा ने कहा की इसमें कोई संदेह नहीं कि मनमोहन सिंह एक महान आत्मा और प्रधानमंत्री थे।



कांग्रेस उनके स्मारक की मांग कर रही थी, जिसे भाजपा की केंद्र सरकार ने भी स्वीकार कर लिया, लेकिन जब पीएम नरसिम्हा राव का 23 दिसंबर 2004 को निधन हुआ, उस समय मनमोहन सिंह देश के प्रधानमंत्री थे और कांग्रेस सत्ता में थी, फिर भी उनके पार्थिव शरीर को कांग्रेस भवन में रखने की अनुमति नहीं दी गई और न ही अंतिम संस्कार दिल्ली में किया गया।

उनके पार्थिव शरीर को दक्षिण भारत भेज दिया गया, जहां अंतिम संस्कार हुआ।

सुधीर शर्मा ने कहा कि दिल्ली में तत्कालीन प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव का कोई स्मारक भी नहीं है, जब कांग्रेस सत्ता में थी और उनके अपने पार्टी के प्रधानमंत्री का निधन हुआ, तब ऐसा क्यों नहीं किया गया?

उन्होंने कहा कि राहुल गांधी का आर्डिनेंस फाड़ना और तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का अपमान करना देश की जनता भूली नहीं है। जिस प्रकार से गांधी परिवार के सभी नेताओं ने देश के गैर-गांधी परिवार के प्रधानमंत्रियों के साथ व्यवहार किया है वह जगजाहिर जनता सब जानती और समझती है, कांग्रेस नेता के समय-समय पर क्या क्या किया है वह छुपा नहीं है।

## हिमाचल के प्रगतिशील किसानों को किया सम्मानित

**महेंद्र कुमार, सुन्नी**

सुब्रमंयम ऑडिटोरियम पृथ्वी ट्रेनिग हाल एनएएससी कॉम्प्लेक्स न्यू दिल्ली में कृषि विभाग, आरआरए नेटवर्क, वाशन के सहयोग से कृषि विभागीय अधिकारी वर्ग, साइंटिस्ट, रिसर्चर व किसानों के बीच एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भारत सरकार में कृषि विभाग के मुख्य सचिव देवेश चतुर्वेदी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

एनआरआरए हैदराबाद ने जलवायु आधारित कृषि के लिए पारंपरिक माध्यम से वर्षा आधारित क्षेत्रों में कृषि जैव विविधता को पुनर्जीवित करने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित कार्यशाला में डॉक्टर पंकज शाह डायरेक्टर एग्रीकल्चर हॉर्टिकल्चर एनआरआरए, डॉक्टर सब्यसाची नेशनल कोऑर्डिनेटर आरआरए नेटवर्क हैदराबाद, डॉक्टर ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह डायरेक्टर आईसीएआर, डॉक्टर केएस वारा प्रसाद फॉर्मर डायरेक्टर तथा भाग्यलक्ष्मी और डॉक्टर शैलजा ने मुख्य रूप से हिस्सा लिया। इस दौरान पूरे



भारत से प्रगतिशील किसानों को भी आमंत्रित किया गया।

हिमाचल से पद्मश्री नेकराम शर्मा करसोग नेचुरल फॉर्मर प्रोड्यूसर कंपनी के निदेशक मंडल के सदस्य सोम कृष्ण गौतम, कलादेवी तथा त्वारकु देवी सहित रीना कुमारी, आयशा को इसी कार्यक्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित भी किया गया। कार्यशाला में हिस्सा ले रहे हिमाचल के प्रगतिशील किसानों द्वारा प्राकृतिक उत्पादों को भी प्रदर्शित किया गया और उपस्थित अन्य विभागीय अधिकारियों द्वारा प्रदर्शित उत्पादों को खो सराहा और प्रदर्शित उत्पादों के बीजों के संरक्षण के लिए प्रेरित भी किया। कार्यक्रम के दौरान हिमाचल के किसानों ने अपने अनुभव भी साझा किए। इस दौरान बीज संरक्षकों को उनके संरक्षण कार्य के लिए मान्यता देने की आवश्यकता, बीज बैंक, सिंचाई, बाड़ लगाने आदि के लिए बुनियादी ढांचे का समर्थन, विभिन्न किस्मों के लिए अलग-अलग न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) प्रदान करना,जलवायु अनुकूलन के लिए स्थानीय किस्मों पर सहयोगी अनुसंध, किसानों को देश के स्थानीय बीज भंडार की आवश्यकता है, एनबीपीजीआर द्वारा किसानों को डीयूएस,प्रमाणीकरण और पारंपरिक किस्मों की शुद्धता को बनाए रखने के तकनीकों पर प्रशिक्षण, हिमालय क्षेत्र में जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के कारण स्थानीय फसल किस्मों को बढ़ावा देना, जलवायु संवेदनशील क्षेत्रों के लिए स्थानीय बीज प्रणाली विकसित करना, दूरस्थ, पहाड़ी और आदिवासी क्षेत्रों में स्थानीय बीजों के संरक्षण, प्रत्येक प्रभाग या इकोरीजन में अनुकूलित करना, फसल अनुसंधान स्टेशन स्थापित करना तथा प्राकृतिक खेती के लिए स्थानीय बीजों की आवश्यकता जैसे मुद्दों पर गहनता से चर्चा की गई तथा इन विषयों पर विचार विमर्श किया गया। (अनंत ज्ञान)

## डिग्री कॉलेज चायल कोटी में एनएसएस शिविर का समापन



**अनंत ज्ञान, जुन्गा ( शिमला )**

डिग्री कॉलेज चायल-कोटी में सात दिनों से चल रहे एनएसएस के कैंप का शनिवार को समापन हो गया। रोटरी क्लब, क्वीन हिल्स, शिमला से माला सिंह, गुरप्रीत सिंह एवं नीलम गुप्ता ने समापन कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इन्होंने विद्यार्थियों को ज्ञानवर्धक बहुमूल्य पुस्तकें उपहार स्वरूप भेंट की गई।

कॉलेज प्राचार्या डॉ. दीपशिखा भारद्वाज ने बताया कि सात दिवसीय इस शिविर के दौरान एनएसएस इकाई चायल-कोटी द्वारा स्वयंसेवियों ने एक विशेष दिनचर्या का पालन करते हुए अनेक गतिविधियां संपन्न की। प्रत्येक दिन की शुरुआत सुबह प्रार्थना से होती थी, उसके बाद सभी स्वयंसेवी महाविद्यालय में सफाई तथा अन्य आवश्यकता के कार्य पूरे करते थे। उसके बाद विभिन्न क्षेत्रों के विषय-विशेषज्ञों के व्याख्यान सुनते थे।

इस विशेष कैंप में प्रबुद्ध वक्ताओं के तौर पर ओपी शर्मा, डीएसपी शक्ति सिंह, डॉ. राकेश चौहान, राजेश भाटिया, डॉ. प्रियंका आजाद ने विशेष रूप से इस शिविर में स्वयं सेवियों को विभिन्न विषयों बारे जानकारी दी।

**गुड न्यूज** — कुल्लू जिले में प्रस्तावित जलोड़ी जोत टनल की मिली अलाइनमेंट अप्रूवल : जयराम ठाकुर

# जलोड़ी जोत टनल बनने से पर्यटन को मिलेगी नई पहचान

**अनिल शर्मा, मंडी**

पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कुल्लू जिला में प्रस्तावित जलोड़ी जोत टनल की अलाइनमेंट अप्रूवल के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नीतिन गड़करी का आभार जताया है।

मंडी में जयराम ठाकुर ने मीडिया को दिए बयान में कहा कि जिस उदारता के साथ केंद्र पहाड़ी राज्य हिमाचल की बिना भेदभाव के वित्तीय सहायता कर रहा है,उससे प्रदेश में विकास को गति मिल रही है, लेकिन राज्य सरकार न तो इस सहयोग के लिए आभार तक जता पा रही है और न कोई बड़े प्रोजेक्ट के लिए प्रपोजल तक भेज पा रही है। मुख्यमंत्री सिर्फ श्रेय लेने की होड़ में लगे रहते हैं। आज कल इसी इंतजार में बैठे हुए हैं कि कब पूर्व भाजपा सरकार के शुरू किए कार्य पूर्ण हो और कब उनके उद्घाटन किए जाएं। हैरानी होती है कि भुभू जोत टनल को जब रक्षा मंत्रालय ने सामरिक दृष्टि से जरूरी बताया तो मुख्यमंत्री कह रहे हैं कि मैंने ये मामला प्रमुखता से उठाया जबकि असलियत तो ये है कि



सर्किट हाउस में पूर्व सांसद स्व. रामस्वरूप शर्मा का परिवार शिष्टाचार भेंट करते हुए।

इस मामले को हमने केंद्र के समक्ष कई बार उठाया है। उन्होंने कहा कि जलोड़ी जोत टनल बन जाने से बंजार और आनी क्षेत्र वर्ष भर आपस में जुड़े रहेंगे और इससे यहां के पर्यटन को भी नई पहचान मिलेगी।

उन्होंने बताया कि यह टनल 4.2 किमी की होगी और इस पर एक हजार करोड़ की धनराशि खर्च की जाएगी। यहां सोझा गांव के लोगों ने टनल को गांव के नीचे से न बनाने की बात कही थी जिसे भी केंद्र सरकार ने सहर्ष स्वीकारते हुए इसकी अलाइनमेंट में बदलाव कर दिया है।

अब यह टनल गांव के हटकर बनाई जाएगी। मैंने गांव जाकर उनकी बात सुनी थी और एन एच 305 की औट से लेकर लुहरी तक दशा सुधारने के साथ टनल निर्माण जल्द करने की मांग उठाई थी। उन्होंने कहा कि इसके बाद सड़क परिवहन मंत्री नीतिन गड़करी ने लोकसभा चुनावों के दौरान आनी में टनल निर्माण की घोषणा की थी और बतौर सीएम उन्होंने केंद्र के समक्ष इस विषय को रखा था।

अब केंद्र से इसकी अलाइनमेंट अप्रूव हुई है। जल्द ही इसकी डीपीआर बनेगी और फिर बजट प्रावधान के साथ ही इसका कार्य शुरू कर दिया जाएगा। बता दें कि अभी कुल्लू जिला का आनी क्षेत्र सर्दियों के मौसम में जलोड़ी पास पर बर्फबारी के कारण जिला मुख्यालय से कट जाता है, लेकिन टनल बन जाने के बाद यह इलाका वर्ष भर जिला मुख्यालय के साथ जुड़ा रहेगा। जयराम ठाकुर ने कहा कि केंद्र सरकार ने मंडी और कुल्लू जिलों को जोड़ने के लिए बनने वाली भूभूजोत टनल निर्माण को भी मंजूरी दे दी है।

यह टनल जहां सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण होगी वहीं इससे दोनों जिलों के पर्यटन कारोबार को भी नई पहचान मिलेगी। सर्किट हाउस में पूर्व सांसद स्व. रामस्वरूप शर्मा का परिवार भी पूर्व मुख्यमंत्री से मिलने पहुंचा था।

पूर्व मुख्यमंत्री से मिलने पहुंचे बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी ने कहा कि वर्षों से इस टनल निर्माण की राह बंजार और आनी सराज की जनता देख रही है। अब पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के प्रयासों से इसको मूर्त रूप मिलने जा रहा है।

उन्होंने कहा कि पिछले दिनों पुराने एलाइनमेंट को लेकर सोझा के ग्रामीणों की कुछ आपत्ति थी जिसे जयराम ठाकुर ने गांव आकर ही सुना और अब लोग नई एलाइनमेंट से खुश हैं। मैं इसके लिए केंद्र सरकार और पूर्व मुख्यमंत्री का आभारी हूं। (अनंत ज्ञान)

## शाही महात्मा गैंग के 7 गुर्गे पकड़े

**शिमला।** राजधानी शिमला में नशा तस्करों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई जारी है। ताजे मामले में शिमला पुलिस ने शाही महात्मा गैंग के 7 गुर्गे और पकड़ लिए है। तीन आरोपियों से तो चिट्टा भी बरामद हुआ है। पुलिस ने अब तक जिला में 5 नशा तस्कर गैंगों का भंडा फोड़ कर दिया है, जिसमें 4 लोगों से 10 ग्राम चिट्टा जबकि 4 गैंग के अन्य सदस्यों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने पुलिस थाना देहा के अंतर्गत तीन चिट्टा तस्करों को गिरफ्तार किया है, जिनसे 10.83 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ है। आरोपियों की पहचान अंकुश कुमार,ऋषभ नेगी व लकी ठाकुर के रूप के हुई है।

तीनों आरोपी शिमला जिला के ही रोहड़ू क्षेत्र के रहने वाले है। वहीं पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने 4 अन्य लोगों को भी गिरफ्तार किया है। यह सभी शाही महात्मा गैंग के सदस्य है। पुलिस ने गिरफ्तार किए आरोपियों की पहचान दिनेश कुमार, जगदीप सिंह, विनय और अभिमन्यु के रूप में हुई है यह चारों शिमला जिला के रोहड़ू क्षेत्र से सबंध रखते है। डीएसपी ठियोग सिद्धार्थ शर्मा ने बताया कि पूरे जिला में ऑपरेशन क्लीन जारी है।

# शिमला विंटर कार्निवाल



शिमला विंटर कार्निवाल में भाग लेता कांगड़ा जिले का सांस्कृतिक दल। (फाइल फोटो)


कुल्लू जिले का सांस्कृतिक दल। (फाइल फोटो)



शिमला जिले का सांस्कृतिक दल। (फाइल फोटो)



सोलन जिले का सांस्कृतिक दल। (फाइल फोटो)



कुल्लू जिले का सांस्कृतिक दल। (फाइल फोटो)


शिमला विंटर कार्निवाल में भाग लेता एक सांस्कृतिक दल। (फाइल फोटो)



हमीरपुर जिले का सांस्कृतिक दल। (फाइल फोटो)



ऊना जिले का सांस्कृतिक दल। (फाइल फोटो)

## विश्व धरोहर कालका-शिमला रेलमार्ग

विश्व धरोहर कालका-शिमला रेलमार्ग प्रदेश के पर्यटन को अलग पहचान दिलाता है। इस रेलमार्ग से देश-विदेश के पर्यटक कालका से सोलन होते हुए शिमला पहुंचते हैं। इस दौरान पहाड़ों को चीरते हुए हरी-भरी वादियों के बीच छुक-छुक दौड़ती रेलगाड़ी का सफर रोमांचभरा रहता है। सर्दियों और गर्मियों में यहां अलग-अलग नजारे देखने को मिलते हैं, जिनका पर्यटक जमकर लुत्फ उठाते हैं।


बर्फ से लदे विश्व धरोहर कालका-शिमला रेलमार्ग पर छुक-छुक कर चलती रेलगाड़ी।



बड़ोग रेलवे स्टेशन।

## चूड़धार श्री शिरगुल महाराज



हिमाचल प्रदेश के सिरमौर, शिमला, सोलन और उत्तराखंड के देहरादून के लोगों के लिए इस चोटी का बहुत धार्मिक महत्व है। चूड़धार श्री शिरगुल महाराज (चुरेश्वर महाराज) से संबंधित एक पवित्र स्थान है, जो सिरमौर और चौपाल में व्यापक रूप से पूजे जाने वाले देवता हैं। चूड़धार, जिसे आमतौर पर चूड़ीचांदनी (बर्फ की चूड़ी) के रूप में जाना जाता है, इस क्षेत्र में सबसे शानदार और सुंदर परिदृश्यों में से एक है। शिखर से दक्षिण की ओर तराई के विशाल क्षेत्र और उत्तर की ओर गढ़वाल क्षेत्र में बद्रीनाथ और केदारनाथ की चोटियों सहित बर्फ से ढकी पर्वतमालाओं का नजारा दिखता है। अभी यहां पर 5 फुट से ज्यादा बर्फ पड़ी है।

## धार्मिक कार्यक्रम


ऊना। राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी के दर्शन के लिए एक धार्मिक कार्यक्रम में पहुंचे श्रद्धालु।

## न्यूज ब्रीफ

### पेड़ गिरने से देहरा-होशियारपुर मार्ग बाधित



**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** विद्युत उपमंडल ढलियारा में शनिवार दोपहर सर्दियों की पहली बारिश में ढलियारा एनएच 503 देहरा-होशियारपुर पर अचानक सड़क किनारे आम का पेड़ गिर जाने से यह मार्ग करीब 2 घंटे वाहनों की आवाजाही के लिए बंद हो गया। सड़क के बीचों-बीच पेड़ गिरने से बिजली का एक खंभा टूट गया। बिजली की तारे सड़क पर गिरने से रास्ता बंद रहा, इस कारण ढलियारा क्षेत्र में बिजली आपूर्ति भी ठप रही। उधर, ढलियारा विद्युत विभाग के सहायक अभियंता मनीष संधू का कहना है बारिश की वजह से सड़क के बीचों-बीच आम का पेड़ गिरा है, जिससे विद्युत विभाग का एक बिजली का खंभा और आधा किलोमीटर तक विद्युत लाइन टूट गई है। शीघ्र बिजली बहाल की जाएगी।

### प्रताप वर्ल्ड की प्राची ने साधा स्वर्ण पर निशाना

**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** प्रताप वर्ल्ड स्कूल की प्रिंसिपल रेणु परमार व एमडी डॉ. रिचा



महाजन की अध्यक्षता में 11वीं कक्षा की छात्रा प्राची ने राज्य स्तरीय तीरांदाजी में स्वर्ण पदक प्राप्त किया और नेशनल तीरंदाजी में अपना चयन करवाया। स्कूल की छात्रा ने तीरंदाजी में स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रिंसिपल रेणु परमार ने बताया कि हमारे विद्यालय की होनहार छात्रा प्राची ने हाल ही में आयोजित जूनियर तीरंदाजी में स्वर्ण पदक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। यह उपलब्धि न केवल छात्रा की कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम है, बल्कि विद्यालय की खेलों के प्रति दी जा रही प्रेरणा और समर्थन का भी प्रमाण है। प्रधानाचार्या रेणु परमार ने कहा कि छात्रा प्राची हमारे स्कूल के छात्रों के लिए एक प्रेरणा है कि अगर मेहनत और दृढ़ निश्चय हो, तो किसी भी क्षेत्र में सफलता हासिल की जा सकती है।

### बसों की आमने-सामने टक्कर में दो लोग घायल



**भूषण शर्मा , नूरपुर।** शनिवार को एचआरटीसी बस व निजी बस में आमने-सामने जोरदार टक्कर होने से दो लोग घायल हो गए, वहीं बसों को भारी नुकसान पहुंचा है। मामले की पुष्टि करते हुए डीएसपी नूरपुर विशाल वर्मा ने बताया कि निगम की बस नूरपुर से वाया खैरियां बेहिपठियार रूट पर जौंटा जा रही थी और निजी बस से जौंटा से नूरपुर जा रही थी। दोनों बसे आमने-सामने टकराई गई। गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। विशाल वर्मा ने बताया कि जैसे ही पुलिस को सूचना मिली पुलिस मौके पर पहुंची और पुलिस द्वारा बंद पड़े रास्ते को खुलवाया। जानकारी के अनुसार सभी यात्री सुरक्षित हैं। दो यात्रियों को मामूली खरोंचें आई हैं। निगम की बस में एक यात्री तथा निजी बस में 8 से 10 सवारियां मौजूद थीं। (अनंत ज्ञान)

### बारिश के पानी के साथ सड़क पर आई गंदगी

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** केंद्र व प्रदेश सरकार हर वर्ष स्वच्छता पर लाखों क्या करोड़ों रुपए खर्च कर रही है, लेकिन उपमंडल फतेहपुर के रैहन में अभी भी स्वच्छता कोसों दूर है। इसका ताजा उदाहरण शनिवार सुबह कस्बा रैहन के तहत पड़ती रैहन-भरमाड़ सड़क पर देखने को मिला, जहां पर हो रही बारिश कारण बारिश के पानी के साथ गंदगी भी सड़क पर बहने लगी। इसे देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि उक्त क्षेत्र के प्रतिनिधि व आम लोग स्वच्छता से कितना करीबी नाता रखते हैं।

### दिल्ली से आया विमान पठानकोट से लौटा

**अनंत ज्ञान, गगल।** बारिश और ठंड के चलते सभी विमान दिल्ली से गगल एयरपोर्ट पर लैंड हुए। परंतु इंडिगो का विमान दिल्ली से तो आया, परंतु कुछ कम विजिबिलिटी होने के कारण पठानकोट से ही हवा में घूमता हुआ चंडीगढ़ में लैंड हुआ। वहीं, गगल एयरपोर्ट के मौसम विभाग के प्रभारी विपिन शर्मा ने बताया कि आज रात से लेकर सुबह साढ़े आठ बजे तक 26.8 मिलीमीटर वर्षा हुई और सुबह साढ़े आठ बजे से लेकर शाम 2.30 बजे तक 22.8 मिलीमीटर बर्षा का रिकॉर्ड बना रहा। सुबह मौसम का तामपान 9.2 रहा था और शाम 4.30 बजे तक 12.7 रहा। विपिन शर्मा ने कहा कि अब मौसम साफ रहेगा।

### कड़ाके की ठंड में घरों में कैद हुए लोग

**अनंत ज्ञान, गरली।** मौसम के बिगड़ते मिजाज के चलते धरोहर गांव गरली सहित साथ लगते अन्य तमाम क्षेत्रों में सर्दी का प्रकोप बढ़ गया है। लगातार हो रही रिमझिम बारिश और सर्द हवाओं ने क्षेत्रवासियों को चारदीवारी में कैद कर रखा है। आलम ऐसा है कि बाजार की सड़कें दिनभर सुनसान रहीं, जिससे दुकानें खोलकर बैठे दुकानदार भी आग सेंकते नजर आए। बता दें कि दिसंबर माह के अंत में हो रही सर्दी की पहली बारिश से मौसम काफी सर्द हो गया है और बढ़ती ठंड ने लोगों को घरों व दुकानों में अलाव जलाने और हीटर सेंकने को मजबूर कर दिया है। नैहरनपुखर में शनिवार दिनभर बारिश और घनी धुंध ने लोगों व वाहन चालकों को परेशान रखा। दिनभर घना कोहरा छाया रहने के चलते वाहन चालकों को दिन के समय ही गाड़ियों की लाइट का सहारा लेना पड़ा।

### मारपीट को लेकर क्रॉस एफआईआर दर्ज

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** पुलिस थाना नगरोटा बगवां में मारपीट को लेकर क्रॉस एफआईआर दर्ज की गई है। जुगलेटा में सुमित कुमार निवासी जुगलेटा डाकघर पठियार ने गुरविंद्र कौर निवासी जुगलेटा के साथ लड़ाई-झगड़ा व मारपीट की है। इस संदर्भ में पुलिस थाना नगरोटा बगवां में भारतीय न्याय संहिता की धारा 126(2), 118(1), 351(2), 115(2) में पंजीकृत किया गया है। दूसरे पक्ष की शिकायत के अनुसार जुगलेटा में गुरविंद्र कौर निवासी जुगलेटा डाकघर पठियार ने सुमित कुमार निवासी जुगलेटा के साथ लड़ाई-झगड़ा व मारपीट की है। इस संदर्भ में भारतीय न्याय संहिता की धारा 115(2), 118(1) में पंजीकृत किया गया है। धर्मशाला स्थित एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने मामले की पुष्टि की है।

# दिव्यांगता अभिशाप नहीं, विशेष क्षमताः डॉ. अंजू शर्मा

**दिव्यांगता** कोई अभिशाप नहीं, बल्कि विशेष क्षमता है। दिव्यांगजनों को बेशक सहारा न दें, लेकिन उनका साथ अवश्य दें। उक्त शब्द **डॉ. अंजू शर्मा** ने कहे। वह डाइट्स कांगड़ा में बतौर लेक्चरर अपनी सेवाएं दे रही हैं। अनंत ज्ञान समाचार पत्र से विशेष बातचीत में उन्होंने दिव्यांग लोगों के साथ हो रहे भेदभाव जैसे मुद्दे पर खुलकर बातचीत की। पेश हैं **वरिष्ठ पत्रकार आशीष दमीर** की उनके साथ हुई विशेष बातचीत के मुख्यांश-



लेक्चरर डॉ. अंजू शर्मा से
**विशेष बातचीत**

डाइट्स कांगड़ा में लेक्चरर डॉ. अंजू शर्मा ने कहा कि दिव्यांगता को अक्सर एक अभिशाप के रूप में देखा जाता है, लेकिन यह वास्तव में एक विशेष क्षमता है। दिव्यांग व्यक्तियों में अक्सर अद्वितीय क्षमताएं और प्रतिभाएं होती हैं, जो उन्हें अपने जीवन में सफलता प्राप्त करने में मदद करती हैं। उन्होंने कहा दिव्यांगता के कारण कई व्यक्तियों को अपने जीवन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, लेकिन यह उन्हें कमजोर नहीं बनाता, बल्कि उन्हें मजबूत और अधिक संघर्षशील बनाता है। समाज में ऐसे लोगों के साथ भेदभाव नहीं होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि दिव्यांगता के कई प्रकार हैं, जिनमें से कुछ प्रमुख प्रकार- शारीरिक दिव्यांगता, मानसिक दिव्यांगता, विकास संबंधी दिव्यांगता व संवेदनशील दिव्यांगता हैं। दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकारों की रक्षा करना हमारी जिम्मेदारी है। उन्हें समाज में समान अवसर प्रदान करना चाहिए और उनकी क्षमताओं को पहचानना चाहिए।

डॉ. अंजू शर्मा ने कहा कि शिक्षा दिव्यांग व्यक्तियों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। यह उन्हें अपने जीवन में सफलता प्राप्त करने में मदद करती है और उन्हें समाज में योगदान करने का अवसर प्रदान करती है। डॉक्टर अंजू का इन लोगों को जागरूक करने का सिलसिला वर्ष 2000 से शुरू हुआ और अब तक ऐसे लोगों के अधिकारों के लिए संघर्ष करती आ रही हैं। उन्होंने कहा कि दिव्यांग व्यक्तियों के लिए रोजगार बहुत महत्वपूर्ण है। यह उन्हें अपने जीवन में स्वतंत्रता और सुरक्षा प्रदान करता है। ऐसे लोगों के लिए सरकारों द्वारा 25 प्रतिशत तक का कोटा रिजर्व किया गया है। इसे विडंबना ही कहा जा सकता है कि वे दस्तावेज अभी तक कार्यालयों में धूल फांक रहे हैं। ऐसे लोगों को अपने अधिकारों के लिए एकजुट होकर लड़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि दिव्यांगता एक अभिशाप नहीं, बल्कि विशेष क्षमता है।

डॉ. अंजू शर्मा ने कहा कि दिव्यांग व्यक्तियों को समाज में समान अवसर प्रदान करने चाहिए और उनकी क्षमताओं को पहचानना चाहिए। हमें दिव्यांग व्यक्तियों के प्रति अधिक सहानुभूति और समर्थन दिखाना चाहिए और उन्हें अपने जीवन में सफलता प्राप्त करने में मदद करनी चाहिए।

## हैप्पी बर्थडे



भरमाड़ के अभिनव चौधरी को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।



घुरकड़ी (मटौर) की कृतिका को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

# पहाड़ों पर चांदी और खेतों में बरसा नीर, कारोबारी एवं किसान गदगद

## किसानों-बागवानों को अच्छी फसल और होटल व्यवसायियों को मुनाफे की उम्मीद

**संजय अग्रवाल, धर्मशाला**



सर्दियों की पहली बारिश से पहाड़ों पर चांदी और खेतों में सोना बरसने से सभी के चेहरों पर रौनक का गई है। धर्मशाला, मैक्लोडगंज, सतोबरी, भागसुनाग, नड्डी, धर्मकोट, खनियारा आदि पर्यटन क्षेत्रों में जहां होटल व्यवसायियों को पर्यटकों के आने की आस बढ़ गई है तो वहीं निचले क्षेत्रों के किसानों के चेहरे खिल गए, जहां हल्की बारिश से गेहूं की फसल को संजीवनी मिल गई है।

वीरवार रात से चल रही बूंदाबांदी शनिवार को दिन भर जारी रही। शनिवार सुबह से ही अच्छी बारिश हो रही है। किसानों का कहना है कि हो रही बारिश से खेतों में बुआई गई फसल को अच्छा फायदा मिल रहा है। 3 दिन से हो रही वर्षा से किसानों के चेहरे खिल उठे हैं। फसल पैदावार में भी बढ़ोतरी होने की पूरी संभावना बन गई है। सुबह ठंडी हवाओं और बारिश की वजह से लोग कंपकंपाते रहे। किसानों का कहना है कि यह बारिश फसलों जैसे गेहूं, चना, अरहर और मटर के लिए बहुत फायदेमंद है। इस बारिश से फसलों को नमी मिल रही है और वे तेजी से बढ़ने लगी हैं। पिछले लगातार तीन दिनों से आसमान में बादल छाए रहने से सर्दी का असर अचानक से बढ़ गया है। बाजार में भी सर्दी का असर देखा जा रहा है। बाजार में शाम 6 बजे ही सन्नाटा छाने लगा है।

वहीं, कृषि विवि के विशेषज्ञ डॉ. लव भूषण के अनुसार लगातार हो रही बारिश से दो फायदे तुरंत नजर आए हैं, पहला कि गेहूं की फसल को इन दिनों नमी की काफी जरूरत होती है। इस समय नमी आती है तो वह गेहूं की फसल के लिए काफी लाभदायक होती है। दूसरा धूल कण जो हवा के साथ उड़ते रहते हैं, वे गेहूं की पत्तियों पर जम जाते हैं, बारिश की बूंदों से वे अब धुल गए हैं। जितनी ठंड पड़ेगी, गेहूं की फसल उतनी अच्छी होगी। (अनंत ज्ञान)

### बढ़ने लगी होटलों में कमरों की बुकिंग

**धर्मशाला** होटल एशोसिएशन के अध्यक्ष अश्वनी बाबा का कहना है कि सभी उन्हे स्नोफॉल का इंतजार है। स्नोफॉल होने से पर्यटन नगरी में पर्यटकों की आवाजाही बढ़ेगी। उन्होंने बताया कि लगातार मौसम खराब रहने से होटलों में कमरों की बुकिंग भी बढ़ने लगी है। पर्यटक स्नोफॉल के लिए कमरे बुक करवाने लगे है। उन्होंने बताया पिछले वर्ष भी स्नोफॉल हो से होटल व्यवसायियों को अच्छा मुनाफा हुआ था। उन्होंने कहा कि पिछले दो महिने से उन्हे मंदी के दौर से गुजरना पड़ा है।

# धर्मशाला में 45 प्रतिशत पहुंची ऑनलाइन बुकिंग

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

पर्यटन कारोबार को अब न्यू ईयर से उम्मीद है। धर्मशाला क्षेत्र के होटलों तथा गेस्ट हाउस आदि में नववर्ष पर करीब 45 प्रतिशत कमरे बुक हो चुके हैं तो वहीं इस दौरान 60 प्रतिशत से ज्यादा ऑक्यूपेंसी की उम्मीद होटल कारोबारी कर रहे हैं। लंबे ड्राई स्पेल का असर इस बार होटल कारोबार पर पड़ा है। व्हाइट क्रिसमस तथा न्यू ईयर सेलिब्रेशन के लिए ज्यादातर टूरिस्ट पंजाब, जम्मू-कश्मीर तथा हरियाणा आदि से पहुंचते हैं। क्रिसमस तथा नव वर्ष के दौरान पर्यटकों की आमद बढ़ने से होटल कारोबार को ऑफ सीजन में संजीवनी मिल जाती है तथा स्नोफॉल इसका मुख्य कारण रहता है। (अनंत ज्ञान)

### सबसे ज्यादा सैलानी गुजरात-महाराष्ट्र से

**पर्यटन** कारोबार से जुड़े लोगों के अनुसार प्रदेश के पड़ोसी राज्यों के अलावा धर्मशाला समेत प्रदेश में गुजरात तथा महाराष्ट्र के सैलानियों की सबसे ज्यादा आमद रहती है। दोनों राज्यों को समृद्ध माना जाता है तथा इन राज्यों से काफी ज्यादा सैलानी प्रदेश में पहुंचते हैं। प्रदेश में आने वाले बंगाल के सैलानियों की संख्या भी पहले काफी थी, लेकिन प्रदेश में टूरिस्ट वाहनों पर बढ़े टैक्स के बाद इनकी आमद घटी है। होटल कारोबारी बताते हैं कि ये टूरिस्ट इकोनॉमी क्लास में हैं तथा टैक्स बढ़ने के कारण अब प्रदेश में कम संख्या में आ रहे हैं।

### पार्किंग समस्या है पर्यटन में बड़ी रुकावट

**धर्मशाला** तथा मैक्लोडगंज समेत अन्य टूरिस्ट डेस्टिनेशंस पर आने वाले सैलानियों को पार्किंग की दिक्कत का सामना करना पड़ता है। मैक्लोडगंज में 300 से 400 वाहनों की क्षमता की मुख्य 2 पार्किंग हैं जबकि इसकी तुलना में यहां वाहनों की आमद कई गुना ज्यादा है। कई होटल भी ऐसे हैं जहां पार्किंग की सुविधा नहीं है। यहां की सड़कों पर दोनों किनारों पर पार्क वाहनों की कतारें स्थिति को ओर बिगाड़ देते हैं इसके कारण यहां लंबे जाम लगते हैं। इसके अलावा कम चौड़ी सड़कें भी समस्या का कारण हैं। नड्डी के सनसेट प्वाइंट जैसे पर्यटन स्थलों पर पार्किंग की कोई व्यवस्था नहीं है।

### छतड़ी में दो गुटों में मारपीट, शिकायत पर क्रॉस एफआईआर दर्ज

## तान दी बंदूक, तलवार के वार से किया घायल

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

पुलिस थाना शाहपुर के तहत छतड़ी में दो गुटों में मारपीट का मामला दर्ज किया गया है, जिसमें तलवार तथा बंदूक तक प्रयोग किए गए। दोनों पक्षों की शिकायत के आधार पर क्रॉस एफआईआर दर्ज की गई है। शिकायत के अनुसार साहिल मन्हास व दो अन्य लोगों ने शोभित राणा व नितिश राणा निवासी के साथ लड़ाई-झगड़ा व मारपीट की। इस मामले में साहिल मन्हास ने दुकान में बैठे शोभित राणा व नितिश राणा पर बंदूक तान दी और नितिश राणा के बाजू में तलवार से वार कर दिया। इसको लेकर पुलिस थाना शाहपुर में भारतीय न्याय संहिता की धारा 115 (2), 3(5) व 25-54-59 आर्म्ज एक्ट में दर्ज किया गया है। वहीं, दूसरे पक्ष की शिकायत के अनुसार छतड़ी में शोभित राणा व नितिश राणा निवासी छतड़ी व दो अन्य लोगों ने साहिल निवासी मझग्रां डाकघर द्रमण तहसील शाहुपर के साथ लड़ाई-झगड़ा व मारपीट की है। इस संदर्भ में भारतीय न्याय संहिता में पंजीकृत किया गया है। घायल युवक के सिर पर चोट आई है तथा उसका मेडिकल करवाया गया है। उधर, एसएचओ शाहपुर सुरजीत सिंह ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### रवि दत्त शाहपुर, सीमा बनी लदबाड़ा मंडल अध्यक्ष



शाहपुर। विधानसभा क्षेत्र शाहपुर में भारतीय जनता पार्टी मंडल शाहपुर और मंडल लदवाड़ा का चुनाव संपन्न हुआ। चुनाव अधिकारी संजय ठाकुर ने शाहपुर मंडल से रवि दत्त शर्मा और लदबाड़ा मंडल से सीमा चौधरी के नाम की घोषणा की। इस मौके पूर्व मंत्री सरवीण चौधरी, जिला अध्यक्ष सचिन शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष योगराज चड्ढा, जिला उपाध्यक्ष अशोक वशिष्ठ विशेष रूप से उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

## जगदीप राणा को इंदौरा, दीपक को डमटाल भाजपा मंडल की कमान



**अशोक ठाकुर, इंदौरा**

चुराह के भाजपा विधायक हंसराज द्वारा इंदौरा के तीन भाजपा मंडलों की कमान युवा शक्ति को सौंपने का फैसला किया गया है। पूर्व विधायक इंदौरा रीता धीमान ने बताया के इंदौरा भाजपा मंडल से जगदीप राणा, डमटाल से दीपक सालरिया तथा गंगथ मंडल से जोगिंदर शर्मा उर्फ मिंटू को अध्यक्ष पद की कमान सौंपी गई है।

तीनों मंडलों अध्यक्षों को बधाई देते हुए रीता धीमान ने कहा कि पार्टी को आशा है कि आप तीनों सभी वर्गों को साथ में लेकर पार्टी हित में कार्य करेंगे। इस मौके पर चुराह के विधायक हंसराज ने कहा के भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी है तथा इसमें जो भी कार्यकर्ता किसी भी पद पर बैठता है उसका चुनाव पूरे लोकतांत्रिक तरीके से ही किया जाता है तथा उसी के तहत आज इंदौरा विधानसभा क्षेत्र में तीनों मंडलों पर कार्यकर्ताओं की सहमति के उपरांत पार्टी ने आज तीनों मंडलों अध्यक्षों की घोषणा की है। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता मोतीलाल जोशी, पूर्व मंडल अध्यक्ष ठाकुर बलवान सिंह, अश्विनी शर्मा, दीपा सालरिया, श्यामलाल तथा अन्य की पार्टी कार्यकर्ता इस मौके पर मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

### जोगिंदर को चुना गंगथ भाजपा मंडल का अध्यक्ष

## शिकार पर नकेल कसने की तैयारी में वन विभाग

**बैजनाथ।** धौलाधार की पहाड़ियों पर हुई बर्फबारी के बाद अब शिकारियों की नजर अब उन बेजुबान जानवरों पर है, जो ऊपरी क्षेत्र में ठंड बढ़ने के बाद निचले क्षेत्रों में पनाह लेते आ जाते हैं। वन परिक्षेत्र अधिकारी आदित्य सिंह का कहना है कि वन मंडल अधिकारी डॉ. संजीव शर्मा के निर्देशों पर अमल करते हुए विभाग ने विशेष टीमों का गठन किया है, जो अवैध तौर पर शिकार करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेंगी। विभागीय सूत्रों की मानें तो विभाग ने शिकार करने वालों पर कार्रवाई करने के लिए गुप्त तरीके से एक योजना बनाई है, जिसके तहत किसी भी सूरत में अवैध शिकार करने वालों का विभाग की कड़ी नजर से बचना मुश्किल है। वन विभाग के मंडल पालमपुर और बैजनाथ वन परिक्षेत्र के तहत जनहित में एक अपील जारी कर कहा है कि खूंखार जानवरों से अपने बचाव हेतु जंगल की ओर अकेले प्रस्थान न करें और सुबह या फिर देर रात्रि बाहर जाने से परहेज करें।

**अव्यवस्था** किसी को बेड नहीं मिल रहा, तो कोई चिकित्सक तक ही नहीं पहुंच पा रहा

# धर्मशाला अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाएं चरमराईं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



जोनल अस्पताल धर्मशाला में स्वास्थ्य सेवाएं इस कदर चरमराई चुकी हैं कि अस्पताल के बाहर तड़पते मरीजों को इलाज नहीं मिल पा रहा है। किसी को बेड नहीं मिल रहा है तो कोई चिकित्सक तक नहीं पहुंच पा रहा। कहीं ऑक्सीजन का टोटा है तो कहीं परिजन मरीजों को लेकर अस्पताल में ही इधर-उधर भटक रहे हैं। मरीजों की कोई सुध लेने वाला नहीं है।

प्रदेश सरकार लगातार अस्पतालों में रोगियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया करवाने के दावे तो कर रही है, परंतु इसके विपरीत अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाओं मे कोई सुधार नहीं हुआ है। जिला अस्पताल धर्मशाला में रोगियों को जख्मों पर महरम को छोड़ ओर गहरा घाव मिल रहा है। अस्पताल में प्रतिदिन जिला कांगड़ा, जिला चंबा के सैकड़ों रोगी इलाज को आ रहे हैं, मगर स्वास्थ्य सेवाओं के बदले उनके हाथों में निराशा आ रही है। कुछ रोगियों को उपचार तो मिल रहा है, परंतु न दवा का पता है और न मेडिकल टेस्टों की रिपोर्ट का है।

धर्मशाला अस्पताल में स्टाफ होने के बावजूद यहां स्वास्थ्य सेवाओं में कोताही बरती जा रही है। कभी डॉक्टर अपनी सीट पर नहीं मिल रहा, तो कभी आपातकालीन की स्थिति में डॉक्टर को अपनी कुर्सी छोड़नी पड़ रही है। ऐसे में डॉक्टर के रूम के बाहर रोगी घंटों डॉक्टर का इंतजार करते-करते या तो निजी अस्पतालों में जा रहे हैं या फिर उनको बाहरी राज्यों का रुख करना पड़ रहा है। अस्पताल में अव्यवस्थाओं के कारण गरीब मरीजों के इलाज करवाने से ज्यादा आने-जाने में ही पैसे खर्च हो रहे हैं और समय की बर्बादी अलग से हो रही है। धर्मशाला अस्पताल में मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं के अभाव से न सिर्फ मरीजों को परेशानी हो रही है, बल्कि रोगियों को मिलने वाली महत्वाकांक्षी योजनाओं को भी पलीता लग रहा है।

इस सबंध में सीएमओ राजेश गुलेरी का कहना है कि पहले के मुकाबले अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत किया गया है। ओपीडी अधिक होने के कारण लोगों को दिक्कतें आ रही होंगी, उन्हें भी दूर कर दिया जाएगा।



## न्यूज ब्रीफ

### मनमोहन सिंह के निधन पर किया शोक व्यक्त

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** वरिष्ठ नागरिक सभा बिलासपुर ने भारतवर्ष के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। सभा के अध्यक्ष डॉ. जेएन, मिश्रा, वरिष्ठ उपप्रधान रत्नलाल सांख्यान व महासचिव मस्तराम वर्मा ने संयुक्त वक्तव्य में कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह के निधन से वरिष्ठ नागरिक सभा में सदस्यों में शोक की लहर है। उन्होंने बताया कि भारतवर्ष के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह एक सफल अर्थशास्त्री, शिक्षक, कुशल प्रशासक और अपनी सादगी के लिए विश्वप्रसिद्ध प्रधानमंत्री थे। उन्होंने रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के गवर्नर, भारत के वित्तमंत्री रहते हुए नए आयाम स्थापित किए। वहीं भारत के प्रधानमंत्री के रूप में भी उन्हें स्मरण किया जाएगा। देश और आम लोगों की वित्तीय स्थित को सुधारने के लिए उन्होंने अभूतपूर्व निर्णय लिए जिससे देश की व आम नागरिकों की बित्तीय स्थिति में पर्याप्त सुधार हुआ। जिनमें अंतर्राष्ट्रीय व्यापार, मनरेगा, आधार कार्ड, सूचना का अधिकार, शिक्षा का अधिकार इत्यादि हैं। सभा के मुख्य संरक्षक ओम प्रकाश गर्ग सहित राजपाल सरीन, ई. मनमोहन भंडारी, ई. अश्वनी सुईल, ई. प्रेमलाल पराशर, कमांडेंट सुरेंद्र शर्मा, कमांडेंट नवलकिशोर, राजकुमार टाडू, सुरेश नड्डा, राजेंद्र शर्मा, गंगाराम शर्मा, ओंकार कपिल, डॉ. जयराम शर्मा, शशिबाला, कांता शर्मा, रक्षा टाडू, इंदिरा कपिल व सुशील पुंडीर ने भी डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। वहीं वरिष्ठ नागरिक सभा ने दिवंगत आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की है।

### पंचायत सचिवों की मांगों को उठाया जाएगा : नीरज शर्मा

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** हिमाचल प्रदेश पंचायत सचिव संघ के नवनियुक्त वरिष्ठ उपाध्यक्ष नीरज शर्मा ने कहा कि पंचायत सचिवों की मांगों को सरकार के समक्ष प्रभावी एवं प्रमुखता से उठाया जाएगा। प्रेस बयान में उन्होंने कहा कि पंचायत सचिवों की मुख्य एकमात्र मांग है कि उन्हें विभाग में विलय किया जाए। इसे लेकर वे दो बार हड़ताल भी कर चुके हैं। इसके बावजूद अभी तक विभाग में विलय नहीं हो पा रहा है। इस कारण पंचायत सचिव ओपीएस से वंचित रह रहे हैं। आज भी उनका एनपीएस काटा जा रहा है। पंचायत सचिवों को अनुबंध से दो वर्ष बाद भी नियमित नहीं किया जा रहा है। सचिवों का कोई पदोन्नति चौनल भी नहीं है। 20 से 25 वर्ष के सेवाकाल के बाद भी सचिवों को पदोन्नति का लाभ नहीं मिल रहा है। विभागों का कार्य करने वाले पंचायत सचिव खुद बिना विभाग के काम कर रहे हैं। इसका एक ही इलाज है विभाग में विलय। सरकार द्वारा घोषित डीए भी सचिवों को नहीं मिल पा रहा है।

### दधोल में हुआ सड़क हादसा, कार चालक घायल

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** भराड़ी थाना के तहत शिमला-मटौर नेशनल हाइवे पर दधोल



कस्बे पर आवारा पशुओं को बचाने के चलते एसयूवी कार हादसे का शिकार हो गई। इस हादसे में कार में सवार दंपति को मामूली चोटें आई हैं। दंपति सुजानपुर से चंडीगढ़ जा रहा था। हादसा शनिवार सुबह करीब आठ बजे हुआ। गनीमत रही कि इस दौरान कोई राहगीर पैदल सड़क किनारे नही गुजर रहा था। अगर कोई राहगीर पैदल चल रहा होता तो हादसे की चपेट में आ सकता था। जानकारी के मुताबिक शनिवार सुबह करीब आठ बजे हमीरपुर से शिमला की तरफ एसयूवी कार में दंपति जा रहा था। जैसे ही यह गाड़ी दधोल कस्बे में पहुंची अचानक सड़क पर आवारा पशु आ गए। जिस कारण गाड़ी अनियंत्रित हो गई। गाड़ी सड़क किनारे खेतों की मेढ़ पर जाकर सड़क पर पलट कर सीधी हो गई। हादसे के दौरान गाड़ी में दंपति मौजूद था। स्थानीय लोगों ने दंपति को घुमारवी अस्पताल पहुंचाया। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें घर भेज दिया गया। हादसे में गाड़ी का लाखों रुपये का नुक्सान हुआ है। भराड़ी थाना प्रभारी देवानंद ने बताया कि हादसे की सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर भेजी गई थी। कार सवारों को मामूली चोटें आई हैं। प्राथमिक उपचार के बाद दंपति को छुट्टी दे दी गई है।

### पेंशनर्स एसो. की बैठक में लिए महत्वपूर्ण निर्णय




**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के जिला बिलासपुर सदर खंड के अंतर्गत घागस इकाई की बैठक प्रधान सदा राम ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। बैठक में जिला महामंत्री चेत राम वर्मा और सलाहकार जय कृष्ण शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे।बैठक में 70 वर्षीय पेंशनरों को, जिनमें सुरेंद्र पाल गांव देओली, धनी राम शर्मा गांव चमलोग, लेख राम और लाला राम गांव संगल शामिल थे, शाल, टोपी और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।बैठक को संबोधित करते हुए प्रधान सदा राम ठाकुर ने इकाई का आय-व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया, जिसे सभी ने स्वीकृति दे दी। इसके बाद, प्रधान ने पुरानी कार्यकारिणी को भंग करते हुए आगामी तीन वर्षों के लिए चुनाव कराने की घोषणा की। चेत राम वर्मा, जिला महामंत्री को चुनाव करवाने के लिए अधिकृत किया गया। चुनावी प्रक्रिया के दौरान, जिला महामंत्री चेत राम वर्मा ने सर्वसम्मति से इकाई के चुनाव कराए। इसमें प्रधान के रूप में हरिदास ठाकुर, वरिष्ठ उपप्रधान लिखू राम संतोषी, उपप्रधान सोहन लाल ठाकुर बिनोला पंचायत), जगत पाल सरड़ मंगरोट, श्याम लाल वर्मा (गांव बागी), सचिव बाबू राम शर्मा, सह सचिव सुख राम भाटीया, वित्त सचिव संत राम वर्मा, लेखा परीक्षक बक्शी राम भाटीया, मुख्य सलाहकार सदा राम ठाकुर और सलाहकार सुंका राम भाटीया चुने गए.जिला महामंत्री ने नई कार्यकारिणी को बधाई देते हुए पेंशनरों के हित में कार्य करने की सलाह दी। नवनियुक्त प्रधान हरिदास ठाकुर, जिला के सलाहकार जय कृष्ण शर्मा और जिला महामंत्री चेत राम वर्मा ने सरकार को चेताया कि प्रदेश के पेंशनरों की लंबित देनदारियों, जो करोड़ों में हैं, को शीघ्र जारी किया जाए।

### महाविद्यालय में सांस्कृतिक उत्सव उमंग का किया आयोजन




**भराड़ी।** राजकीय महाविद्यालय घंडालवीं में केंद्रीय छात्र संगठन (सीएससीए) द्वारा सांस्कृतिक उत्सव उमंग का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. पवन कुमार ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। एक दिवसीय सांस्कृतिक उत्सव उमंग की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन तथा सरस्वती वंदना से हुई। तत्पश्चात छात्र-छात्राओं द्वारा अनेक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अपनी कलात्मक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया गया। विद्यार्थियों द्वारा समूह नृत्य जिसमें पंजाबी भांगड़ा, कांगड़ी गिद्धा व पहाड़ी नाटी पेश किए गए। इनके अतिरिक्त समूहगान, एकलगान तथा भ्रष्टाचार विषय पर कविता पाठ प्रस्तुत किये गए।

### पूर्व सैनिकों ने याद किए नायक राकेश कुमार



**झंडूता।** पूर्व सैनिक कल्याण समिति हिमाचल प्रदेश ने वीर बलिदानी नायक राकेश कुमार का शहीद दिवस उनके गांव बैहरन जंगल में मनाया। झंडूता विधायक जीतराम ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की । डाक्टर विपिन धिमान और मेजर लेख राम शर्मा ने बतौर विशिष्ट अतिथि शिरकत की। सर्व प्रथम मुख्यातिथि द्वारा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया गया। मुख्य अतिथि जीत राम कटवाल को प्रदेशाध्यक्ष कैप्टन संजय कुमार, वीर बलिदानी नायक राकेश कुमार की माता रत्नी देवी और भाई संजय ठाकुर ने स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इसके बाद मुख्य अतिथि, वीर बलिदानी नायक राकेश कुमार की माता, भाई संजय कुमार और कैप्टन संजय कुमार, प्रदेशाध्यक्ष पूर्व सैनिक कल्याण समिति ने पुष्प चक्र अर्पित कर वीर बलिदानी नायक राकेश कुमार को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर कर्नल केडी नड्डा, मेजर लेख राम, कैप्टन योगेंद्र पाल, सेना मैडल, कैप्टन धनी राम, कैप्टन हरवंश लाल भदौरिया, सूबेदार मेजर राम लाल, पवन ठाकुर आदि मौजूद थे।

### दो दिन से लगातार बारिश की वजह से सड़कें हुई खाली, दुकानों में पसरा सन्नाटा

# बारिश ने रोकी बिलासपुर की रफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बिलासपुर जिला में दो दिन से लगातार बारिश का क्रम जारी है। बारिश की वजह से जिला में 2 से 3 डिग्री तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है। बारिश की वजह से जिला के कई स्थानों बिजली के कट लगते रहे। वहीं, बारिश की वजह से बिलासपुर शहर की सड़कें भी खाली नजर आई।

यहां मार्किट में भी काफी सन्नाटा पसरा रहा। दुकानदारों ने अपनी दुकानें तो खोली रखी लेकिन ग्राहक यहां पर बिल्कुल न के बराबर पहुंच रहे थे। आपको बता दें कि बारिश के कारण शहर के कुछ स्थानों पर पानी भरा रहा। लोगों को इससे भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का सड़कों से पैदल गुजरना मुहाल हो गया है। यहां पर आवाजाही काफी हद तक प्रभावित हो गई है। बिलासपुर जिला के तापमान की बात करें तो शनिवार रात्रि के समय यहां पर 5.4 डिग्री तापमान दर्ज किया गया है। बारिश की वजह से जिला के कई बस रूट भी प्रभावित हुए हैं। हालांकि इस बारिश की वजह से अभी तक कोई नुकसान नही हुआ है, लेकिन प्रशासन की ओर से भी एडवाइजरी जारी गई है।

अगर कहीं पर भी कोई आपातकाल घटना होती है तो तुरंत इसकी जानकारी आपदा प्रबंधन को दी जाए। प्रशासन ने लोगों से भी यह आग्रह किया है कि अगर जरूरी हो तभी यात्रा करें अन्यथा अपने घरों पर रहे। क्योंकि बारिश की वजह से जिला के कई स्थानों पर मलबा भी गिरा हुआ है। हालांकि लोनिवि की टीम मौके पर ही रास्तों को साफ करने में भी जुटी हुई हैं।

जिले में 10 एमएम बारिश कृषि विज्ञान केंद्र बरठीं द्वारा दर्ज की गई है। अधिकतम तापमान 22 डिग्री और न्यूनतम तापमान 5.7 डिग्री दर्ज किया गया है।



बारिश की वजह से सुनसान सड़कें।





### आपातकाल घटना होने पर विभाग को तुरंत दें जानकारी

**उधर,** उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक का कहना है कि जिला में काफी बारिश हो रही है। प्रशासन की ओर से आपदा प्रबंधन का नंबर जारी किया गया है। अगर कहीं पर भी कोई आपातकाल घटना होती है तो तुरंत इसकी जानकारी दें। सभी विभागीय अधिकरियों को आदेश जारी किए गए हैं, लोनिवि के अधिकारियों को सड़क सुविधा को सुचारू रूप से बहाल रखने के लिए कहा गया है। अभी तक जिला में कोई नुकसान की जानकारी नहीं है।

### अब फसलों का होगा अच्छा उत्पादन

**जिले** में काफी माह बाद जमकर बारिश हुई है। काफी माह से बारिश न होने की वजह से किसानों की फसल बर्बाद हो रही थी। वहीं, कृषि विभाग की ओर से गठित टीम जिला में फसलों के नुकसान की रिपोर्ट भी तैयार कर रही थी, लेकिन अब बारिश की वजह से फसलें अच्छी ग्रोथ करेंगी।

## बारिश होने से किसानों के चेहरों पर लौटी रौनक

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर**

- **जिले में फसलों को हुआ एक करोड़ 80 लाख 42 हजार का नुकसान**


बिलासपुर जिला में काफी माह से बारिश न होने की वजह से कृषि विभाग को 1 करोड़ 80 लाख 42 हजार रुपए का नुकसान हो चुका था, लेकिन अब जिला में हुई भारी बारिश ने विभाग और किसानों के चेहरा खिला दिए हैं। 4 माह से बारिश न होने के कारण सूखे जैसे हालात बनना शुरू हो चुके थे तथा अब तक 33 प्रतिशत रबी की फसल बर्बाद हो गई थी।

विभागीय आंकड़ों के मुताबिक जिला में 25810 हैक्टेयर में रबी की फसल की बिजाई की जाती है, जिसमें से 23000 हैक्टेयर में गेहूं, 500 हैक्टेयर में जौ, 30 हैक्टेयर में चना, 600 हैक्टेयर में दालें, 1490 हैक्टेयर में सब्जियां, 50 हैक्टेयर में आलू और 140 हैक्टेयर में तिलहन उत्पादित किया जाता है। जिसमें से 18665 हैक्टेयर में विभिन्न फसलें बीजी गई थीं। जिनमें से 12660 हैक्टेयर में फसलें खराब हो गई हैं। आंकड़ों के मुताबिक जिले में 16500 हैक्टेयर में किसानों द्वारा गेहूं की बिजाई की गई थी, जिसमें से 16500 हैक्टेयर में गेहूं की फसल खराब हो गई है, इससे 98 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। वहीं 155 हैक्टेयर में जौ की फसल बिना पानी के नष्ट हो गई है, जिससे 13 लाख 50 हजार का नुकसान हुआ है। वहीं, चने 15 हैक्टेयर में फसल खराब हो गई है, जिससे 1 लाख 92 हजार का नुकसान हुआ है।

मटर, दाल चना और मसूर की बिजाई 455 हैक्टेयर में की गई थी। जिससे 225 हैक्टेयर में दालों की फसल खराब हो गई है, 60 लाख का नुकसान हुआ है। तिलहन की 65 हैक्टेयर में फसल खराब हो गई है। अधिकारियों के मुताबिक गेहूं की फसल 15 जनवरी तक बीज सकते हैं।

> बारिश गेहूं व दालों की फसल के लिए बेहतर है। जिला में अभी तक एक करोड़ 80 लाख 42 हजार का नुकसान हो चुका है। जो किसान अपनी फसल नहीं बीज पाए हैं, वह मौसम खुलने के बाद बिजाई कर सकते हैं। जिला में 10 एम.एम. बारिश दर्ज की गई है।
>
> -डा. शशि पाल शर्मा, उपनिदेशक कृषि विभाग बिलासपुर।

### धुंध के आगोश में शहर



दो दिन से बिलासपुर जिले में लगातार बारिश जारी है। ऐसे में शनिवार दोपहर के समय थोड़ी देर के लिए बारिश रुकी और पूरा शहर धुंध के आगोश में समा गया। यह चित्र बिलासपुर शहर का है, जिसमें शहर व लुहणू मैदान दिखाई दे रहा हैं।

### बुजुर्ग महिला ने निगला जहर, मौत

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** थाना बरमाणा के तहत आने वाले छकोह में एक बुजुर्ग महिला की जहर का सेवन करने से उपचार के दौरान मौत हो गई। जानकारी के अनुसार 73 वर्षीय सुखदेई पत्नी कृष्ण सिंह निवासी छकोह तहसील सदर जिला बिलासपुर ने गत सायं गत सायं गलती से किसी जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया।

बुजुर्ग महिला की तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे उपचार के लिए एम्स बिलासपुर लेकर आए। जहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर थाना बरमाणा पुलिस एम्स पहुंची तथा परिजनों के ब्यान कलमबद्ध किए।एएसपी बिलासपुर शिव चौधरी ने मामले की पुष्टि की है। वृद्धा का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

## श्री नयना देवी में बारिश के बीच भी पहुंचे श्रद्धालु

**मुकेश गौतम, श्री नयना देवी जी**

हिमाचल प्रदेश के जिला बिलासपुर की ऊंची पहाड़ी पर स्थित विश्व विख्यात शक्तिपीठ श्री नयना देवी में पिछले दो दिनों से तेज बारिश का दौर जारी है। सर्दियों के इस मौसम में बरसात से भी ज्यादा बारिश हो रही हैं, जहां पर बाहर प्रदेशों से आ रहे हैं। श्रद्धालु इस ठंड के मौसम का लुफ्त उठा रहे हैं।

वहीं पर तेज बारिश और धुंध परेशानी का सबब भी बन रही है। गाड़ियां दिन को भी लाइट जलाकर चलानी पड़ रही हैं।

गौरतलब है कि पूरी रात आसमान में बदलो की तेज गर्जना के साथ बिजली भी कड़कती रही ओर तेज बारिश का दौर लगातार जारी रहा। बारिश के बावजूद पंजाब, हिमाचल, हरियाणा, दिल्ली और अन्य प्रदेशों से श्रद्धालुओं के पहुंचने क्रम जारी रहा हैं। मंदिर में पंजाब से आए श्रद्धालु बारिश से बचाव के लिए बरसाती ओर चादर ओढ़ कर दर्शनों के लिए लाइनों में जाते नजर आए। दो दिनों की इस बारिश के बाद श्री नयना देवी में एक बार फिर ठंड का प्रकोप बढ़ गया है और मौसम काफी कूल कूल हो गया हैं। दुकानदार अजय कुमार ,शीश पाल और सम्मी का कहना है कि इस बारिश से जहां ठंड बढ़ी है।

वहीं पर दुकानदारों को भी परेशानी झेलनी पड़ रही हैं बार बार समान अंदर बाहर करना पड़ता हैं इसी में सारा समय बीत जाता है।



श्री नयना देवी मंदिर में तेज बारिश के बावजूद लाइनों में दर्शनों के लिए खड़े श्रद्धालु।

## कश्मीरियों की सुरक्षा के लिए आगे आई पुलिस

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

**अनंत ज्ञान फॉलोअप**

- **पुलिस ने घुमारवीं शहर के विभिन्न स्थानों पर किया विजिट**

बिलासपुर जिला के घुमारवीं क्षेत्र में कश्मीरियों ने अपनी सुरक्षा को लेकर आवाज उठाई है। इसी कड़ी में कश्मीरियों की सुरक्षा को लेकर घुमारवी पुलिस आगे आई है। पुलिस ने इनकी सुरक्षा को लेकर घुमारवीं शहर व अन्य स्थानों पर विजिट किया है और कश्मीरियों और स्थानीय लोगों के बीच मध्यस्तता कायम रखने की बात की है। घुमारवीं पुलिस की टीम ने कश्मीरियों के मकान मालिकों से भी बातचीत की है और उनके आस-पड़ोस में जाकर सदभावना का संदेश भी दिया है।

पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है और संदिग्ध लोगों की पहचान की जा रही है। पुलिस ने बाहरी राज्यों से घुमारवीं आए लोगों को भी आदेश जारी किए हैं कि जिन्ह लोगों ने अपना पंजीकरण नहीं करवाया है तब तक वह फेरी नहीं लगा सकते हैं। सबसे पहले उन्हें अपने स्थानीय पुलिस चौकी और थानों में जाकर पंजीकरण करवाएं। गौरतलब है कि बीते शुक्रवार को घुमारवीं थाना पहुंचे कश्मीरी शॉल विक्रेताओं का कहना है कि पिछले 30 से 40 वर्षो से वह लगातार घुमारवीं शहर व आस पास के इलाकों में शॉल व कंबल बेचते आएं हैं और उन्होंने स्थानीय पुलिस थाने में अपना पंजीकरण भी करवाया है।

बावजूद उसके कुछ स्थानीय व्यापारियों द्वारा उन्हें समान बेचने से रोका जा रहा है और उन्हें वापस कश्मीर जाने व मारपीट करने की धमकी दी जा रही है, जिसको लेकर उन्होने प्रदेश की कांग्रेस सरकार व कश्मीर की सरकार से उनकी सुरक्षा को लेकर मांग की है। वहीं स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि अन्य राज्यों से आने वाले प्रवासी सामान विक्रेता घर-घर जाकर बिना जीएसटी के समान बेचते हैं। जिससे स्थानीय व्यापारियों को नुकसान उठाना पड़ रहा है।

साथ ही स्थानीय व्यापारियों की मांग की है कि अन्य राज्यों से आने वाले व्यपारियों का पंजीकरण करने के साथ ही किराए पर दुकान लेकर जीएसटी नंबर के साथ समान बेचने की मांग की है। स्थानीय व्यापार मंडल द्वारा इस मामले में जारी अपने बयान में कहा कि इस मामले को बेवजह ही धार्मिक मुद्दा बनाया जा रहा है। जबकि यह केवल व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए किया जा रहा है। हिमाचल प्रदेश में काफी समय से अन्य राज्यों से आने वाले प्रवासी मजदूरों व घर घर जाकर समान बेचने वाले लोगों का पंजीकरण करवाने की मांग का मुद्दा काफी गरमाया था।

वहीं प्रदेश के विभिन्न जिलों में कुछ ऐसी पंचायतें भी सामने आई थी जिनके द्वारा रेजुलेशन पास कर बिना पंजीकरण के समान बेचने वाले रेहड़ी फेरी वालों की अपनी पंचायत में प्रवेश तक निषेध कर दिया था।

## व्यापार मंडल घुमारवीं ने पुलिस की कार्रवाई को बताया एक तरफा

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

घुमारवीं में फेरी लगाकर शाल तथा कंबल बेचने वाले जम्मू कश्मीर के लोगों द्वारा उन्हें धमकाने और डराए जाने की शिकायत पर पुलिस द्वारा मामला दर्ज करने के बाद व्यापार मंडल द्वारा इसे पुलिस की एक तरफा कार्रवाई बताया है। व्यापार मंडल के पदाधिकारियों का कहना है कि इस मामले को बेवजह ही हिंदू मुस्लिम का रंग देकर धार्मिक मुद्दा बनाया जा रहा है। जबकि यह केवल व्यापारियों की हितों की रक्षा के लिए किया जा रहा है।

शनिवार को व्यापार मंडल घुमारवीं के पदाधिकारी प्रधान हेमराज संख्यान की अगुवाई में उप मंडलीय अधिकारी गौरव चौधरी से मिलने पहुंचे। जहां उन्होंने पुलिस द्वारा मामला दर्ज करने को एक तरह कार्रवाई बताया। उपमंडलीय अधिकारी के द्वारा व्यापार मंडल के साथ बातचीत करते हुए और दोनों पक्षों को सोमवार मिलने के लिए अपने कार्यालय बुलाया है, ताकि दोनों पक्षों के बीच कोई बातचीत के रास्ते से इस समस्या का कोई हल निकाला जा सके। इसके साथ ही व्यापार मंडल ने जल्द ही घुमारवीं व्यापार मंडल का एक जनरल हाउस बुलाने की भी योजना बनाई है, ताकि इस सारे मसले पर एक रणनीति बनाई जा सके और इस मसले पर आगामी कार्रवाई तय की जा सके।

वहीं मामले को बढ़ता देख पुलिस हरकत में आ गई। जिसके बाद शुक्रवार को पुलिस थाना में स्थानीय व्यापारियों और शिकायतकर्ता जम्मू कश्मीर के लोगों को बुलाया गया था। दोनों पक्ष में आपसी सहमति बनाने की भी कोशिश की गई थी। लेकिन कामयाबी नहीं मिली।

वहीं व्यापार मंडल घुमारवीं का कहना है कि इन लोगों के व्यापार करने से किसी भी तरह का कोई एतराज नहीं है । बशर्ते कि यह लोग जीएसटी नंबर लेकर तथा दुकान किराए पर लेकर अपना कारोबार करें ।

### तलाई-लठियाणी बस सेवा शुरू करने की उठाई मांग

**अनंत ज्ञान, बरठीं।** उपमंडल झंडूता के तहत ग्राम पंचायत बड़गांव गल्लू के ग्रामीणों ने परिवहन निगम से तलाई-लठियाणी बस को दोबारा शुरू करने की मांग उठाई है।

लोगों का कहना है कि क्षेत्र की तीन पंचातयों को इसका लाभ मिलता था। लोगों का प्रतिनिधिमंडल समस्या को लेकर क्षेत्रीय प्रबंधक विवेक लखनपाल से मिला और बस सेवा को शुरू करने की मांग उठाई। स्थानीय लोगों में वेद प्रकाश, सीता राम और रोशन लाल ने बताया कि कुछ वर्ष पहले इस रूट पर बस सेवा शुरू की गई थी। किसी कारणवश इसे बंद किया गया। लोगों की मांग पर उस समय भी इसे फिर से शुरू किया गया। हालांकि उस समय बस रूट की समय सारिणी में बदलाव किया गया जिस कारण लोगों को बस का लाभ नहीं मिल पाया।

इस कारण फिर से करीब आठ माह पहले इस बस सेवा को बंद किया गया है।

### नाकामी — कूड़ा निष्पादन के लिए नगर परिषद को नहीं मिल पा रहा उपयुक्त स्थान

# 15 साल से कूड़ा संयंत्र योजना नहीं बना पाई नप घुमारवीं

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

सात वार्डों वाली घुमारवीं नगर परिषद वर्ष 1995 में अस्तित्व में आई, लेकिन हालात यह हैं कि बीते 28 वर्ष से घुमारवीं में आज भी कई विकास कार्य इतने साल बाद भी अधूरे पड़े हैं। इसमें कूड़ा संयंत्र केंद्र सबसे प्रमुख मुद्दा है।

इतने वर्षों बाद आज भी कूड़ा अस्थायी व्यवस्था के सहारे ठिकाने लगाया जा रहा है। कूड़े के निष्पादन के लिए उपयुक्त स्थान न मिलने से यह समस्या गंभीर होती जा रही है। इससे नगर परिषद को गंभीर होती जा रही कूड़े की समस्या का समाधान शीघ्र ही निकालना होगा। करीब 15 साल पहले कूड़ा संयंत्र केंद्र बनाने की कवायद शुरू हुई थी लेकिन आज तक सिरे नही चढ़ी पाई है।

जैसे-तैसे नगर परिषद अस्थायी व्यवस्था से कूड़े को ठिकाने लगा रही है, लेकिन यह व्यवस्था भी समस्या का समाधान नहीं कर पा रही है। प्रदेश में हर पांच साल बाद सरकारें बदलती है, लेकिन कूड़ा संयंत्र बनाने की बात सिरे नहीं चढ़ पा रही है। हालांकि पिछले भाजपा सरकार के कार्यकाल में घुमारवीं की कैबिनेट मंत्री और इसके बाद वर्तमान कांग्रेस सरकार में भी घुमारवीं से मंत्री है। इसके बाद भी यहां कूड़ा संयंत्र बनने का लोगो का सपना पूरा नहीं हो पाया।

यही कारण है कि घुमारवीं में हर दिन निकलने वाले हजारों टन कूड़े का कोई स्थायी समाधान न होने के कारण पूरा शहर कूड़े की समस्या से जूझ रहा है। करीब 15 साल पहले इसके निर्माण के लिए करीब एक करोड़ रुपए का बजट स्वीकृत हुआ था और यह बजट नगर परिषद के पास पहुंच भी चुका था वही नगर परिषद पदाधिकारीयो की मानें तो यह एक करोड़ रुपए आज भी नगर परिषद के खाते में पड़ा है, लेकिन नगर परिषद इसके लिए कोई जमीन का चयन नहीं कर पाई। हालांकि तब कांग्रेस के तत्कालीन विधायक और वर्तमान में सरकार में मंत्री राजेश धमर्माणी ने घुमारवीं के बजोहा वार्ड में कूड़ा संयंत्र लगाने की कवायद शुरू की थी। लेकिन लोगों के विरोध के बाद यह योजना सिरे नहीं चढ़ पाई।

इसके बाद एक दशक से अधिक समय बीत गया है, बावजूद नगर परिषद कूड़ा संयंत्र के लिए कोई दूसरा स्थान चिन्हित करने में असफल रही है। वहीं नगर परिषद के पास स्थाई फिलहाल डंपिंग साइट नहीं होने के कारण सूखे कूड़े को लेकर भी दिक्कत आ रही है। वही आज भी नगर परिषद डंपिंग साइट और कूड़ा संयंत्र लगाने के लिए उपयुक्त के स्थान चिन्हित करने में असफल रही है।(अनंत ज्ञान)



फाइल फोटो

- **15 साल पहले इस योजना के लिए जारी हुआ था 1 करोड़ बजट**

### जल्द ही घुमारवीं को कूड़ा संयंत्र केंद्र मिलेगा : रीता

इस संदर्भ में जब नगर परिषद घुमारवीं अध्यक्षा रीता सहगल से बात की गई तो उन्होंने का कि नगर परिषद की और से कूड़ा संयंत्र केंद्र के लिए दो से तीन स्थान चिन्हित किए हैं, उम्मीद है जल्द ही घुमारवीं को कूड़ा संयंत्र केंद्र मिलेगा।

## समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी किए सम्मानित



बच्चों को सम्मानित करते हुए गणमान्य।

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर**

सरस्वती विद्या मंदिर, मेन मार्किट बिलासपुर में आयोजित वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बच्चों ने अपनी रंगारंग प्रस्तुतियों से सभी का दिल जीत लिया।

इस दौरान श्री श्री ट्रस्ट के अध्यक्ष उदय तिवारी बतौर मुख्यातिथि उपस्थित हुए। जबकि विशेष अतिथि स्कूल अध्यक्ष कैप्टन बाबू राम, गायत्री शक्ति पीठ अध्यक्ष प्रेम लाल व समाजसेवी सुमन चड्ढा रहे। स्कूल प्रबंधन समिति प्रधान प्रबिंद्र शर्मा व प्रधानाचार्य रंजना शर्मा ने मुख्यातिथि को सम्मानित किया। प्रधानाचार्य ने मुख्यातिथि के समक्ष विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। मुख्यातिथि उदय तिवारी ने बच्चों की सराहना करते हुए कहा यह दिन बच्चों के उज्जवल भविष्य की शुरुआत है।

उन्होंने अभिभावकों के समक्ष बच्चों को सही मार्गदर्शन देने की अहमियत पर जोर दिया और भविष्य संवारने के लिए कुछ आवश्यक टिप्स भी दिए। उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया गया तथा बच्चों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 11,000 रुपए की नगद राशि प्रदान की।

# पांगी घाटी में एक फुट बर्फबारी डलहौजी में वाहनों के पहिए जाम

## लगातार हो रहे हिमपात से लोग घरों में दुबकने को मजबूर, जनजीवन अस्त-व्यस्त

**ओपी शर्मा, भरमौर**

भरमौर में शुक्रवार रात से ही पहाड़ी क्षेत्रों में जमकर बर्फबारी हुई। सीजन की पहली बर्फबारी से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। दोपहर बाद यह सिलसिला निचले क्षेत्रों में जारी रहा। जानकारी के मुताबिक मनीमहेश डल झील, कुगति कंवारसी, होली में एक फुट से दो फुट तक ताजा बर्फबारी हुई है।

करीब 4 महीने बीत जाने के बाद हो रही बारिश व बर्फबारी का यहां के लोगों ने जमकर स्वागत किया है। पहाड़ों में हो रही बारिश के कारण यहां पर पारा माइनस में चला गया है। लगातार हो रही बर्फबारी के कारण लोग घरों में दुबकने को मजबूर हो गए हैं। लगातार हो रही बर्फबारी के कारण यहां के पहाड़ बर्फ से पूरी तरह लक-दक हो गए हैं। शनिवार सुबह से ही यहां पर कई जगह बर्फबारी का सिलसिला लगातार जारी रहा है तो निचले क्षेत्र में बारिश का दौर शुरू है। लगातार हो रही बारिश व बर्फबारी के कारण भरमौर के कई संपर्क मार्ग बंद हो गए हैं। प्रशासन ने भी लोगों को बर्फबारी के इस मौसम में पहाड़ों की ओर नहीं जाने की हिदायत दी है। एडीएम भरमौर कुलवीर सिंह राणा ने कहा है कि बर्फबारी से इस सीजन के निपटने के लिए सभी विभागों को अलर्ट पर रहने के लिए कह दिया गया है। बर्फबारी के चलते भरमौर से अधिक संपर्क मार्ग बंद हो गए हैं।

वहीं, पांगी में शनिवार को करीब एक फुट ताजा बर्फबारी हुई है और यह दौर लगातार जारी है। पर्यटन स्थल डलहौजी में लगातार हो रही बर्फबारी के चलते वाहनों के पहिए थम गए हैं। (अनंत ज्ञान)



### तुरंत बहाल होंगी हिमपात से अवरुद्ध हुई सड़कें



**अनंत ज्ञान, पांगी।** आवासीय आयुक्त पांगी रमन घरसंगी ने शनिवार को लोक निर्माण विभाग द्वारा 2 करोड़ 11 लाख की लागत से खरीदी गई ट्रक-माउंटेड स्नो ब्लोअर मशीन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह अत्याधुनिक मशीन पांगी घाटी में सर्दियों के दौरान भारी हिमपात के कारण अवरुद्ध सड़कों को तेजी से खोलने में सहायक होगी। आवासीय आयुक्त ने बताया कि अब तक सड़कों से बर्फ हटाने के लिए जेसीबी मशीन का उपयोग किया जाता था, जिससे अधिक समय लगता था। नई स्नो ब्लोअर मशीन की सहायता से बर्फ हटाने का कार्य

**आवासीय आयुक्त पांगी ने स्नो ब्लोअर मशीन को दिखाई हरी झंडी**

तेजी से होगा और घाटी की सड़कों को जल्द बहाल किया जा सकेगा। इस पहल से न केवल सड़कों की व्यवस्था सुदृढ़ होगी, बल्कि लोगों की आवाजाही और आपातकालीन सेवाएं भी बेहतर तरीके से संचालित हो सकेंगी। यह मशीन घाटी की कठिन भौगोलिक परिस्थितियों में बर्फ हटाने का एक महत्वपूर्ण साधन साबित होगी और स्थानीय निवासियों को राहत प्रदान करेगी।

# मेडिकल कॉलेज चंबा के सरोल में बने नए भवन के नहीं खुले द्वार

## 300 करोड़ से बन रहे भवन के नए साल में खुलने के आसार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

पंडित जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज चंबा के सरोल में बने नए भवन में मरीजों को साल 2024 में इलाज करवाने की सुविधा नहीं मिल पाई। हालांकि अगस्त में मिंजर मेले के समापन अवसर पर मेडिकल कॉलेज प्रबंधन ने इस भवन का उद्घाटन मुख्यमंत्री से करवाने की पूरी तैयारी कर ली थी, लेकिन उद्घाटन का कार्य रद्द हो गया। वहीं, प्रबंधन ने आधा दर्जन से अधिक विभागों को भी सरोल में बने नए भवन में शिफ्ट करने की जो योजना बनाई थी, वह भी पूरी नहीं हो पाई। ऐसे में अब नए साल में लोगों को सरोल के नए भवन में स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकती हैं।

300 करोड़ की लागत से सरोल में मेडिकल कॉलेज का नया भवन बनाया जा रहा है। प्रथम चरण का कार्य पूरा हो चुका है। दूसरे चरण का कार्य प्रगति पर है। मौजूदा समय में जिला अस्पताल में मेडिकल कॉलेज की ओपीडी और अन्य विभाग चलाए जा रहे हैं। इसकी वजह से मरीजों को वहां कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। ओपीडी के बाहर जगह कम होने के कारण मरीजों को धक्के खाने पड़ते हैं, जबकि वार्डों में भी मरीजों की संख्या के अनुरूप बिस्तरों की संख्या कम है। ऐसे में जिले के लोग इसी आस में थी कि 2024 में उन्हें मेडिकल कॉलेज के नए भवन में इलाज करवाने की सुविधा मिलेगी।

### ट्रामा सेंटर भी शुरू

**सरोल** में प्रबंधन की तरफ से ट्रामा सेंटर भी शुरू किया है। इस सेंटर में अल्ट्रासाउंड और एक्स-रे की मशीनें स्थापित की गई हैं। ट्रामा सेंटर में गंभीर रूप से घायल और बीमार मरीजों का इलाज करने के लिए जरूरी जीवनदायिनी मशीनें उपलब्ध रहती हैं।

"**कांग्रेस** सरकार चंबा के मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध नहीं करवा पा रही है। सरोल में मेडिकल कॉलेज का भवन तैयार है, लेकिन वहां पर मरीजों को सेवाएं मुहैया नहीं करवाई जा रही है।
**-पवन नैयर, पूर्व विधायक भारतीय जनता पार्टी।**

"नए भवन में मरीजों को आधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होंगी। मुख्यमंत्री जल्द इस भवन का उद्घाटन करेंगे।
**-नीरज नैयर, सदर विधायक**

### पुखरी-कटारा बस सेवा शुरू

**सलूणी।** उपमंडल की ग्राम पंचायत पुखरी के पांच गांवों के लोगों की परिवहन निगम की बस सेवा में सफर करने की मांग पूरी हो गई है। पूर्व शिक्षा मंत्री आशा कुमारी ने चंबा-पुखरी-कटारा बस सेवा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इससे पहले यह बस सेवा बचूणी तक चलती थी, लेकिन लोगों की मांग पर इसे कटारा तक कर दिया गया है।

# वरिष्ठ नागरिकों के बनेंगे आयुष्मान कार्ड : सीएमओ

**अनंत ज्ञान, चंबा**

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विपन ठाकुर ने कहा कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य

**पांच लाख रुपए तक मुफ्त इलाज की मिलेगी सुविधा**

योजना के तहत जिले में वरिष्ठ नागरिकों के कार्ड बनाएं जाएंगे। इस कार्ड से 70 साल या इससे अधिक उम्र वाले वरिष्ठ नागरिकों का पांच लाख रुपए तक इलाज मुफ्त होगा। वे देशभर के चिह्नित सरकारी या निजी अस्पताल में मुफ्त इलाज करवा सकेंगे।

उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिक आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में शामिल करने की अधिसूचना केंद्र सरकार ने जारी कर दी है। आयुष्मान कार्ड पर कैंसर, गुर्दा रोग, हृदय रोग, डेंगू, चिकनगुनिया, मलेरिया, डायलिसिस, घुटना और कूल्हा प्रत्यारोपण, मोतियाबिंद समेत अन्य बीमारियों का निशुल्क उपचार करवा सकेंगे।

### ये हैं शर्तें

**कार्ड** बनाने के लिए लाभार्थी के पास वैद्य आधार कार्ड, जिसमें आयु 70 साल से अधिक हो और फोन नंबर से जुड़ा होना चाहिए। कार्ड बनाने के लिए कोई आय सीमा नहीं है, हालांकि लाभार्थी को घोषणा देनी होती है कि वह केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना, एक्स-सर्विसमैन कंट्रीब्यूटरी हेल्थ स्कीम, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल या कोई भी कैशलेस प्रतिपूर्ति-आधारित स्वास्थ्य बीमा योजना आंशिक/पूर्ण रूप से सरकार की ओर से वित्त पोषित राज्य/केंद्र/पीएसयू में लाभार्थी नहीं है, अगर है तो उसका ब्योरा देना होता है।

# बिना इजाजत तारों का जाल बिछा रही कंपनियां

## दूरसंचार कंपनियां डलहौजी के ग्रामीण क्षेत्रों में कर रही मनमानी

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

फाइबर केबल या इंटरनेट के नाम से 4जी व 5जी सेवाएं दे रहीं एयरटेल जिओ बीएसएनल एवं अन्य कंपनियां इन दोनों डलहौजी क्षेत्र के साथ लगती पंचायतों में बिना किसी एनओसी या परमिशन के तारों के जाल बिछाने में लगी हुई हैं। बताते चलें कि इन 4जी 5जी फाइबर इंटरनेट सुविधा देने वाली कंपनियों ने डलहौजी, डलहौजी छावनी में बकायदा लिखित में परमिशन ले रखी है, जिसके एवज में मोटी रकम की अदायगी भी की गई है, तो वहीं साथ लगती ग्राम पंचायतों में इन कंपनियों ने न तो कोई एनओसी ली है और न ही लाइनें बिछाने की परमिशन ही इनके द्वारा ली गई।

क्षेत्र कीविभिन्न जगहों पर मनमानी ढंग से जगह-जगह तारों का जाल बिछाया गया है। इस पर कई स्थानीय लोगों ने आपत्ति भी जताई है। इस बारे में जब ग्राम पंचायत प्रधान अरुण राणा से बात की गई तो उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि पंचायत द्वारा एयरटेल जिओ बीएसएनल एवं अन्य जो भी ब्रॉडबैंड इंटरनेट सेवाएं बनीखेत में दे रही हैं, उन्हें हिदायत दे दी गई है कोई जल्द ही पंचायत से संपर्क करें। लेकिन , डलहौजी क्षेत्र के ज्यादातर गांव में लोग ब्रॉडबैंड इंटरनेट सेवा का लाभ उठा रहे हैं किंतु ये कंपनियां अपने मनमानी ढंग से जहां कहीं भी तारें बढ़ा रही हैं, जो अपने आप में ही इन कंपनियों की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगाता है। (अनंत ज्ञान)

### सैकड़ों शनि भक्तों ने ग्रहण किया प्रसाद



गगल। ग्राम पंचायत कुठमा के शनि देव मंदिर में स्थानीय युवाओं द्वारा भारी बारिश तथा सर्दी में विशाल भंडारा आयोजित किया गया। भारी बारिश के बावजूद दूरदराज के क्षेत्र से शनि भक्तों ने मंदिर में पूजा की तथा भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। लंगर सेवा में मंदिर कमेटी के महासचिव मेहर सिंह राणा स्वरूप राणा, रविंद्र राणा, साहिल पठानिया, अनमोल, विनोद ,वार्ड सदस्य सुभाष राणा, बितुल,सनी, राहुल, बोबी, सतपाल राणा, अक्षु आदि का विशेष योगदान रहा। (अनंत ज्ञान)

# वरदान साबित होगी बल्ह के किसानों के लिए बारिश

**आदर्श यादव, नेरचौक**

मिनी पंजाब कहलाई जाने वाली बल्ह घाटी के किसानों के चेहरे बारिश होने से खिल गए हैं। लंबे अंतराल के बाद हुई यह बारिश रवि सीजन की सभी फसलों के लिए वरदान साबित होगी।

बल्ह घाटी में लगभग 3 हजार हेक्टेयर भूमि पर किसान फसल की पैदावार करते है जिसमें से 25 सौ हेक्टेयर भूमि पर गंदम, जौ, जई, चने, मसूर व बरसीम की फसल उगाई जाती है तथा 500 हेक्टेयर भूमि पर युवा किसान नगदी फसलों यानी की सब्जी का उत्पादन करता है। पिछले तीन महीनों से बारिश न होने की वजह से जहां सिंचाई सुविधा उपलब्ध नहीं है वहां किसानों के खेत खाली रहने का खतरा मंडरा रहा था। हालांकि कुछ सिंचाई युक्त भूमि पर किसानों द्वारा सब्जी और गंदम की बिजाई कर दी गई थी जिसके लिए भी यह बारिश वरदान साबित हुई है।

35 से 40 दिन पूर्व बिजी गई गंदम के पौध में भी बेहतर कले आएंगे और किसानों को बेहतर उपज होगी गंदम बिजाई से वंचित लगभग 50 फ़ीसदी किसान अब अपने खेतों में नमी के मुताबिक गंदम की बिजाई कर सकते हैं। इस समय की गई गंदम की बिजाई में खरपतवार ना के बराबर होता है जिससे कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि आवश्यकता अनुरूप हो रही यह बारिश किसानों के लिए वरदान साबित होगी।( अनंत ज्ञान)



गंदम की फसल में छाई हरियाली।

"रवि सीजन में होने वाली बारिश बल्ह के किसानों के लिए वरदान साबित होगी। जिन किसानों ने गंदम की बिजाई कर दी है इस बारिश से गंदम के पौध में अधिक कले फूटेंगे और जिसकी उपज अच्छी होने के आसार रहते हैं। जो किसान अब गंदम की बिजाई करेगा उसकी फसल अच्छी होने के आसार हैं।
**-डॉ. चौधरी राम, विषयवाद विशेषज्ञ, कृषि विकास खंड बल्ह।**

### क्या कहते हैं किसान यूनियन के सह सचिव

**हिमाचल** किसान यूनियन के प्रदेश सह सचिव रामकृष्ण का कहना है कि लंबे समय से बारिश न होने से किसान चिंता में था लेकिन अब बारिश होने से किसनों के चेहरे पर रंगत लौट आई है। गंदम व अन्य नकदी फसलों के लिए यह बारिश वरदान साबित होगी।

# मलोरी टनल के पास दो गाड़ियों में भिड़ंत, सवार घायल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

मंडी के मलोरी टनल के पास शनिवार को दो गाड़ियों की टक्कर होने से उसमें सवार लोग गंभीर घायल हो गए। सूचना मिलते ही आसपास के लोगों ने घायलों को इलाज के लिए जोनल अस्पताल मंडी में भर्ती करवाया जहां उनका उपचार जारी है।

घायलों में हरियाणा निवासी रवि, विकास, मनजित, वीरेंद्र और मोहित शामिल है। वहीं कटौला निवासी उषा, निशांत, अंशिका शामिल है। नगर निगम के पार्षद राजेंद्र मोहन का कहना है कि मलोरी टनल के पास चौक न होने के कारण दुर्घटना होती रहती है और दोनों तरफ की निकासी एक ही टनल से होने के कारण भी उक्त स्थान पर हादसों का सिलसिला बढ़ रहा है। उन्होंने प्रशासन से दुसरी टनल को भी जल्द बहाल करने की मांग की है। वहीं एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा की पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। बता दें की जोरदार टक्कर होने से दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए हैं।



टक्कर से क्षतिग्रस्त वाहन।

# जिलेभर में 11 ग्रामीण सड़कें और 46 ट्रांसफार्मर प्रभावित

**अनंत ज्ञान, मंडी**

सर्दियों के मौसम में जहां ठंड का प्रकोप रहता है और सुबह और शाम को तो घर से बाहर निकलना भी मुश्किल हो जाता है।

वहीं मौसम विभाग द्वारा जारी किए गए यलो अलर्ट के बाद गत शुक्रवार रात भर हल्की बारिश लगी रही। वहीं शनिवार सुबह से ही बारिश का माहौल बना रहा और बारिश लगी रही। बारिश के मौसम में शहर में चहल पहल में कमी देखी गई।

जिले के उचवर्ती क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी होने से सड़क

**कर्मचारियों ने 166 ट्रांसफार्मर को किया बहाल**

सुविधा बाधित हुई है जिसमें जिला भर में 11 ग्रामीण सड़कें बाधित हुई है। वहीं 46 ट्रांसफार्मर भी प्रभावित हुई है। हालांकि सुबह के समय बाधित ट्रांसफार्मर की संख्या 3 गुणा अधिक थी लेकिन विभागीय कर्मचारियों की मुस्तैदी के कारण 166 ट्रांसफार्मर को बहाल कर लिया गया। वहीं उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने कहा की जल्द ही बाधित सड़कों को बहाल कर दिया जाएगा।



मंडी में लगी बारिश का दृश्य

| सूडोकु 0030 | | | | | | | | ***** सरल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | | | | 2 | 6 | | 3 |
| | | | 4 | | | | | |
| 1 | 3 | 5 | | 8 | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | 8 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 7 | | | 9 | | | 2 | |
| | | | | 6 | | 5 | 9 | 2 |
| | | | | | 3 | | | |
| 2 | | 8 | 5 | | | | 6 | 1 |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
■ पहेली का केवल एक ही हल है।

**सूडोकु 0029 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 8 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 8 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 |
| 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 |
| 1 | 9 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 6 | 2 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 |

अनंत ज्ञान

# आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

## आज का पंचांग

29 दिसंबर, 2024, रविवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** मार्गशीर्ष, **तिथि** चतुर्दशी (04:03): **नक्षत्र** ज्येष्ठा (11:12), **पक्ष :** कृष्ण **योग :** गण्ड (09:40) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (12:02-12:44), **राहुकाल** (04:16 -05:33)।

**विशेष दिन**

» 29 दिसंबर 2024 : मासिक शिवरात्रि आज।
» 29 दिसंबर 2024 : शरद उत्सव (माउन्ट आबू में ) आज।

**मेष:** मेष राशि वालों की आध्यात्मिक विषयों में रुचि रहेगी। भाग्य पूरी तरह से मेहरबान रहेगा, अवसर का लाभ उठाएं और अटके हुए काम को पूरा करें।

**वृषभ:** दिन धैर्य और संयम से बिताना चाहिए। लंबी दूरी की यात्रा हो सके तो टालें। वाहन सावधानी से चलाएं। अजनबी लोगों पर भरोसा न करें ।

**मिथुन:** जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। पारिवारिक जीवन में अच्छा तालमेल रहेगा। प्रिय व्यक्ति का साथ प्राप्त कर सकेंगे। घर में धन खर्च हो सकता है।

**कर्क:** कार्यक्षेत्र में प्रगति का दिन है। सहकर्मियों और अधिकारियों से सहयोग मिलेगा। अचानक शुभ समाचार मिल सकता है। रुका हुआ धन प्राप्त होगा।

**सिंह :** दिन आनंद और उत्साह में बीतेगा। जिन क्षेत्रों में भी प्रयास करेंगे उनमें अनुकूल परिणाम प्राप्त होगा। मिजाज रोमांटिक रहेगा। पैसा खर्च कर सकते हैं।

**कन्या :** क्रोध अधिक आएगा, संयम से काम लें। विवाद और दूसरों के मामलों से आज दूर रहें। शब्दों का प्रयोग संभलकर करना करें नहीं तो परेशानी होगी।

**तुला:** आज आपमें आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। अपनी मेहनत और लगनशीलता से काम में सफलता प्राप्त कर सकते हैं। कारोबार में लाभ होगा।

**वृश्चिक:** उत्साह और आनंद में वृद्धि होगी। आज प्रयास कीजिए, काम पूरे होंगे। परिवार के सदस्यों का पूरा सहयोग मिलेगा। कहीं से धन लाभ भी मिल सकता है।

**धनु :** स्वास्थ्य अनुकूल रहेगा। नौकरी में अधिकारियों से सहयोग प्राप्त कर सकेंगे। काम-काज में आपका उत्साह बना रहेगा जिससे सफलता प्राप्त कर सकेंगे।

**मकर :** ऐसा कोई काम ना करें जिससे आपकी प्रतिष्ठा और छवि धूमिल हो। संभलकर कार्य व्यवहार करना होगा। शत्रु सक्रिय रहेंगे। गैर जरूरी खर्चे हो सकते हैं।

**कुंभ :** दिन मंगलमय बीतेगा। मां लक्ष्मी की कृपादृष्टि आप पर बनी रहेगी। प्रयास करने से सफलता प्राप्त कर सकेंगे। लाभ मिलेगा। जोखिमपूर्ण निवेश सकते हैं।

**मीन :** आज दिन भर कार्य की व्यस्तता रहेगी। सामाजिक मामलों में सहभागी हो सकते हैं। मान-सम्मान, यश में वृद्धि होगी। पूजा-पाठ में रुचि लेंगे।

# कोटली में तालाब बनी सड़क, लोग परेशान

**अनंत ज्ञान, कोटली**

कोटली कस्बे में बारिश होने से सड़क तालाब बन गई है। कीचड़ से लबालब सड़क पर वाहन चलाना वाहन चालकों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है।

राष्ट्रीय उच्च मार्ग के लिए किए जा रहे निर्माण से सड़क जलमग्न हो गई है। स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि कीचड़ और जल भराव होने की वजह से उनकी दुकानों में ग्राहक भी नहीं पहुंच पा रहे हैं। स्थानीय



फाइल फोटो

**कहा-बीच सड़क में डंपिंग करने की वजह से आई समस्या**

निवासी शिवलाल, कश्मीर सिंह, मुरारी और चंद्र कुमार ने बताया कि उन्होंने नेशनल हाईवे का कार्य करने वाली कंपनी के अधिकारियों को समस्या से अवगत भी करवाया, लेकिन पानी की निकासी की उचित व्यवस्था नहीं हो पाई है।

पुराने बस स्टैंड से न्यू बस स्टैंड की तरफ पैदल जाने वाले लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने बताया कि कुछ समय पहले यहां पर बीच सड़क में डंपिंग करने की वजह से यह समस्या पैदा हुई है।

# सोहन लाल ने अलसू में आगजनी से हुए नुकसान का लिया जायजा

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

शनिवार दोपहर बाद डैहर पंचायत के अलसू गांव में हुई अगजनी की घटना को लेकर पूर्व सीपीएस सोहन लाल ठाकुर ने पीड़ित परिवारों से भेंट करते हुए अगजनी में हुए नुकसान का जायजा लेते हुए गहरा दुख प्रकट किया।

सोहन लाल ने पीड़ित परिवारों को ढांढस बांधाया। इसके साथ साथ उन्होंने प्रशासन के माध्यम से फौरी राहत राशि व सामग्री दिलवाते हुए दोनों परिवारों को हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया गया।



नुकसान का जायजा लेते हुए पूर्व सीपीएस।

**हरसंभव सहायता का दिया आश्वासन**

# छुट्टी पर डॉक्टर इंतजार में मरीज

**नेरचौक।** कड़ाके की सर्दी का मौसम और ऊपर से 50 प्रतिशत चिकित्सकों के अवकाश पर जाने व आधा दर्जन तबादलों से मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल नेरचौक में मरीजों को अपना उपचार करवाने के लिए लंबा इंतजार करने को मजबूर होना होगा। जिला मंडी तथा जिला कुल्लू के सबसे बड़े अस्पताल श्री लाल बहादुर शास्त्री मेडिकल कॉलेज नेरचौक से तकरीबन 50 प्रतिशत चिकित्सक विंटर वैकेशन पर जा चुके हैं। तकरीबन एक महीने तक इनके छुट्टीयों पर रहने के बाद शेष 50 फीसदी डाक्टर भी अवकाश पर चले जाएंगे। मार्च माह तक मरीजों को परेशानियां उठानी पड़ेंगी।

**व अदालत विकास कुमार, कार्यकारी दण्डाधिकारी तहसील कोटली, जिला मण्डी (हि0प्र0)**

मिसल नम्बर-03/2024, तारीख मरजुआ-07-09-2024, तारीख फैसला-30-10-2024

श्रीमति सितली देवी पुत्री चमारू राम हाल पत्नी श्री तेज राम निवासी गांव खडयारा डा0 कोटली तहसील कोटली जिला मण्डी (हि0प्र0) .....प्रार्थीनी

**बनाम** **आम जनता** ....प्रत्यार्थीगण

**विषय :- उनवान मुकद्दमा :- जेर धारा 13 (3) जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण अधिनियम 1969**

**आदेश**

श्रीमति सितली देवी पुत्री चमारू राम हाल पत्नी श्री तेज राम निवासी गांव खडयारा डा0 कोटली तहसील कोटली, जिला मण्डी (हि0प्र0) ने दिनांक 07-09-2024 को इस न्यायालय में विषय उपरोक्त पर प्रार्थना पत्र मय पत्र सख्या HFW-MND (Delayed Birth & Death) 2024- 2433-35 दिनांक 05-09-2024 District Registar (Birth & Death) -cum- Chief Medical Officer Mandi, District Mandi HP, सचिव एवं रजिस्ट्रार जन्म एवं मृत्यु गाम पंचायत भरगांव द्वारा जारी Form-10 Non-Availability Certificate issued under section 17 of Birth & death Act 1969, बोटर कार्ड, नकल परिवार रजिस्टर पति पक्ष ग्गाम पंचायत कोटली शपथ पत्र तथा शपथ पत्र गवाहन गुजार कर निवेदन किया हैं कि प्रार्थीनी का जन्म गांव तरयासल ग्राम पंचायत भरगांव में दिनांक 01-07-1942 को हुआ है। परन्तु प्राथनी का नाम व जन्म तिथि ग्राम पंचायत भरगांव तहसील कोटली जिला मण्डी हि0 प्र0 के जन्म पंजीकरण अभिलेख में उपलब्ध / दर्ज न है तथा निवेदन किया है कि उनकी जन्म तिथि 01-07-1942 को ग्राम पंचायत भरगांव के जन्म / मृत्यु रजिस्टर में दर्ज किया जावे। उपरोक्त वर्णित तथ्यों व अभिलेख के प्रार्थीनी के प्रार्थना पत्र को स्वीकार कर इस कार्यालय द्वारा दिनांक 17-09-2024 उदघोषणा बावत प्रार्थीनी के जन्म तिथि पजीकरण पर किसी भी हितबद्ध व्यक्ति आम जनता को कोई उजर / एतराज हो तो वह दिनांक 9-10-2024 तक आपति इस न्यायालय में प्रस्तुत करने वारा तैयार किया जाकर प्रकाशन राजपत्र हेतु नियन्त्रक मूद्रण एवं लेखन शिमला को प्रेषित किया गया, जिसका प्रकाशन राजपत्र में हो चुका है। जो नस्ति मिसल है। तदोपरान्त इस न्यायालय द्वारा दिनांक 30-10-2024 को नियमानुसार मिसल में सुनवाई की गई। सुनवाई के दौरान प्रार्थीनी व उसके गवाह श्रीमति रूका देवी व चुहडा राम हाजिर । गवाहन ने व्यान किया कि वह श्रीमति सितली देवी पुत्री चमारू राम को भली भान्ति जानते व पहचानते हैं तथा प्रार्थीनी का जन्म 01-07-1942 को गांव तरयासल में चमारू राम के घर पर हुई है तथा प्रार्थीनी की मॉ श्रीमति रुका देवी है। जिस बारे उनके ब्यान कलमबद्ध कर नस्ति मिसल किया गया । आम जनता की ओर से कोई भी हाजिर नहीं हुआ ना ही आज तक किसी का आपाति प्राप्त हुआ । अतः अब आम जनता के विरुद्ध गैर हाजिरी के सूरत में एकतरफा कार्यावाही अमल में लाई जाती है। उपस्थित गवाहान के ब्यान तथा मिसल में नस्ति उपरोक्त वर्णित दस्तावेजों के मध्य नजर प्रतीत होता है कि प्रार्थीनी का जन्म 01-07-1942 में हुआ है। प्रार्थीनी का परिवार अनभिज्ञता के दृष्टिगत प्रार्थीनी की जन्म तिथि ग्राम पंचायत भरगांव तहसील कोटली जिला मण्डी के जन्म एवं मृत्यु रजिस्टर में दर्ज नहीं करवा पाये हैं । प्रार्थीनी को जन्म प्रमाण पत्र की आवशयकता कभी भी पड़ सकती है, उसे उसके अधिकार से वंचित नहीं रखा जा सकता है । अतः मैं विकास कुमार कार्यकारी दण्डाधिकारी कोटली, जन्म / मृत्यु पंजीकरण अधिनियम 1969 जेर धारा 13 (3) में प्रदत शक्तियों का प्रयोग करतें हुए पंजीयक जन्म एंव मृत्यु ग्राम पचायत भरगांव विकास खण्ड सदर जिला मण्डी, हि0प्र0 को आदेश देता हूँ कि प्रार्थीनी श्रीमती सितली देवी पुत्री चमारू राम की जन्म तिथि 01-07-1942 को ग्राम पचांयत भरगांव के जन्म/मृत्यु पंजीकरण अभिलेख में ईन्द्राज/दर्ज/दरूसत करें। अव मिसल बाद तकमील व तरतीव जावता होकर दाखल सामान्य अभिलेख होवे। सुनाया गया।

आज दिनांक 30-10-2024 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर न्यायालय द्वारा जारी किया गया।

**कार्यकारी दंडाधिकारी तहसील कोटली, जिला मंडी (हि.प्र.)**

'कोई भी अत्याचारी साधारण व्यक्तियों को कुचल कर उनके विचारों को नहीं मार सकता। -भगत सिंह

## संपादकीय

## स्मारक पर बवाल

पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार पूरे राजकीय सम्मान के साथ हो गया, लेकिन इसके साथ ही उनके स्मारक को लेकर अच्छा खासा सियासी बवाल भी मच गया। कांग्रेस संभावना जता रही थी कि मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार एकता स्थल के पास बने राष्ट्रीय स्मृति स्थल में होगा, लेकिन इसका निगम बोध में। कांग्रेस चाहती है कि मनमोहन सिंह के स्मारक के लिए उचित जगह दी जाए। इसे लेकर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक पत्र भी लिखा था। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने देर रात यह तो साफ कर दिया कि सरकार पूर्व प्रधानमंत्री के स्मारक के लिए जगह आवंटित करेगी, लेकिन अब तक यह तय नहीं हो पाया है कि यह जगह आखिर होगी कहां? इसी घटनाक्रम को लेकर अब विपक्षी दल भाजपा नीत मोदी सरकार पर हमलावर हो गए हैं। राजनीतिक दलों के अलग-अलग बयान आ रहे हैं। सबके अपने-अपने तर्क हैं। कोई इस घटनाक्रम को अपमान से जोड़ रहा तो कोई इसलिए दुर्भाग्यपूर्ण बता रहा कि केंद्र सरकार दरियादिली नहीं दिखा रही। गृह मंत्रालय ने इसके लिए ट्रस्ट के गठन की बात जरूर कही है और उसके बाद जगह आवंटित करने का भरोसा भी दिलाया है, लेकिन विपक्षी दल खासकर कांग्रेस इस मामले को तूल दे रही है। कांग्रेस आरोप लगा रही है कि पूर्व प्रधानमंत्री की अंत्येष्टि और स्मारक के लिए सरकार की ओर से जगह नहीं ढूंढ पाना पहले सिख प्रधानमंत्री का जानबूझकर किया गया अपमान है। डॉ. मनमोहन सिंह को आर्थिक सुधारों का जनक माना जाता है और उन्होंने देश की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों पर ले जाने में अहम योगदान दिया है। दशकों तक देश की सेवा की है, ऐसे में उन्हें इस सम्मान से वंचित करना किसी भी सूरत में सही प्रतीत नहीं होता।

कांग्रेस चाहती थी कि डॉ. मनमोहन सिंह की अंतिम यात्रा वहीं हो, जहां उनकी समाधि बने, लेकिन अफसोस यह सब हो नहीं पाया। यह तथ्य भी उभरकर सामने आ रहा कि वर्ष 2013 में प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के नेतृत्व में ही केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राजधानी दिल्ली में एकता स्थल के पास समाधि परिसर के लिए 'राष्ट्रीय स्मृति' के निर्माण को मंजूरी दी थी, ताकि दिवंगत राष्ट्रीय नेताओं जैसे राष्ट्रपति, उप-राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, पूर्व राष्ट्रपति, पूर्व उप-राष्ट्रपति, पूर्व प्रधानमंत्री और मंत्रिमंडल की ओर से तय किए गए गणमान्य लोगों के अंतिम संस्कार के लिए एक स्थल तय किया जा सके, लेकिन अब वर्तमान केंद्र सरकार का ढुलमुल रवैया कांग्रेस सरकार को हजम नहीं हो रहा है। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने विभिन्न पदों पर रहते हुए देश की आर्थिक नीति पर अपनी गहरी छाप छोड़ी है। उन्होंने रिजर्व बैंक के गवर्नर, भारत सरकार के आर्थिक सलाहकार व अन्य संगठनों में अलग-अलग पदों पर रहते हुए बहुत सराहनीय काम किया। दुनियाभर के नेता उनका आदर व सम्मान करते थे। उन्होंने 2008 में वैश्विक आर्थिक मंदी से भी भारत को काफी हद तक सुरक्षित रखा था। नब्बे के दशक में मनमोहन सिंह ने वित्त मंत्री के तौर पर देश को आर्थिक संकट से उबारा और देश को आर्थिक समृद्धि व स्थिरता प्रदान की। उन्होंने अर्थव्यवस्था की जो मजबूत नींव रखी, उसका लाभ देश अब भी उठा रहा है। उनका अनुभव, विनम्रता तथा योगदान उन्हें एक विश्व नेता बनाता है।

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने अपने पद पर रहने के दौरान एक बार अपने भाषण में कहा था कि जब भारत के प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह बोलते हैं, तो पूरी दुनिया सुनती है। लंबे समय तक राज्यसभा सांसद रहे डॉ. मनमोहन सिंह का कार्यकाल बतौर सांसद 3 अप्रैल 2024 को समाप्त हो गया था। इसके बाद उन्होंने इस सफर को आगे न बढ़ाने का निर्णय लेते हुए संसदीय राजनीति को सदैव के लिए अलविदा कह दिया। दो बार देश के प्रधानमंत्री रहे मनमोहन सिंह के लिए बतौर सांसद यह आखिरी पारी थी। भारतीय अर्थव्यवस्था में नई वित्तीय और प्रशासनिक सुधारों के जनक रहे मनमोहन सिंह के निधन से देश में परिवर्तनकारी नेतृत्व के एक युग का अंत हो गया है। उन जैसा नेता अब शायद ही दोबारा भारत को मिले, ऐसे में डॉ. मनमोहन सिंह के लिए यही सच्ची श्रद्धांजलि होगी कि उनका स्मारक जल्द से जल्द बन जाए। केंद्र सरकार को भी चाहिए कि वह स्मारक के संदर्भ में ट्रस्ट बनाकर जल्द भूमि का चयन कर ले। इसी में केंद्र सरकार की भी भलाई है वरना यह मसला ज्यादा लंबा खिंचा तो राजनीति भविष्य में क्या करवट लेगा, कोई नहीं जानता। ■

# काम को बोझ मानने से वह कष्टप्रद हो जाता है



कुछ लोग तो अति व्यस्त रहने की शिकायत करते रहते हैं कि वे काम के बोझ से दबे जा रहे हैं। प्रायः अच्छे काम का इनाम और अधिक काम होता है तथा खराब काम करने का इनाम काम न मिलना होता है, किंतु यह शिकायत की बात नहीं है। काम करने से न केवल मानव दक्ष होकर काम पर हावी हो जाता है, बल्कि अन्य लोग भी उसे दक्ष मानकर उससे सलाह लेते हैं और उसका सत्कार करते हैं।

काम को बोझ मानने से वह कष्टप्रद एवं शक्तिशोषक हो जाता है तथा रुचि लेने पर वह सुखप्रद बन जाता है। सामान्यतः परिश्रम करके ही अथवा अपने हिस्से का काम करने पर ही आपको भोजन करने का अधिकार है। बिना काम किए हुए धन कमाना, भोजन करना, अनधिकार चेष्टा है। काम तो आपको ही करना है, फिर रोकर क्यों करें, हंसकर क्यों न करें? अपने कार्य को तुच्छ अथवा छोटा मानना और अपने-आपको कार्य की अपेक्षा बहुत बड़ा समझना चारित्रिक दोष है। काम को तुच्छ अथवा छोटा मानने से कर्तव्यपालन में शिथिलता आ जाएगी जो मानव को निकृष्ट बना देगी। प्रस्तुत लघु कार्य को ठीक प्रकार करने से बड़े काम भी स्वयं मिलेंगे और उन्नति का मार्ग स्वयं खुल जाएगा। लगन से काम करने वाले मानव को गहरा आत्म-संतोष तो सदा मिलता ही है।



लेखक : संजय गोस्वामी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

शक्ति देने वाला उस परमात्मा भगवान श्रीराम या गुरु के आदर्शों पर चलना चाहिए। आप सोचते होंगे कि किसी के कारण मुझे परेशानी हो रही है, लेकिन मेरे हाथ में कुछ नहीं है, अगर मेरे हाथ में कुछ होता तो मैं किसी को बचा लेता, जो नहीं होता है और वही परमात्मा सबका मालिक है। दुख और सुख जीवन के अविभाज्य अंग हैं और हमें निराशा, अपमान एवं दुख को जीवन का अपरिहार्य अंग मानकर स्वीकार करना पड़ेगा, अन्यथा हम आगे नहीं बढ़ सकते हैं और शोकसंतप्त होकर विनिष्ट हो जाएंगे। विवशता एवं असाध्यता के साथ समझौता कर लेना, उसे सहर्ष अपना लेना बुद्धिमत्ता है। जीवन में यथार्थता को स्वीकार कर लेना और उसके साथ समायोजन (एडजस्टमेंट) करके संतोष धारण कर लेना सुख-शांति की दिशा में एक आवश्यक पग है। यह एक तथ्य है कि हम किसी भी व्यक्ति तथा किसी भी परिस्थिति में पूर्णतः संतुष्ट नहीं होते। समझौता तो पग-पग पर आवश्यक होता है। सुखी एवं स्वस्थ जीवन अपने साथ, परिवार के साथ समझौतों की एक श्रृंखला है। यदि प्रयत्न करने पर भी किसी क्षेत्र में परिस्थिति न सुधरे अथवा प्राकृतिक आघात, दुर्घटना आदि के कारण कोई वास्तविक विवशता हो, तो उसे सहर्ष स्वीकार कर लेना चाहिए और उसमें लज्जित अथवा दुःखी होना अव्यावहारिक है। हमें समझ लेना चाहिए कि जिंदगी की बेल के सभी अंगूर मीठे नहीं हैं, जिनमें कुछ मीठे हैं और कुछ खट्टे भी हैं।

मानव एक चलता फिरता पिंड है जो स्थूल है, संपूर्ण ब्रह्मांड का सहज प्रतिनिधि है और है वह एक सजग व्यवस्था। आत्मरूप में निराकार और सदेह साकार चेतन सत्ता का परम मूल्यवान जीवित प्रतिमा मानव ही तो है। वह एक बौद्धिक समझदार जनमानस है जो अपने नैतिक बलबूते समग्र सृष्टि को चरित्र की शिक्षा देता है। अपनी आध्यात्मिक शक्तियों के माध्यम से विराट व्यक्तित्व के विकास की संभावनाओं का संकेत देता है और अपनी शारीरिक क्षमता से श्रम की उपासना का संदेश देता है। मानव, समाज और संस्कृति की एकीकृत व्यवस्था का आरंभकर्ता है। मानव इस समग्र जैव-प्राकृतिक संरचना का सर्वोत्कृष्ट प्राणी है। जितने वाद और संवाद हैं, सबका जन्मदाता मानव ही है। सामाजिक-सांस्कृतिक संस्थाओं का संस्थापक, प्रबंधकर्ता और निर्देशक मानव ही है।

मानव अपने सामाजिक रूप में प्राकृतिक-आध्यात्मिक सह-अस्तित्व की पहचान है और वह सत्य, अहिंसा और प्रेम का सूचक है। वह 'सत्यं शिवं सुन्दरम' में पूर्ण आस्था रखता है। सच्चाई और ईमानदारी उसके सहयात्री हैं, दिव्यता और पवित्रता उसके गुण-धर्म हैं, परंतु वह प्रदूषित सामाजिक मान्यताओं का शिकार हो रहा है। ढोंग, आडंबर तथा अंधविश्वास के प्रति विश्वास के कारण मानव का आज संपूर्ण पर्यावरण विषमय हो गया है। मानवता ही एकमात्र धर्म है, शेष मजहब, जो कट्टरता के समर्थक हैं, वे एक विकृत मनोवृति हैं और इस कारण से मानवता रो रही है। विकृत मनोवृति के कारण मानव मस्तिष्क विघटित होकर अर्धविक्षिप्त समाज का सृजन कर रहा है। गंदे धार्मिक वाद-विवाद के कारण सारा विश्व आतंकवाद के घिनौने जंजीर में जकड़ गया है। मानवीय मूल्य गिरता जा रहा है और इसके लिए मानव का वास्तविक सौंदर्य क्षत-विक्षत हो रहा है। समझौता जीवन का प्रमुख सिद्धांत है जिसकी बुनियाद ईमानदार और प्रेम पर टिका है, इंसानियत नई राहें दिखाता है।

धार्मिक अथवा आध्यात्मिक विचारों का मूल सिद्धांत निराकार, निर्विकार और सर्वशक्तिमान ईश्वर की उपासना है। जीवन का उदगम जनहित के लिए त्याग स्वयं से समझौता भी है। जैसे देश की सेवा के लिए एक सेना का बलिदान देना एक धर्म है, मानव लड़ता आया है जीवन की तमाम चुनौतियों से और आज भी वह संघर्ष का सामना कर रहा है। मानव जैविकीय आवश्यकताएं उसकी मूल प्रवृत्ति हैं जिसकी संतुष्टि में ही उसका सारा जीवन व्यतीत हो जाता है। सामाजिक जरूरतें मानव जीवन का दूसरा चरण है, जहां वह अपने को समाज में सुस्थापित करना चाहता है और अंतिम, किंतु परम लक्ष्य केंद्रित जीवन सोपान मानव की आध्यात्मिक आवश्यकताएं होती हैं जहां पहुंच कर ही वह स्वयं को सुस्थापित कर 'मानवता' का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लेता है।

आध्यात्मिक संस्कारों से परम परिशुद्ध हो गया यह चित्त। समझौता और प्रेम की इस पर लगे हुए अतीत के सारे लेप उतर सकते हैं। आगे कोई लेप लगने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि भविष्य के प्रति मन में अब कोई कामना ही नहीं रह गई। सारी तृष्णाएं जड़ से उखाड़कर फेंक दी गई, काम तृष्णा भी, भव तृष्णा भी, विभव तृष्णा भी। सिर्फ कर्म करना ही एकमात्र लक्ष्य हो, उसका फल हमें अवश्य मिलेगा। संसार में कोई मनुष्य स्वभावतः किसी के लिए उदार, प्रिय या दुष्ट नहीं होता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# सुखाश्रय की तरह मानसिक रोगियों का भी सहारा बनें सीएम

जिस प्रकार हिमाचल प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री ने हिमाचल प्रदेश के इतिहास में पहली बार सुखाश्रय योजना के तहत बाल-बालिका आश्रमों में रह रहे बच्चों की प्राथमिक से उच्च शिक्षा आश्रम में ही देने, उनकी देखरेख व शादी, पॉकेट मनी, घूमने-फिरने का खर्च, भूमिहीन को मकान के लिए तीन बिस्वा जमीन इत्यादि देने का प्रावधान किया है, इन सभी को एक्ट के दायरे में लाने की योजना है, तो इसी परिप्रेक्ष्य म प्रदेश के मुख्यमंत्री से निवेदन एवं सुझाव रहेगा कि वह सुखाश्रय की तर्ज पर ही हिमाचल प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में दर-दर की ठोकरें खा रहे उन तमाम मानसिक रोगियों के लिए भी भविष्य में प्रदेश सरकार की और से कोई स्थायी आश्रम और उनके जीवन को बेहतर बनाने के लिए कुछ न कुछ प्रयास किए जाएं, जिस प्रकार मानसिक रोगी हमें हिमाचल प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में आए दिन देखने एवं सुनने को मिलते हैं। हम आभार व्यक्त करना चाहेंगे देशभर के उन तमाम मानसिक रोगियों को आश्रय देने वाले नेक दिल इंसानों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं विभिन्न संगठनों को, जो निस्वार्थ भाव से समय-समय पर इन तमाम मानसिक रोगियों को रेस्क्यू करके विभिन्न राज्यों में बने आश्रमों में आश्रय ही नहीं, बल्कि उनका बेहतर मानसिक उपचार करने का प्रयास कर रहे हैं, जिसके बदोलत अनेक मानसिक रोगियों की याद्दाश्त लौटकर आने से वे अपने-अपने घरों को लौट रहे हैं,



लेखक : हेमराज राणा
स्वतंत्र लेखक, सिरमौर



इससे बढ़कर शायद ही दुनिया में कोई पुनीत कार्य हो। इसी प्रकार के मानसिक रोगी जिला सिरमौर में भी देखने एवं सुनने को मिलते हैं, जिन असहाय एवं मानसिक रोगियों को रेस्क्यू और (अपना घरा) भरतपुर राजस्थान पहुंचाने का जो पुनीत कार्य वर्षों से कर रहे हैं। वह हैं संजय कंवर जो गिरिपार के कांटी मशवा गांव से संबंध रखते हैं और पत्रकार हैं। संजय कंवर को जिला सिरमौर में समाजसेवा के लिए भी जाना जाता है, जिन्होंने अभी तक सैकड़ों मानसिक रोगियों को रेस्क्यू करके सभी सामाजिक कार्यकर्ताओं के आर्थिक और सामाजिक सहयोग के बदोलत भरतपुर राजस्थान पहुंचाने का सराहनीय प्रयास किया है। वहीं, दूसरी ओर हम सभी युवाओं एवं समाज का भी नैतिक कर्तव्य बनता है कि संजय कंवर जैसे समाजसेवियों के नेक कार्य में आर्थिक एवं सामाजिक रूप से सहयोग किया जाए। इस प्रकार देव भूमि हिमाचल प्रदेश के अधिकांश लोगों में हमेशा जरूरतमंदों एवं विभिन्न परिस्थितियों से घिरे व्यक्तियों के लिए हमेशा सेवा भाव देखने को मिलता है। इस गंभीर विषय पर अगर प्रदेश सरकार कोई कदम उठाती है तो निसंदेह उन तमाम असाहय और मानसिक रोगियों के जीवन के लिए किसी वरदान से कम नहीं। जिस प्रकार मुख्यमंत्री ने शुरुआती दिनों में ही उन तमाम अनाथ बच्चों के जीवन को बेहतर और आत्मनिर्भर बनाने के लिए सराहनीय प्रयास किए, जिन प्रयासों से प्रदेश भर की जनता का प्यार और आशीर्वाद मिल रहा है और हरेक क्षेत्रों में मुख्यमंत्री के इस सराहनीय प्रयास की भूरी-भूरी प्रशंशा भी हो रही है। इसी परिप्रेक्ष्य में मुख्यमंत्री से निवेदन रहेगा कि वह हिमाचल प्रदेश के उन तमाम मानसिक रोगियों के जीवन को बेहतर बनाने और स्थायी आश्रय देने के लिए प्रयास करें जिनके इंतजार में हिमाचल प्रदेश के अनेकों मानसिक रोगी मानों वर्षों से इंतजार में खड़े हैं, क्योंकि हिमाचल प्रदेश के अनेक क्षेत्रों में मानसिक रोगियों को बहुत ही दहनीय स्थिति में देखने एवं सुनने को मिलते हैं, जिसमें वह अनेक बार कूड़े-कचरे इत्यादि से सड़ी पड़ी खाद सामग्री से भूख मिटाने का प्रयास करते हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**सरकारी** स्कूलों में अंग्रेजी में पढ़ाई होने से जहां निजी स्कूलों का वर्चस्व खत्म होगा और उनकी लूट खसोट बंद होगी तो वहीं, सरकारी स्कूलों में बच्चों की तादाद भी बढ़ेगी। मां-बाप अपने बच्चों को सरकारी स्कूलों से इसलिए निकाल लेते हैं, क्योंकि उनके मन में एक ही भावना रहती है कि उनका बच्चा कंपटीशन के लिहाज से कहीं पिछड़ न जाए। चाहे इसके लिए उनका खर्चा दोगुना या तिगुना हो जाता था, लेकिन वे अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा मुहैया करवाना चाहते थे। अब अभिभावकों को इंग्लिश मीडियम की सुविधा जब सरकारी स्कूलों में ही मिल जाएगी तो वे अपने बच्चों को सरकारी स्कूलों में ही पढ़ाना चाहेंगे, क्योंकि इससे उनका खर्चा भी बचता है।

**मीनाक्षी शर्मा, नगरोटा बगवां**

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

## भारतीय हिंदी फिल्मों के प्रसिद्ध अभिनेता


**राजेश** खन्ना भारतीय हिंदी फिल्मों के प्रसिद्ध अभिनेता थे। अपने रूमानी अंदाज, स्वाभाविक अभिनय और कामयाब फिल्मों के लंबे सिलसिले के बल पर करीब डेढ़ दशक तक सिने प्रेमियों के दिलों पर राज करने वाले राजेश खन्ना के रूप में हिंदी सिनेमा को पहला ऐसा सुपरस्टार मिला, जिसका जादू चाहने वालों के सिर चढ़कर बोलता था। राजेश खन्ना फिल्म निर्माता और राजनीतिज्ञ भी रहे। राजेश खन्ना ने लगभग 163 फिल्मों में अभिनय किया, जिसमें 106 फिल्मों वे मुख्य नायक रहे। राजेश खन्ना को तीन बार फिल्मफेयर पुरस्कार मिला और 14 बार नामांकित हुए। राजेश खन्ना का जन्म अमृतसर, पंजाब में हुआ था, जिनका नाम जतिन खन्ना था, लेकिन बाद में फिल्मी दुनिया में राजेश खन्ना के नाम से मशहूर हुए। वर्ष 1969 में आई फिल्म 'आराधना' ने राजेश खन्ना के करियर को उड़ान दी और देखते ही देखते वह युवा दिलों की धड़कन बन गए। 'आराधना' ने राजेश खन्ना की किस्मत के दरवाजे खोल दिए और उसके बाद उन्होंने अगले चार साल के दौरान लगातार 15 हिट फिल्में देकर समकालीन तथा अगली पीढ़ी के अभिनेताओं के लिए मील का पत्थर कायम किया। वर्ष 1970 में बनी फिल्म 'सच्चा झूठा' के लिए उन्हें पहली बार सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का फिल्मफेयर अवार्ड दिया गया। 'आनन्द' फिल्म में एक लाइलाज बीमारी से पीड़ित व्यक्ति के किरदार को राजेश खन्ना ने एक जिंदादिल इंसान के रूप जीकर कालजयी बना दिया। राजेश को आनन्द में यादगार अभिनय के लिये वर्ष 1971 में लगातार दूसरी बार सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का फिल्मफेयर अवार्ड दिया गया। ■



राजेश खन्ना
जन्म : 29 दिसंबर, 1942
मृत्यु : 18 जुलाई, 2012

## कविता

## कोहरा



राज कुमार कौंडल

*कोहरे की चादर में लिपटा है सारा शहर,*
*पास हैं सब मगर आता नहीं कोई नजर।*
*कितनी भी तेज भले ही हो किसी की नजर,*
*धुंध की मार से सब धुंधला ही आता है नजर।*
*कितना भी चले भले ही राह में कोई बचकर,*
*किसी दूसरे की गलती मुश्किल बनाती है सफर।*
*हर जीवन का भी कोहरे जैसा ही है मंजर,*
*सुख की खिली धूप में, सब साथ आते हैं नजर।*
*मुश्किलों के कोहरे का जब होता है असर,*
*उस वक्त जीवन में नहीं आता कोई नजर।*
*तपिश सूरज की पहुंचती है तलहट्टियों पर,*
*तब फिर कोहरा हो जाता है वहां से छूमंतर।*
*रिश्तों में विश्वास की तपिश जब आती है नजर,*
*जीवन की सही तस्वीर सबको आती है नजर।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

# आर्थिक सुधार के नायक रहे डॉक्टर मनमोहन सिंह

26 सितंबर 1932 को पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के जिला चकवाल में गाह नामक गांव में प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह जन्मे थे, जिनके 26 दिसंबर 2024 तक के बेहतरीन सफर को कभी भी भुलाया नहीं जा सकेगा । यही वजह रही कि मोती लाल नेहरू मार्ग स्थित आवास पर देश भर के राजनायक अपने आर्थिक नीति जनक प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करने पहुंचे । 1991 में वह नरसिम्हा सरकार में वित्त मंत्री बने और भारत की आर्थिक स्थिति को सुधारने में कामयाब रहे।

विभाजन के दौर में बहुत कुछ खोकर भारत का होकर रह जाने का नाम है मनमोहन सिंह। मनमोहन सिंह ने दलगत राजनीति से ऊपर उठकर भारत हित में काम किया, यह हम सभी बखूबी जानते हैं। डॉ. मनमोहन सिंह अच्छे इंसान और एक अर्थशास्त्री के रूप में हमेशा याद रखे जाएंगे, इसे नकारा नहीं जा सकता है। इसी के साथ मनमोहन सिंह ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और सादगी के लिए हमेशा हम सबके लिए प्रेरणा स्रोत रहे और रहेंगे, बल्कि देश की आर्थिक प्रगति में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का बड़ा हाथ रहा है, जिससे भी सभी वाकिफ हैं। जीवन के हर क्षेत्र में उन्होंने उपलब्धियां हासिल कीं और वित्तीय संकट से भी देश को निजात दिलाने में कामयाब रहे। आर्थिक नीति के जनक रहे डॉक्टर मनमोहन सिंह की यह बात देशवासी भी कभी भुला नहीं पाएंगे। कई दिनों से स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए एहतियात के मद्देनजर बीते वीरवार को पूर्व प्रधानमंत्री को दिल्ली के एम्स में भर्ती करवाया गया था, जहां रात 9 बजे के बाद से उनकी हालत नाजुक होती गई और अंततः 9 बजकर 51 मिनट पर डॉक्टर मनमोहन सिंह ने अपने 92 वर्ष के लंबे जीवन की आखिरी सांस ली।



लेखक : राजेंद्र पालमपुरी
वरिष्ठ साहित्यकार हिप्र

परिवार में पूर्व प्रधानमंत्री की 3 बेटियों में एम्स में एक बेटी उन्हीं के साथ थी, बल्कि निधन के समय कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी भी वहीं मौजूद थीं। वह जवाहर लाल नेहरू इंदिरा गांधी और वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बाद चौथे सबसे लंबे समय तक पीएम पद पर बने रहने वाले प्रधानमंत्री थे। डॉक्टर मनमोहन सिंह वित्त मंत्रालय में सचिव



योजना आयोग के उपाध्यक्ष भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर प्रधानमंत्री के सलाहकार और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष पद पर भी रहे। मरहूम डॉक्टर मनमोहन सिंह सन 1957 से 1965 तक चंडीगढ़ में पंजाब विश्वविद्यालय के अध्यापक बने, उसके बाद 1969 से 1971 में दिल्ली स्कूल ऑफ इकनॉमिक्स में अंतरराष्ट्रीय व्यापार के प्रोफेसर रहे।

सन 1976 में वह दिल्ली के जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय के मानद प्रोफेसर बने। साल 1982 से 1985 तक वह भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर पद पर आसीन रहे। 1985 से 1987 तक पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह योजना आयोग के उपाध्यक्ष पद पर आसीन रहे। 1990/91 में वह प्रधानमंत्री के आर्थिक सलाहकार बने। 1991 नरसिम्हा सरकार में वित्त मंत्री बने। 1991 में ही वह पहली बार असम से राज्यसभा के सदस्य बने। 1996 में दिल्ली स्कूल ऑफ इकनॉमिक्स में मानद प्रोफेसर बने। 1999 में दक्षिण दिल्ली से लोकसभा का चुनाव लड़ा, लेकिन हार गए। 2001 में तीसरी बार राज्य सभा सदस्य बने और सदन में कांग्रेस की ओर से विपक्ष के नेता बने। 2004 में पहली बार प्रधानमंत्री और फिर 2009 से 2014 तक भारत के प्रधानमंत्री बनकर अपने पद की गरिमा बनाए रखी। 2019- 2024 छठी बार राज्य सभा के सदस्य रहे। कहना और लिखना बहुत आसान है, लेकिन इतने पदों पर कामयाबी की राहें निकालना यह मनमोहन सिंह के लिए ही आसान हो सकता था, वरना लोग तो कुछ कदम चलने के बाद ही थक-हारकर अपने रास्ते बदल लिया करते हैं।

भारत के विभाजन के दौरान उनका परिवार भारत आ गया। बचपन से ही मनमोहन सिंह पढ़ाई में मेधावी छात्र रहे हैं। उन्होंने पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ से अपनी स्नातक और परास्नातक की पढ़ाई पूरी की और बाद में कैंब्रिज विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र में डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की। पूर्व प्रधानमंत्री श्री सिंह ने संयुक्त राष्ट्र अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष जैसे संस्थानों में भी कार्य किया। 1991 में डॉक्टर मनमोहन सिंह नरसिम्हा सरकार में भारत के वित्त मंत्री बने और उस समय के आर्थिक संकट के दौरान इन्होंने अनेक आर्थिक और साहसिक सुधार लागू किए, जिस कारण भारत की अर्थव्यवस्था में नई ऊर्जा के साथ-साथ ही प्रगति आई। उन्होंने अपनी सहधर्मिणी श्रीमती गुरुशरण कौर और तीन बेटियों के साथ अत्यंत सादा जीवन बिताया। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह अपनी सादगी ईमानदारी और देश की प्रगति में योगदान के लिए हमेशा याद किए जाएंगे।

भारत के पहले सिख प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह अपनी सादगी, ईमानदारी के लिए आम जनमानस में लोकप्रिय रहे और रहेंगे। स्व. मनमोहन सिंह के देहावसान पर देश में 7 दिनों तक राष्ट्रीय शोक की घोषणा स्पष्ट करती है कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन से देश को अपूरणीय क्षति पहुंची है, जिसकी भरपाई नहीं हो सकती है। आर्थिक नीति जनक स्व. मनमोहन सिंह को समूचा देश नतमस्तक हो अपने श्रद्धासुमन अर्पित करता है, जबकि एक वक्त ऐसा भी आया था, जब उन्होंने किसी सवाल के जवाब में कुछ यूं कहा था 'हजारों जवाबों से अच्छी है मेरी खामोशी, न जाने कितने सवालों की आबरू रखी।'

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# भागवत को क्यों दी जा रही है धर्म गुरु नहीं बनने की नसीहत


अपना देश एक रंग बिरंगे गुलदस्ते की तरह है, अनेकता में एकता जिसकी शक्ति है। यहां विभिन्न धर्म और उनकी अलग-अलग पूजा पद्धति देखने को मिलती है तो देश का सामाजिक और जातीय ताना-बाना भी काफी बंटा हुआ हुआ है, ऐसे में किसी भी मुद्दे पर किसी तरह की प्रतिक्रिया देने से पूर्व सौ बार उसके बारे में सोचना पड़ता है, वर्ना देश का माहौल खराब होने या जनता की भावनाएं भड़कने में देरी नहीं लगती है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत का एक बयान इसका सबसे ताजा उदाहरण है। वैसे यह भी सच्चाई है कि भागवत के बयान पर पहली बार हो-हल्ला नहीं मच रहा है। इससे पूर्व भी भागवत के आरक्षण, ब्राह्मणों, डीएनए से जुड़े बयानों पर हंगामा खड़ा हो चुका है। अब संघ प्रमुख मोहन भागवत के मंदिर-मस्जिद वाले बयान पर साधु-संतों की ओर से आपत्ति सामने आई है। देश में हिंदू संतों की प्रमुख संस्था अखिल भारतीय संत समिति ने आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत की हर जगह मंदिर तलाशने और इसके सहारे कुछ लोगों का हिंदुओं का नेता बनने की कोशिश वाली टिप्पणी पर आपत्ति जताई है। समिति ने कहा है कि विभिन्न स्थलों पर मंदिर-मस्जिद विवाद को उठाने वाले नेताओं को अपने दायरे में रहना चाहिए।



लेखक : संजय सक्सेना
वरिष्ठ लेखक

समिति के महासचिव स्वामी जितेंद्रानंद सरस्वती ने कहा कि मंदिर-मस्जिद का मुद्दा धार्मिक है और इसका फैसला धर्माचार्यों की ओर से किया जाना चाहिए। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि इस



मुद्दे को सांस्कृतिक संगठन आरएसएस के प्रमुख मोहन भागवत को छोड़ देना चाहिए।

स्वामी जितेंद्रानंद सरस्वती ने कहा कि जब धर्म का विषय उठेगा तो उसे धर्माचार्य तय करेंगे। जब यह धर्माचार्य तय करेंगे तो उसे संघ भी स्वीकार करेगा और विश्व हिंदू परिषद भी। स्वामी जितेंद्रानंद ने कहा कि मोहन भागवत की अतीत में इसी तरह की टिप्पणियों के बावजूद 56 नए स्थानों पर मंदिर पाए गए हैं, जो मंदिर-मस्जिद मुद्दों में रुचि और कार्रवाई का संकेत देते हैं। जितेंद्रानंद महाराज ने जोर देकर कहा कि धार्मिक संगठन जनता की भावनाओं के अनुसार कार्य करते हैं। इन समूहों के कार्य उन लोगों की मान्यताओं और भावनाओं से आकार लेते हैं जिनका वे प्रतिनिधित्व करते हैं, न कि केवल राजनीतिक प्रेरणाओं से। स्वामी जितेंद्रानंद सरस्वती की यह टिप्पणी जगद्गुरु रामभद्राचार्य की ओर से मोहन भागवत से असहमति व्यक्त करने के एक दिन बाद आई है। बता दें जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने अपने बयान में कहा था कि मैं यह स्पष्ट कर दूं कि मोहन भागवत हमारे अनुशासनकर्ता नहीं हैं, बल्कि हम हैं। साधू संत तो भागवत के बयान से नाराज हैं हीं इसके साथ-साथ यह भी पहली बार देखने को मिल रहा है कि आरएसएस प्रमुख को 'परिवार' के भीतर भी विरोध का सामना करना पड़ रहा है।

बहरहाल, जगद्गुरु रामभद्राचार्य के साथ-साथ अन्य हिंदू धार्मिक गुरु आरएसएस के सुर में सुर मिलाने को तैयार नहीं हैं। उनका मानना है कि संघ को आस्था के मामलों में धार्मिक हस्तियों के नेतृत्व का सम्मान करना चाहिए। उधर, राजनीति के जानकारों का कहना है कि यह स्थिति धार्मिक मामलों में आरएसएस की भूमिका और प्रभाव को लेकर हिंदू धार्मिक समुदाय के भीतर संभावित झगड़े को भी दर्शाती है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### बारिश के कारण ठंड लगने से लोग घरों में दुबके

**भीम बसेडू, महादेव।** बर्फबारी से जहां जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है और यातायात कुछ हद तक प्रभावित हुआ, वहीं पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से क्षेत्र भर में पिछले चौबीस घंटे से हो रही बारिश से भी तापमान में भारी गिरावट आने से समूचा क्षेत्र शीत लहर की चपेट में है। शनिवार को भी मौसम खराबी के चलते स्थानीय एवं सटे शहरी क्षेत्रों के बाजारों में इसलिए भी सन्नाटा पसरा रहा। कंपकंपाती ठंड होने से लोग घरों में दुबके रहे। दुकानें देरी से अवश्य खुली मगर रोजमर्रा की वस्तुएं लेने में कोई कमी नहीं खली उधर बारिश ने लोक निर्माण विभाग की कारगुजारी की पोल खोल है। यहीं नहीं ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के एक बड़े भाग में उबली अवरुद्ध पड़ी नालियों का गंदा पानी सड़कों पर फैलकर लोगों के लिए मुसीबत बना हुआ है बुद्धिजीवी लोगों का कहना है कि कई बार संबंधित विभाग व प्रशासन को सड़क-नाली सुधार को लेकर कई बार समय रहते अवगत करवाया जा चुका है मगर किसी ने भी इस सार्वजनिक समस्या को हल न करके उदासीन रवैया ही बरता। उक्त लोगों ने जयकुक्त मंडी व प्रदेश सरकार से मांग की है कि सड़क नाली आदि का सुधार करने के लिए कारगर कदम उठाए।(अनंत ज्ञान)

### तेजस्विनी का दिल्ली गणतंत्र दिवस परेड में हुआ चयन



**अनंत ज्ञान, मंडी।** डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल जवाहर नगर मंडी के लिए यह खुशी की बात है कि कैडेट सार्जेंट तेजस्विनी सिंह का चयन रिपब्लिक डे कैंप 26 जनवरी की परेड के लिए हुआ। विद्यालय की एयर विंग केयरटेकर मैडम सुमन ने बताया कि सार्जेंट तेजस्विनी ने अपने कठिन परिश्रम और लगन के बल पर 26 जनवरी की परेड में चयनित होकर सम्मान दिलाया है। विद्यालय की एनसीसी एयर विंग की कैडेट सार्जेंट तेजस्विनी सिंह विद्यालय में कक्षा दसवीं में पढ़ती है। तेजस्विनी ने गणतंत्र दिवस शिविर में सर्वश्रेष्ठ कैडेट का सम्मान प्राप्त किया और उसका चयन दिल्ली में 26 जनवरी को होने वाली गणतंत्र दिवस की परेड के लिए हुआ। प्रधानाचार्य केएस गुलेरिया ने तेजस्विनी सिंह को इस उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई दी।

### खाली पड़े स्कूल भवन को जनहित में लाएं प्रयोग



**अनंत ज्ञान, महादेव।** नगर परिषद सुंदरनगर के अंतर्गत आते पुराना नगर स्थित सरकारी स्कूल का पक्का स्लैब नुमा भवन जो वर्तमान समय में खाली पड़ा है और उपयोग में नहीं लाया जा रहा है। घनी आबादी के बीच बना यह दो मंजिला भवन जो मिडिल स्कूल का बताया जा रहा है अब नया स्कूल भवन चौगान के यहां खुले मैदान में निर्मित किया गया है जहां बच्चों की पढ़ाई नियमित रूप से चल रही है वहीं खेल मैदान की भी सुविधा उपलब्ध है जबकि स्कूल का पुराना भवन बेकार पड़ा है। इस संबंध में यहां के दुकानदार सौरभ कपिल, रमेश कुमार, बबलू आदि ने बताया कि सरकारी क्षेत्र का यह भवन यानी मिडिल स्कूल पुराना नगर का यह भवन कुछ समय पहले संस्कृत कॉलेज के लिए बतौर हॉस्टल लड़कों के लिए भी प्रयोग किया गया था मगर अब यह अपने हाल पर आंसू बहा रहा है। दुकानदारों ने मंडी जिला उपनिदेशक उच्चतर शिक्षा व हिमाचल प्रदेश सरकार में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर से पुरजोर मांग की है कि शीघ्र ही उक्त भवन को जनता की सेवा हेतु समर्पित कर दिया जाए।

### बधाई मांगने को लेकर सरकार लगाए एंटी बैगर एक्ट

**अनंत ज्ञान, महादेव।** एक ओर जहां शहर से ग्रामीण क्षेत्रों में भी पलायन कर एंए किन्नर जहां पीछे लगाते हुए संतान खासकर बेटा होने की बधाई को लेकर खूब धन आदि मांगने पर अड़ जाते हैं वहीं अब भिखारी भी बड़ी संख्या में चले ही रहते हैं और कुछेक तो घर आंगन में आकर बैठ जाते हैं और डराने धमकाने की तर्ज पर जबरन अपनी भिक्षा संबंधी बात रखते हैं। जिससे स्वयं के मान में खलल पड़ना स्वाभाविक सी बात है तथा अन्य कई पहलुओं से भी जुड़े लोगों महिलाओं आदि को इससे भी खासा तंग होना पड़ रहा है। बुद्धिजीवी लोगों ने प्रदेश सरकार से पुरजोर मांग की है कि शीघ्र ही भिखारियों पर रोक लगाने के दृष्टिगत एंटी बैगर एक्ट लागू किया जाए।

### अंबेडकर भवन में होगा विशेष मंथन का आयोजन

**अनंत ज्ञान, पंडोह।** देश में इन दिनों बाबा साहब बी आर अंबेडकर को लेकर बहुत भारी ढेर सारी चर्चाएं चल रही हैं। जिससे हिमाचल प्रदेश भी अछूता नहीं है। इस कड़ी में नव वर्ष 2025 के आगमन पर पहली जनवरी को अंबेडकर भवन पंडोह में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जानकारी देते समाजसेवी बीआर भाटिया ने बताया कि हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग विशाल सुधार समिति का 40 वां स्थापना दिवस पंडोह के अंबेडकर भवन में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें समिति के राज्य अध्यक्ष सिधु राम भारद्वाज विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। इस आयोजन का थीम विशेष मंथन है। जो समिति की सफलता की कहानी को बयां करेगा तथा बाबा साहब बीआर अंबेडकर के सिद्धांतों की आत्मसम्मान करने पर रणनीति बनाई जाएगी। इस आयोजन में मंडी-कुल्लू से प्रतिनिधि भाग लेंगे। भाटिया ने बताया कि यह अपनी तरह का पहला कार्यक्रम होगा जिसमें वर्तमान परिस्थितियों पर मंथन भी किया जा रहा है। कार्यक्रम पहली जनवरी को प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक चलेगा। देश के गृह मंत्री द्वारा की गई आपत्तिजनक टिप्पणी पर मंथन किया जाएगा।

### महिला का रास्ता रोककर जान से मारने का प्रयास

**रितेश, सरकाघाट।** सरकाघाट के भगवाना गांव की सपना देवी (38) ने थाना में शिकायत दर्ज करवाई है कि 25 दिसंबर को राजेश कुमार पुत्र लुदर सिंह और उनकी पत्नी कमला देवी ने न सिर्फ उसका रास्ता रोककर गाली-गलौच की, बल्कि राजेश ने दराट से हमला करने की कोशिश करके उसे जान से मारने की धमकी भी दी। सपना के अनुसार, आरोपी उनके खेत में डाली गई मिट्टी को लेकर विवाद कर रहे थे। महिला ने आरोप लगाया कि राजेश कुमार जो सेना में काम करता है उसने धमकी दी है कि वह सेना से इसलिए छुट्टी लेकर आया है, ताकि तुझे और तेरे परिवार को मार सके पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी सरकाघाट राजेश ठाकुर ने मामले की पुष्टि की है।(अनंत ज्ञान)

### बांस के कटान पर प्रतिबंध से रोजी रोटी पर आघात : कुलदीप

**विनोद जसवाल, नेरचौक।** प्रदेश की कांग्रेस सरकार आए दिन बिना सोचे-समझे जन विरोधी निर्णय ले रही है। वहीं इन निर्णयों से आम आदमी पर पड़ने वाले प्रभावों पर मंथन भी नहीं करती है। नेरचौक मंडल के नवनियुक्त अध्यक्ष कुलदीप ठाकुर ने सरकार द्वारा बांस के कटान पर लगाए गए प्रतिबंध पर प्रतिक्रिया देते हुए यह बयान दिया है। उन्होंने कहा कि टमाटर की फसल के लिए बांस बहुत जरूरी है। परंतु सरकार के निर्णय से बल्ह के सैकड़ों टमाटर उत्पादक असहज महसूस कर रहे हैं, क्योंकि टमाटर के फसलों के सहारे के लिए बांस का उपयोग किया जाता है। उन्होंने कहा कि बल्ह जिसे मिनी पंजाब कहा जाता है और जो कि टमाटर की फसल का अग्रणी उत्पादक है। सरकार के इस निर्णय से करोड़ों के टमाटर उत्पादन और सैकड़ों टमाटर उत्पादक किसानों में ऊहापोह की स्थिति बन गई है।

उन्होंने कहा कि बल्ह विधानसभा क्षेत्र से मुख्यमंत्री के खासमखास लोग भी सरकार के इस निर्णय पर चुप बैठे हैं और सैकड़ों किसानों के हित की बातों को मुख्यमंत्री के समक्ष रखने से कतरा रहे हैं। जो बल्ह की जनता के साथ बड़ा धोखा है। उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा है कि जल्द से जल्द किसानों के हित में बांस के कटान पर लगे प्रतिबंध को हटाए, ताकि किसान अपनी फसल को लेकर सुरक्षित महसूस कर सकें।(अनंत ज्ञान)

### दो माह पूर्व हाउस में पास नियम को लागू करने में नगर निगम असमर्थ

# शहर की दीवारों पर पोस्टरों की भरमार

**पुष्पराज, मंडी**

मंडी शहर को जहां स्वच्छ और सुंदर बनाने में भरपूर प्रयास नगर निगम द्वारा किए जा रहे है वहीं कुछ शरारती तत्व स्वच्छता पर दीमक लगाने का काम कर रहे है। वहीं बीते दो माह पहले नगर निगम द्वारा हाउस में लिए गए निर्णय को लागू करने में भी असमर्थ हो गया है जिसमें नगर निगम क्षेत्र में बिना अनुमति पोस्टर लगाने पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाया गया था। लेकिन वहीं अगर देखा जाए तो लगातार इंदिरा मार्केट और नगर निगम और सरकारी भवनों पर कई तरह के पोस्टर लगाए जा रहे है।



दीवारों पर थूका हुआ गुटखा

जबकि दीवारों पर साफ तौर पर लिखा है कि पोस्टर न लगाएं लेकिन प्रशासन और नगर निगम के आदेशों की सरेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है। वहीं जब इस बारे में जानकारी एकत्र की गई तो पता चला की अभी तक सिर्फ 4 से पांच लोगों पर ही कार्रवाई की गई है जिन्हें चेतावनी देकर छोड़ दिया गया है, लेकिन अभी तक 100 के करीब और नए पोस्टर इंदिरा मार्केट और अन्य जगहों पर लगाए जा चुके है।

बता दें की जब नगर निगम द्वारा पोस्टर हटाने के आदेश दिए थे तो शहर के हर जगह से पोस्टर हटा दिए गए थे लेकिन कुछ ही समय बाद फिर से पोस्टर लगने शुरू हो गए जिस पर नगर निगम की निरीक्षण टीम का कोई भी कंट्रोल नहीं है हालांकि कुछ लोगों को पकड़ने का प्रयास भी नगर निगम की निरीक्षण टीम द्वारा किया गया पर कुछ हाथ नहीं लगा। (अनंत ज्ञान)



इंदिरा मार्केट



टूटे बोर्ड

### सीसीटीवी कैमरे होते तो हो सकती थी लोगों की पहचान



**इंदिरा** मार्केट के प्रधान अशोक शर्मा का कहना है कि इंदिरा मार्केट मंडी शहर का सेंटर पॉइंट है और जो भी पर्यटक आता है वह इंदिरा मार्केट में जरूर प्रवेश करता है। नगर परिषद के समय से ही इंदिरा मार्केट में सीसीटीवी कैमरों की मांग की जा रही है जब भी सीसीटीवी कैमरों की मांग की जाती है तो नगर निगम बजट का रोना रोता है। यदि सीसीटीवी कैमरे होते तो बिना अनुमति के दीवारों पर पोस्टर लगाने वाले, दीवारों पर थूकने वाले और सेल्फी प्वाइंट, इंदिरा मार्केट की अन्य संपत्ति को नुकसान नहीं पहुंचता। डीआरडीए द्वारा लगाया गया साइन बोर्ड गत शिवरात्रि को टूटा था जिसको बदलने का और ठीक तक नहीं किया गया।

### सीसीटीवी कैमरे लगाने का प्रावधान जल्द होगा : माधुरी

**माधुरी** कपूर उपमहापौर नगर निगम मंडी ने कहा कि नगर निगम द्वारा सीसीटीवी कैमरे का प्रस्ताव हाउस में भी रखा गया था बजट की कमी के कारण सीसीटीवी कैमरे लगाने में देरी हो रही है। इंदिरा मार्केट की स्वच्छता और सुंदरता के लिए नगर निगम द्वारा जल्द ही सीसीटीवी लगाने का प्रावधान जल्द ही किया जाएगा।

# भारी बारिश में ल्हासे गिरने से राष्ट्रीय उच्च मार्ग अवरुद्ध



ल्हासे गिरने से अवरुद्ध हुआ मार्ग।

**रितेश, सरकाघाट**

गत दिन से हो रही भारी बारिश के कारण एक तरफ जहां लोगों का जीवन अस्त व्यस्त हो गया है, वहीं दूसरी तरफ किसान इस बारिश को वरदान मान रहे हैं, क्योंकि अभी तक सूखे के कारण 40 प्रतिशत जमीन में किसानों ने गेहूं की बिजाई नहीं की है, वहीं निर्माणधीन अटारी लेह हमीरपुर धर्मपुर मंडी वाया सरकाघाट राष्ट्रीय उच्च मार्ग 3 पर पाड़छु पुल के पास सड़क पर पहाड़ी धंस जाने से भारी चट्टानें गिरने और सड़क पर खुदाई करने से भारी कीचड़ जमा हो गया है। इस कारण बीती रात से परिवहन निगम सहित तमाम छोटी बड़ी गाड़ियां वाया पपलोग डायवर्ट की गई हैं।

हाईवे का तमाम ट्रैफिक संपर्क सड़क पर डायवर्ट करने बाद यहां पर लंबा जाम लग रहा है। गौरतलब है कि राष्ट्रीय उच्च मार्ग 3 में डबल लेन सड़क योजना का निर्माण करने से सड़क बार-बार अवरुद्ध हो रही है और सरकाघाट से धर्मपुर उपमंडल का संपर्क टूट जाता है। लोगों ने प्रशासन से सड़क निर्माण करने वाली कंपनी को यातायात नियमित करने के निर्देश जारी करने का अनुरोध किया है। (अनंत ज्ञान)

**वाया पपलोग डायवर्ट किया ट्रैफिक**

### हाईवे पर चट्टानें हटाने के लिए लगाई मशीनरी

**हाईवे** निर्माण में जुटी सूर्य कंस्ट्रक्शन कंपनी के प्रोजेक्ट इंजीनियर अंकित सिंह ने बताया देर रात को भारी बारिश होने के कारण पूरी पहाड़ी बैठ गई थी, जिसके कारण बहुत ही बड़ी बड़ी चट्टानें सड़क पर जमा हो गई है। जिन्हें काटने के लिए रात से ही हेवी मशीनरी जेसीबी लोडर और कटर लगाए गए हैं। हाईवे देर शाम तक बहाल करने के पूरे प्रयास किए जाने हैं।

## मंडी में तेंदुए ने कुत्ते को मारकर पेड़ पर लटकाया, लोगों में दहशत

**अनंत ज्ञान, मंडी**

मंडी नगर निगम के आठ नंगर वार्ड सैण के मट्ट में पेड़ पर एक मरा हुआ कुत्ता लटका पाया गया। जांच करने पर पता चला कि यह तेंदुए द्वारा मारा गया है।

गौर हो कि गांव के धीरज शर्मा, गोपाल शर्मा व अन्य ने बताया कि बीती रात लगभग साढ़े 10 बजे के करीब कुत्ते के चीखने चिल्लाने की आवाजें सुनाई दी थी।

रात को बारिश के चलते व डर के मारे कोई बाहर नहीं निकला मगर जब सुबह घर के साथ आम के पेड़ पर कुत्ता लटका पाया, जिसका आधा हिस्सा गायब था तो लोग दहशत में आ गए। आम तौर पर तेंदुआ अपना शिकार करके भूख के मुताबिक खा लेता है और बाकी कहीं छुपा कर रख जाता है। यही यहां पर हुआ हैं। कुत्ते का आधा भाग तेंदुआ चट्ट कर चुका था और बाकी पेड़ पर छोड़ गया था।

लोगों ने बताया कि साथ लगते जंगल में तो तेंदुआ अक्सर लोगों को आते जाते मिल जाता है, सैर पर निकले लोगों को भी कई बार मिलता है तथा देर सवेर बीर लाग बरयारा की ओर जाने वाले वाहन चालकों को भी दिखता है, मगर आबादी के बीच इसके पहुंच जाने से खतरा बन गया है।

## इंडोर स्टेडियम से टूरिज्म को मिलेगा बढ़ावा : अनिल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

मंडी शहर में प्रस्तावित इंडोर स्टेडियम में नेशनल लेवल के खेलों के आयोजन से क्षेत्र को एक अलग पहचान मिलेगी। इसके निर्माण से जहां शहर में टूरिज्म व्यवसाय को बढ़ावा मिलेगा। वहीं यूनिवर्सिटी और कॉलेज के विद्यार्थियों को भी विभिन्न खेलों को लेकर उच्च क्वालिटी की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

यह बात भाजपा के सदर विधायक एवं पूर्व मंत्री अनिल शर्मा ने कही। उन्होंने कहा कि शहर के पड्डल में बनने जा रहे इंडोर स्टेडियम की ड्राइंग फाइनल कर दी गई है और लगभग 28 से 30 करोड़ रूपयों से इसका निर्माण किया जाएगा। इसको लेकर केंद्र और प्रदेश सरकार से मदद ली जाएगी। अनिल शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार के साधन से भी कार्य को पूरा करने में सहायता ली जाएगी।



स्टेडियम का नक्शा दिखाते हुए सदर विधायक अनिल शर्मा।

भाजपा विधायक अनिल शर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार के खेलों इंडिया अभियान के तहत इंडोर स्टेडियम का मंडी शहर के पड्डल में बनाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025-26 में खेलो इंडिया कार्यक्रम का समापन हो रहा है। इसलिए इसमें सुविधा प्राप्त करने के लिए इंडोर स्टेडियम के कार्य में गति देने की जरूरत है। इससे इस प्रोजेक्ट का फायदा नहीं उठाया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि मार्च 2025 से पूर्व इंडोर स्टेडियम के कार्य को खेलो इंडिया प्रोजेक्ट शामिल करना लक्ष्य रहेगा। अनिल शर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार में पीएम नरेंद्र मोदी और खेल मंत्री से इस कार्य को लेकर संसाधन उपलब्ध कराने की पूरी कोशिश की जाएगी।

## सीटू चलाएगी विशेष अभियान

**अनंत ज्ञान, मंडी।** मनरेगा, भवन एवं अन्य निर्माण मजदूरों की मांगों के लिए 1 जनवरी से 28 फरवरी तक विशेष अभियान चलाने की तैयारी चल रही है। इस दौरान उठाई जाने वाले मांगों को तीन श्रेणियां में विभाजित किया गया है।

पहली श्रेणी में श्रमिक कल्याण बोर्ड से संबंधित पांच मांगें निर्धारित की गई हैं। जबकि दूसरी श्रेणी में सात मांगें रखी गई हैं इसके अलावा अन्य निर्माण मजदूरों से संबंधित भी पांच मांगों का एक इश्तिहार तैयार किया गया है।

यह तैयारी सीटू से संबंधित हिमाचल मनरेगा एवं अन्य निर्माण मजदूर फेडरेशन की जिला कमेटी द्वारा की जा रही है।

### 9 बोतल अवैध शराब सहित एक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** वार्ड नंबर 3 जमसाई में एक ढाबे से पुलिस ने अवैध तौर पर रखी 9 बोतल शराब बरामद की है। पुलिस को सूचना मिली थी कि मनोज कुमार सपुत्र रतन चंद गांव जमसाई अपने ढाबे में अवैध शराब बेचने का कारोबार करता है। पुलिस ने उसके ढाबे में रेड डालकर काउंटर के बीच छुपा कर रखी, जो बोतल देसी शराब की बरामद की है।

आरोपी शराब का कोई भी परमिट या लाइसेंस नहीं बता सका। पुलिस अधिकारी रजनीश ठाकुर ने बताया कि पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज कर लिया है।

## नशे का बढ़ता कारोबार गंभीर मामला : अनुराग

**अनंत ज्ञान, धर्मपुर**

हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद अनुराग ठाकुर ने अपने एक दिवसीय दौरे के दौरान धर्मपुर में टिहरा व धर्मपुर मंडल के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की और जनसमस्याएं भी सुनी।

धर्मपुर में पत्रकार वार्ता के दौरान बोले कि केंद्रीय विद्यालय धर्मपुर के लिए जमीन संबंधी दस्तावेजों को पूरा कर लिया है और जल्दी ही यहां नया भवन भी बनाया जाएगा, वहीं दूसरी तरफ धर्मपुर में हुए अवैध लकड़ी कटान के मामले में बोले कि यह दुर्भाग्यपूर्ण बात है कि पेड़ों का अवैध कटान हो रहा है और प्रदेश सरकार मूकदर्शक बनी हुई है। वहीं दूसरी तरफ उन्होंने कहा कि हिमाचल में दिनों दिन बढ़ता नशे का कारोबार गंभीर मामला है और हिमाचल सरकार को इस पर संज्ञान लेना चाहिए, मगर सरकार नशा तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करने वाले ईमानदार अधिकारियों को प्रताड़ित कर रही है जो कि सही नहीं है। वहीं दूसरी तरफ धर्मपुर में बीएसएनल का नेटवर्क न होने पर उन्होंने आश्वासन दिलाया कि जल्द ही इस समस्या से निजात दिलाई जाएगी।



इस मौके पर हिमाचल प्रदेश भाजपा मीडिया सह प्रभारी रजत ठाकुर, धर्मपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष लेखराज, टिहरा मंडल अध्यक्ष विनोद कुमार, जिला परिषद सदस्य जगदीश चंद बिट्टा, राकेश कुमार, विभिन्न पंचायतों से आए हुए प्रधान व पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अंजना की मौत को लेकर न्याय संघर्ष समिति का गठन

**अनंत ज्ञान, बालीचौकी**

गत दिनों हनोगी माता मंदिर परिसर में सराज क्षेत्र के गुराण गांव से संबंध रखने वाली नर्सिंग छात्रा अंजना ठाकुर की संदिग्ध परिस्थिति में मौत होने के चलते लोगों द्वारा अंजना ठाकुर न्याय संघर्ष समिति के निर्माण हेतु बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में अंजना ठाकुर को न्याय दिलाने के लिए एक समिति का गठन किया गया जिसमें अनिल सोनी को अध्यक्ष नियुक्त किया गया। तुलेश कुमार ठाकुर को महासचिव, हीरा सिंह और नरोतम राम को उपाध्यक्ष, ललित कुमार और इंद्र सिंह को सचिव, पवन कुमार, केवल कृष्ण, शेर सिंह को सलाहकार, जय सिंह को कोषाध्यक्ष, घनश्याम लाल को मीडिया प्रभारी, टीकम राम एवं भारत भूषण को मुख्य संयोजक नियुक्त किया गया।

साथ ही चंद्रमणि, प्रकाश चंद, प्रदीप कुमार, मोहिंद्र पाल, सूरजमणि, चेतन मेहता, लाल दास, शोभा राम, जोर सिंह, पूर्ण चंद, सोनू कुमार, शेर सिंह को मुख्य सदस्य चुना गया। समिति का पहला उद्देश्य बेटी अंजना को न्याय रहेगा।

## बर्फ में फिसलने से 25 वर्षीय युवक की मौत

**नूतन ठाकुर, बालीचौकी**

बालीचौकी उपमंडल के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत खलवाहण के नारायणगढ़ जंगल में हल्की सी बर्फ में पैर फिसलने से एक 25 वर्षीय युवक के मौत होने का समाचार है।

जानकारी अनुसार उक्त युवक अपने गांव के समीप के जंगल से इमारती लकड़ी लाने गया था कि बर्फ में पैर फिसलने से गहरी खाई में में गिर गया। इस दौरान उसके साथ एक छोटा बच्चा भी था और जब मृतक खेम राज गिरा तो बच्चे के शोर मचाने पर आसपास के लोग इकट्ठे हुए। इस दुर्घटना के बाद घायल अवस्था में स्थानीय लोग इसे थाची स्थित अस्पताल ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे रैफर किया गया। गंभीर अवस्था में खेम राज को जब नगवाई अस्पताल पहुंचाया गया, तो वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

शनिवार को मृतक का अंतिम संस्कार किया गया। 25 वर्षीय खेम राज अपने परिवार का इकलौता बेटा था। मृतक अपने पीछे 2 छोटे छोटे बच्चे छोड़ गया है। (अनंत ज्ञान)

## नाटक 'खामोश अदालत जारी है' का किया मंचन

**अनंत ज्ञान, मंडी**

हिमाचल सांस्कृतिक शोध संस्थान व रंगमंडल द्वारा साल के आखिर एवं नए साल के स्वागत में नाटक खामोश अदालत जारी है का मंचन किया गया। इस नाटक का निर्देशन सुरेश शर्मा द्वारा किया गया।



नाटक का मंचन करते कलाकार।

यह नाटक मराठी नाटककार विजय तेंदुलकर का सबसे प्रसिद्ध नाटक है। नाटक के भीतर चलते इस नाटक की मुख्य पात्र लीला बणारे की जीवन कथा जैसे-जैसे खुलती है। इस नाटक की कहानी समाज के सवालों के कटघरे में खड़ी हर उस औरत की दास्तां है। जिसे समाज के ठेकेदार नैतिकता और परंपरा की आड़ में सदैव ही दोषी मान कर आरोपित करते हैं। इस नाटक के माध्यम से हमें हमारे आसपास के समाज, उसकी सफेद सतह के नीचे सक्रिय स्याह मर्दाना यौन कुंठाओं और स्त्री के दमन को कई तरह उजागर होती जाती है। एक अदालत के दृश्य में मानव नियति की विडंबनाओं के उद्घाटन को जिस प्रकार नाटककार करने साधा है वह अद्भुत है।

इस नाटक की शुरुआत एक खली प्रेक्षागृह में कलाकारों के आगमन के साथ होती है।

इस नाटक की मुख्य भूमिका में लीला बनारे सृष्टि, सुखात्मे विक्रांत, काशीकर करण, श्रीमती काशीकर निभा, कर्णिक आकाश, पोंक्षे जावेद, रोकड़े सचिन, सामंत प्रहलाद के अतिरिक्त प्रकाश व्यवस्था व्योम व संगीत कश्मीर सिंह ने दिया इसके अतिरिक्त सहयोग सुमन, पूजा, अर्चना व बलवंत सिंह द्वारा दिया गया। प्रस्तुति प्रबंधन सीमा शर्मा द्वारा किया गया।

### निर्धारित तिथि से पहले करें बिजली के बिल का भुगतान

**कविता, पधर।** सहायक अभियंता नितिन चंदेल ने बताया कि विद्युत उपमंडल पधर के अधीन आने वाले सभी उपभोक्ता निर्धारित तिथि से पहले अपना बिजली का बिल जमा करवाना सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि यदि उपभोक्ता समय पर बिजली का बिल जमा नहीं करवाते हैं, तो विभाग द्वारा प्रक्रिया के अनुसार डिफॉल्टर नोटिस निकाल दिया जाएगा तथा उसके 15 दिनों के बाद अस्थाई रूप से बिजली का कनेक्शन काटने का प्रावधान है, जिसे रि-कनेक्शन करवाने के रूप में 250 रुपए या 500 रुपए अतिरिक्त राशि का भुगतान उपभोक्ता को करना पड़ेगा। उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से अनुरोध किया कि वह ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से बिजली के बिल का भुगतान निर्धारित तिथि से पहले करना सुनिश्चित करें।

**जनविरोध** लकड़ी कटान मामले पर हाईकोर्ट के जांच करवाने के आदेश का माकपा ने किया स्वागत

# घरों पर खतरे और कांट-छांट के नाम पर काटे हजारों पेड़

**रितेश चौहान, सरकाघाट**

प्रदेश हाईकोर्ट ने एक नेता की पत्नी के नाम पर धर्मपुर के बहरी में रिन्युएबल एनर्जी प्राइवेट कंपनी के नाम स्थापित किए जाने वाले अस्थायी लकड़ी के बालन स्टोर के लिए बिना अनुमति के काटी सैकड़ों टन लकड़ी पर कड़ा संज्ञान लिया है, जिसके लिए वन विभाग और एक नेता की पत्नी को उच्च न्यायालय ने नोटिस जारी किया है। इसका माकपा लोकल कमेटी धर्मपुर ने स्वागत किया है। माकपा ने आरोप लगाया कि फर्म ने अनुमति मिलने से पहले ही हजारों ट्रक लकड़ी डंप कर ली। इसके अलावा धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र में आई आपदा के बाद घरों पर पेड़ों के खतरे और उनके कांट छंटाई के नाम पर हजारों पेड़ काटकर कुर्बान कर डाले थे। इस लकड़ी को बाकायदा प्रदेश के बाहर भेजा गया, जिसकी अनुमति देने को लेकर एसडीएम और तहसीलदार धर्मपुर के साथ वन विभाग के कुछ आला अधिकारियों पर भी गाज गिरने की संभावना है।



पार्टी सचिव और पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह ने बताया कि इस अस्थायी बालन के डिपो के लिए कंपनी की निदेशक ने वन विभाग को 13 दिसंबर को आवेदन किया था और वन मंडल अधिकारी जोगिंद्रनगर ने उसे उच्च अधिकारियों को अनुमति हेतु भेजा, लेकिन अभी तक अनुमति नहीं मिली है। अब मामला हाईकोर्ट पहुंच गया है तो अब उम्मीद है कि जांच निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से होगी और राजनीतिक हस्तक्षेप नहीं हो पाएगा। माकपा नेता ने कहा कि जिस निजी कंपनी के नाम से ये बालन डंप किया गया है उसका नाम बहरी रिन्यूएबल एनर्जी रखा गया है, लेकिन उसने पहला ही काम अपने नाम के विपरीत किया।(अनंत ज्ञान)

### एसडीएम और तहसील कार्यालय का पिछले दो साल का रिकॉर्ड जांचा जाए


**पूर्व** जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह का कहना है कि सरकार बनते ही कई लोगों ने अंधाधुंध कटान किया है और आपदा की आड़ में भी हजारों पेड़ गिरा दिए गए। जाली आवेदनों के साथ मकानों को खतरा बताने के बाद हजारों पेड़ों की बलि ले ली गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि रेंज ऑफिस कैंपस में भी सैंकड़ों साल पुराने पेड़ काट कर गोलमाल किए गए और बाद में मंदिरों और श्मशान घाटों की रसीदें लगाई गई। अधिकारी कोर्ट को बताएं कि तुहनीं की इमारती लकड़ी से कौन मुर्दे फूंकता है। उनका कहना है कि पिछले दो साल का रिकॉर्ड देखा जाए कि कितने लोगों को प्रदेश से बाहर लकड़ी ले जाने की परमिशन दी गई। उन्होंने दावा किया कि प्रतिबंध वाले हजारों पेड़ काटे गए हैं। कितने जमीदारों ने कटान करवाया और उन पेड़ों के ठूंठ चैक किए जाएं, जिससे सारा सच सामने आ सके।

## स्वामी राणा का बिल्लो-2 शूट

**भीम बसेडू, महादेव**

गांव चौक से संबंध रखने वाले कला प्रेमी स्वामी राणा ने बिल्लो मंडी री... गाना शूट कर खासकर यू टयूब पर सराहे 'बिल्लो मंडी री हुई गी जवान... 'सुंदरनगर के मुंडे..., घुट घुट कर यारां ने लाई ली... आदि सराहे जाने के बाद।

अब सुंदरनगर और नेरचौक में बिल्लो -2गाना चढ़ी जवानी बिल्लो अख मस्तानी बिल्लो...शूट किया।




यह रंग-ढंग देखने के लिए लोगों में खासा उत्साह देखा गया।गाना पूरी तरह से लड़की पर आधारित है जिसके प्रदेश भर में धमाल मचाने की उम्मीद जाहिर की जा रही है पंजाबी के भी टच वाले इस गाने को राणा के चैनल एंड एसोसिएट पर सुनने को मिलेगा। इस नाच गाने के लिए प्रोत्साहित करने वाले चमन ठाकुर बरमाणा का धन्यवाद करते हुए यह गीत एवं भजन आदि लिखने वाले स्वामी राणा ने बताया कि इस गाना शूट में राजेंद्र कुमार, सनी कुमार, निशांत ने एक्टिंग की है संगीत पामी ने दिया है।

वीडियो शूट का कार्य चंडीगढ़ के जस्सी सैनी ने किया है। इसी बीच गाने की तर्ज महेश ने दी है। बता दें कि इससे पूर्व ग्लैमर स्टूडियो के जलवे बिखेरते हुए स्वामी राणा के गृह जिला मंडी के यहां 'बिल्लो मंडी री' गाना शूट हो चुका है तथा प्रदेश भर में गाने लोगों ने काफी हद तक पसंद किए हैं।( अनंत ज्ञान)

अनंत ज्ञान
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517

**सूचना**

**मैं, मीनाक्षी शर्मा** पत्नी श्री दिलावर सिंह निवासी गांव कंडा कोटी डाकघर चरना, तहसील संगड़ाह जिला सिरमौर हि.प्र. पिन 173104 घोषणा करती हूं कि मैंने अपनी बेटी का नाम दिव्यांशी से बदलकर दिव्यांशी ठाकुर कर दिया है। सभी संबंधित नोट करें।

# बारिश से हर क्षेत्र चहका, फसलों के लिए राहत की फुहारें

## अब तक जिले में दो दिनों में करीब 37.6 मिलीमीटर बारिश हुई रिकॉर्ड, सर्दियों के अनुसार तापमान पहुंचा सामान्य





पशु-पक्षियों के अलावा फसलों और मनुष्य के लिए यह मौसम का बदलाव राहत लेकर आया है। बारिश के कारण बाजारों में भी रौनक काफी कम रही और दुकानदार भी ग्राहकों का इंतजार करते हुए नजर आए।

**राजेश शर्मा, ऊना**

जिले में लगातार बारिश से हर क्षेत्र चहकने लगा है। पशु-पक्षियों के अलावा फसलों और मनुष्य के लिए यह मौसम का बदलाव राहत लेकर आया है।

शनिवार को दूसरे दिन भी बारिश और बूंदाबादी का दौर जारी रहा। अब तक जिले में इन दो दिनों में करीब 37.6 मिली मीटर बारिश रिकॉर्ड की गई है। तापमान भी सर्दियों के अनुसार सामान्य पहुंच गया है। शनिवार को अधिकतम 20.4 और न्यूनतम 5.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। यह बारिश हर क्षेत्र के लिए काफी फायदेमंद बताई जा रही है।

हालांकि कई जगह बारिश के कारण जनजीवन भी प्रभावित हुआ है। कई संपर्क मार्ग प्रभावित रहे और कई जगह कीचड़ सड़क पर पहुंच गया। बारिश के कारण बाजारों में भी रौनक काफी कम थी और दुकानदार ग्राहकों का इंतजार करते हुए नजर आए। शुक्रवार सुबह की जिले में बूंदाबांदी शुरु हुई थी। देर शाम होते होते बारिश तेज हो गई। रात को बारिश रुक-रुककर होती रही।

शनिवार को सुबह के समय बारिश हो रही थी, लेकिन दोपहर से आसमान पर बादल थे, हालांकि बारिश रुक चुकी थी। किसानों में राजीव कुमार, किशन चंद, राकेश कुमार, अजय और सूरम सिंह ने बताया कि यह बारिश उनके लिए वरदान है। उन्होंने बताया कि बारिश के कारण फसल खासकर सब्जी की फसल के लिए काफी फायदेमंद है। (अनंत ज्ञान)

### खाद का काम करेगी बारिश

बारिश ही नहीं यह ऐसा अमृत बरसा है कि इससे हर क्षेत्र चहका है। कृषि विभाग के अधिकारी डॉ. वीरेंद्र कुमार बग्गा ने बताया कि यह बारिश कई महीनों के बाद हुई और फसलों, सब्जियों, जानवरों के अलावा पशु पक्षियों के लिए भी बहुत अच्छी रही है।

यह बारिश शुष्क सर्दी से राहत दिलाने में काफी मदद करेगी। इससे मनुष्य जाति को भी लाभ मिलने वाला है। फसल के लिए बारिश एक खाद का काम करेगी और अच्छी उपज का अनुमान है। इससे फसलों में कई रोग भी दूर होंगे।

# खंभे से टकराई कार, हाई वोल्टेज तारों से बचा ड्राइवर



कार की टक्कर से खंभे के टुकड़े हो गए, पर हादसे में चालक सहित राहगीर बच गए।

**अनंत, ज्ञान हरोली**

उपमंडल हरोली के तहत लोअर सलोह तथा रोड़ा में दो सड़क हादसे पेश आए। दोनों ही हादसों में गाड़ियों के चालक सुरक्षित बच गए। पहला मामला सलोह जेजों मोड़ सड़क पर पेश आया, जिसमें अनियंत्रित कार खंबे से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि खंभे के कई टुकड़े हो गए तथा हाई वोल्टेज तारें बीच सड़क पर बिखर गईं। जब घटना हुई थी तब करंट दौड़ रहा था।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक खंभे से टकराने के बाद कार करीब पांच फुट नीचे जा गिरी, लेकिन कार सवार इसमें बाल-बाल बच गया। यह हादसा शुक्रवार सुबह सवा आठ बजे के करीब पेश आया, उस समय स्कूल के छात्र-छात्राएं तथा नौकरी पेशा लोग भारी संख्या में इस सड़क से गुजरते हैं। गनीमत यह रही कि हादसे के समय कोई हाई वोल्टेज तारों को चपेट में नहीं आया, अन्यथा कोई बड़ा हादसा हो सकता था। सूचना मिलते ही बिजली बोर्ड द्वारा बिजली सप्लाई को काट दिया गया तथा ट्रैफिक को सुचारु किया। सूचना के मुताबिक टूटे हुए खंभे को ठीक करके बिजली व्यवस्था को बहाल कर दी गई थी।

दूसरा हादसा हरोली रामपुर पुल के नजदीक रोड़ा में पेश आया यहां मोड़ पर अनियंत्रित होकर पिकअप सड़क से करीब 6 फुट नीचे जा लुढ़की। हादसे में चालक सुरक्षित बच निकला और हाइड्रा की मदद से गाड़ी को बाहर निकाला गया।

# सोमवार-वीरवार को होगा जन शिकायत निपटान : सोनू गोयल



**बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा के उपमंडलाधिकारी नागरिक बंगाणा सोनू गोयल ने हिमाचल प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार नागरिकों की समस्याओं के निपटान हेतु एक नई पहल की घोषणा की है। अब हर सोमवार और वीरवार को मिनी सचिवालय, बंगाणा में जन समस्याओं की सुनवाई की जाएगी।

यदि इन निर्धारित दिनों में अवकाश पड़ता है, तो सुनवाई अगले कार्य दिवस पर होगी। एसडीएम ने बताया कि इस कदम का उद्देश्य प्रशासन और जनता के बीच संवाद को मजबूत करना और समस्याओं का पारदर्शी व त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे इस सुविधा का लाभ उठाएं और अपनी शिकायतें, सुझाव व समस्याएं सीधे उनके समक्ष प्रस्तुत करें। यह पहल प्रशासनिक सेवाओं को अधिक सुगम और प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# 'संघर्ष की आपबीती' आत्मकथा का विमोचन




श्री लक्ष्मी दास द्वारा लिखित पुस्तक का विमोचन करते डॉ. कर्ण सिंह और अन्य गणमान्य।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

शिवालिक खादी आश्रम संतोषगढ़ के प्रोमोटर और हिमाचल खादी ग्रामोद्योग फेडरेशन के अध्यक्ष श्री लक्ष्मी दास द्वारा लिखित आत्मकथा 'संघर्ष की आपबीती' का विमोचन कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया, नई दिल्ली में आयोजित किया गया।

ऊना के प्रसिद्ध समाज सेवी एवं गांधीवादी विचारक श्री लक्ष्मी दास की आत्मकथा के विमोचन के अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पद्म विभूषण एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ. कर्ण सिंह रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. एचके पाटिल, कर्नाटक सरकार के कानून और न्याय तथा संसदीय मामलों के मंत्री ने की। डॉ. कर्ण सिंह ने कहा कि यह पुस्तक लक्ष्मी दास जी के जीवन का सत्य है जो उनकी गांधीवादी तरीके से लिखी गई है।

### सत्य लिखना बहुत कठिन होता है : डॉ. पाटिल

डॉ. एचके पाटिल ने कहा कि सत्य लिखना बहुत कठिन होता है परंतु लक्ष्मी दास जी ने एक उदाहरण प्रस्तुत किया है। अपने मार्मिक संबोधन में, लक्ष्मी दास ने पुस्तक लेखन की अपनी यात्रा और जीवन को आकार देने वाली महत्वपूर्ण घटनाओं को साझा किया। एक समर्पित गांधीवादी के रूप में उन्होंने आचार्य विनोबा भावे और अन्य महान विचारकों से प्रेरणा ली। पुस्तक में उनके सर्वोदय आंदोलन में महत्वपूर्ण योगदान और सामाजिक सुधारों व जमीनी स्तर के विकास में उनके प्रयासों को रेखांकित किया गया है। पुस्तक में उनके खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष के रूप में कार्यकाल को विशेष रूप से दर्शाया गया है, जिसमें ग्रामीण उद्योगों को बढ़ावा देने और बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा करने के उनके प्रयास शामिल हैं। कार्यक्रम का संचालन दिल्ली विश्वविद्यालय की डॉ. अमना मिर्जा ने किया।

# 31 तक बिजली मीटर को आधार कार्ड से करवाएं लिंक

**अनंत ज्ञान, ऊना।** विद्युत उपमंडल बसाल के तहत आने वाली सभी घरेलू उपभोक्ता 31 दिसंबर तक अपने विद्युत मीटर खाता संख्या को आधार कार्ड से लिंक (केवाइसी) करवाना सुनिश्चित बनाएं। यह जानकारी विद्युत उपमंडल बसाल के सहायक अभियंता इंजीनियर सुनील कुमार ने दी।

उन्होंने बताया कि केवाइसी करवाने के लिए आधार कार्ड, राशन कार्ड और बिजली का नया और पुराना बिल जैसे दस्तावेज लाना अनिवार्य होगा। केवाईसी के दौरान उपभोक्ता आधार कार्ड से लिंक मोबाइल साथ रखें। उन्होंने कहा यदि कोई उपभोक्ता केवाईसी करवाने में सहयोग नहीं करता है या केवाईसी नहीं करवाना चाहता तो भविष्य में वह उपभोक्ता बिजली के बिलों में मिलने वाली सुविधाओं से वंचित रह सकता है।

## ठाकुरद्वारा मंदिर में बाबा बाल जी ने श्रद्धालुओं को दिया आशीर्वाद

# मुबारिकपुर में हुई श्रद्धा की अमृत वर्षा



बाबा बाल जी महाराज मुबारिकपुर के ठाकुरद्वारा में प्रवचन करते हुए।

**सुदीप सरोच, मुबारिकपुर**

ठाकुरद्वारा मंदिर (शिवपुर) मुबारकपुर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी श्रद्धालुओं को अपना आशीर्वाद देने के लिए विशेष रूप से पहुंचे और उन्होंने अपने प्रवचनों की अमृत वर्षा की और श्रद्धालुओं ने उनका आशीर्वाद लिया।

इसके बाद कथावाचक आचार्य श्री कृष्णदास ने भक्तों को भगवान श्री कृष्ण की बाल लीला का वर्णन सुनाया। उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण के पैदा होने के बाद कंस उसको मौत के घाट उतारने के लिए अपने राज्य की सर्वाधिक बलवान राक्षसी पूतना को भेजता है। पूतना भेष बदलकर भगवान श्री कृष्ण को अपने स्तन से जहरीला दूध पिलाने का प्रयास करती है, लेकिन भगवान श्री कृष्ण उन्हें मौत के घाट उतार देते हैं। इसके बाद कार्तिक माह में बृजवासी भगवान इंद्र को प्रसन्न करने के लिए पूजन का कार्यक्रम करने की तैयारी करते हैं। भगवान कृष्ण द्वारा उनको भगवान इंद्र के पूजन करने से मना करते हुए गोवर्धन महाराज की पूजा करने की बात कहते हैं।

इंद्र भगवान उन बातों को सुनकर क्रोधित हो जाते हैं और भारी वर्षा करते हैं, जिसको देखकर समस्त बृजवासी परेशान हो जाते हैं। इस पर भगवान श्री कृष्ण गोवर्धन पर्वत को अपनी कनिष्ठा उंगली पर उठाकर पूरे प्रदेशवासियों को पर्वत के नीचे बुला लेते हैं जिससे हार कर इंद्र देवता एक सप्ताह के बाद वर्षा को बंद कर देते हैं जिसके बाद ब्रज में भगवान श्री कृष्ण और गोवर्धन महाराज के जयकारे लगाने लगते हैं, तभी से इस पर्वत को गोवर्धन पर्वत कहा जाता है।

इस मौके पर भगवान को छप्पन भोग लगाया गया। श्रीमद् भागवत कथा सुनने के लिए सैकड़ों श्रद्धालु पहुंचे। इस दौरान विशाल भंडारा लगाया गया। (अनंत ज्ञान)

### डॉ. मनमोहन को दी श्रद्धांजलि



ऊना। विधानसभा क्षेत्र चिंतपूर्णी में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चिंतपूर्णी की ओर से शनिवार को दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। विधायक सुदर्शन बबलू ने बताया कि इस दौरान सभी ने ईश्वर से उनकी आत्मा को शांति प्रदान करने की प्रार्थना की।

### बंगाणा में कल बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

**बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा के अंतर्गत बंगाणा क्षेत्र में 30 दिसंबर को 33/11 केवी उपकेंद्र बंगाणा में जरूरी मरम्मत अथवा रखरखाव हेतु बिजली आपूर्ति सुबह 9 से शाम 6 बजे तक बाधित रहेगी। इस दौरान 33/11 केवी उपकेंद्र बंगाणा के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र धुंदला, हटली, तलमेहड़ा, पिपलू, झगरोट, नलवाडी, बंगाणा, लठियाणी आदि क्षेत्रों की बिजली सप्लाई बाधित रहेगी। सहायक अभियंता इंजीनियर उदित सिंह ने जानकारी दी है कि मौसम खराब रहने की स्थिति में यह कार्य अगले दिन या किसी अन्य दिन किया जाएगा तथा सभी उपभोक्ताओं से सहयोग के लिए अपिल की है।

# दो महिलाओं ने निगला विषाक्त, एक की मौत

**अनंत ज्ञान, ऊना।** जिले में अलग-अलग स्थानों पर जहरीले पदार्थ के सेवन करने की दो घटनाएं सामने आई हैं। इन घटनाओं में एक महिला की मौत हो गई, जबकि दूसरी महिला क्षेत्रीय अस्पताल में जिंदगी और मौत से जूझ रही है। पहली घटना अंब तहसील के बड़ोह बडोरा चक्क सराय गांव की है, जहां 50 वर्षीय संध्या देवी पत्नी गुरदास सिंह ने अज्ञात कारणों के चलते घर में रखा जहरीला पदार्थ निगल लिया। गंभीर हालत में परिजन उन्हें रीजनल अस्पताल ऊना लेकर पहुंचे, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया है।

जिले में एक अन्य घटना जिला मुख्यालय के पास ग्राम पंचायत बरनोह में हुई। यहां 34 वर्षीय महिला ने भी अज्ञात कारणों के चलते जहरीला पदार्थ निगल लिया। परिजनों ने महिला को तुरंत क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में भर्ती करवाया, जहां उसका इलाज चल रहा है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र शर्मा ने इन दोनों घटनाओं की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने दोनों मामलों में जांच शुरू कर दी है। मृतका के परिजनों और बरनोह निवासी महिला के परिवार से पूछताछ की जा रही है। घटनाओं के कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस ने आसपास के लोगों से भी जानकारी जुटाई है।

# साहिबजादों के शहीदी दिवस पर लगाया गुरु का लंगर




गुरु के लंगर में प्रसाद ग्रहण करते लोग।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

गुरु गोबिंदसिंह जी के साहिबजादों के शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में गुरु नानक मिशन संस्था के सौजन्य से चल रहे धार्मिक समागम में शनिवार को गुरु का लंगर लगाया गया। इस अवसर पर हजारों लोगों ने गुरु के लंगर में प्रसाद ग्रहण किया। इससे पहले कीर्तन दरबार और अन्य धार्मिक आयोजन भी किए गए।

इस अवसर पर बलविंद्र सिंह, राम रत्न सिंह, इंद्रजीत सिंह, हरबंस सिंह, अजीत सिंह, परमजीत सिंह, सिमरजीत सिंह और जितेंद्र सिंह समेत कई लोग मौजूद रहे।

# पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह के निधन पर शोक जताया

**अनंत ज्ञान, ऊना।** अखिल भारतीय हिमाचल सामाजिक संस्था संघ (पंजी.) दिल्ली ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर दुख व्यक्त किया है। संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष केएम लाल ने कहा कि स्व. मनमोहन सिंह ने अपने प्रधानमंत्री रहते 10 साल के शासनकाल में कई ऐसे बड़े और महत्वपूर्ण फैसले लिए, जिसने भारत को और अधिक ऊंचाइयों पर ले जाने का काम किया।

उन्होंने शिक्षा का अधिकार, सूचना का अधिकार, मनरेगा योजना समेत तमाम कई बड़े फैसले हैं। इसके अलावा उनके कार्यकाल में भारतीय अर्थव्यवस्था ने रफ्तार के नए रिकॉर्ड कायम किए थे। उन्होंने कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह ने प्रोफेसर, अर्थशास्त्री सलाहकार, भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर, वित्त मंत्री और भारत के प्रधानमंत्री के रूप में देश की सेवा, बड़ी सादगी के साथ करके, अपना पूरा जीवन देश के लिए न्योछावर कर दिया। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए शोक संतृप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त की हैं।

# सदाशिव में 31 दिसंबर को स्वामी ओंकारानंद की मनाई जाएगी पुण्यतिथि

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा के सदाशिव मंदिर चेरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रवीण शर्मा ने कहा कि सदाशिव मंदिर के संस्थापक हमारे प्रात: स्मरणीय नित्य वंदनीय पूज्य पाद श्री श्री 1008 स्वामी ओंकार आनंद गिरि जी महाराज की 35वीं पुण्यतिथि सभी संत भक्त जनों द्वारा भगवान धोम्येश्वर महादेव मनोहर देवालय सदाशिव मंदिर में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाई जा रही है, इसलिए सभी संत भक्तजनों के सानिध्य में भगवान भोलेनाथ के इस दिव्य स्थान सदाशिव मंदिर पहुंचकर कार्यक्रम की शोभा को चार चांद लगाएं। अत: आप सभी भक्तजनों से करबद्ध निवेदन है की 31 दिसंबर मंगलवार को आप भी इस अद्भुत आयोजन में अवश्य पधारकर पुण्य के भागी बनें।



सदाशिव मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रवीण शर्मा ने कहा कि सदाशिव मंदिर में प्रति वर्ष श्री श्री 1008 स्वामी ओंकारानंद जी महाराज जी की पुण्य तिथि धूमधाम से मनाई जाती है और इस बार बाबा जी की पुण्यतिथि पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में पहुंचने वाले सभी साधु-संतों को गर्म कपड़े वितरित किए जाएंगे।

### साधु-संतों को बांटे जाएंगे गर्म कपड़े : प्रवीण शर्मा

प्रवीण शर्मा ने कहा कि सदाशिव मंदिर के साथ जुड़े सभी श्रद्धालुओं से निवेदन है कि वह 31 दिसंबर को बाबा जी की पुण्यतिथि पर मंदिर परिसर जरूर पहुंचं औरकार्यक्रम का भागीदार बनें। ज्ञात रहे सदाशिव मंदिर तलमेहड़ा हर वर्ष वर्ष भर के छह से ज्यादा बड़े कार्यक्रम करवाते हैं, जिसमें सावन मास मेले, श्री कृष्ण जन्माष्टमी, महाशिवरात्रि पर्व के अलावा जून माह में श्री श्री 1008 बाबा सुग्रीवानंद जी महाराज का विशालकाय कार्यक्रम सावन मास में श्रीमद् भागवत कथा 31 दिसंबर को बाबा जी की पुण्यतिथि ओर सावन मास के बाद विशाल दंगल का कार्यक्रम होता है। (अनंत ज्ञान)

**अव्यवस्था** हाईवे पर अव्यवस्थित बने यू टर्न और शार्प कट बन रहे हादसों का कारण

# व्यापारिक लाभ के लिए कुछ खुद ही बना रहे शार्प कट

**अनंत ज्ञान, ऊना**

मैहतपुर से अंब नेशनल हाईवे पर बने शार्प कट जानलेवा साबित हो रहे हैं। नेशनल हाईवे पर आए दिन सड़क हादसे हो रहे हैं। महीने भर में कई जानें इसकी वजह से चली गई हैं। पिछले एक साल में अव्यवस्थित यू टर्न या शार्प कटों के कारण कई लोग हादसों का शिकार हो रहे हैं।



जिले में मैहतपुर से अंब तक बने नेशनल हाइवे के हालात यह हैं कि कुछ किलोमीटर क्षेत्र में फैले नेशनल हाईवे (फोरलेन) पर तीन दर्जन के करीब यू टर्न या शार्प कट बनाए गए हैं। इसमें से अधिकांश कट अब ब्लैक स्पॉट साबित हो रहे हैं। कहीं-कहीं तो एक से डेढ़ किलोमीटर के दायरे में ही चार से पांच कट भी बनाए हुए हैं। नेशनल हाईवे पर लोग अपनी मर्जी से ही व्यापारिक लाभ को देखते हुए अपने आप ही कटों को खोल रहे है। ऐसा ही मामाला देहलां गांव में भी देखने में आया है, जहां किसी व्यक्ति ने व्यापारिक लाभ को देखते हुए नेशनल हाईवे पर अनाधिकृत रूप से डिवाइडर तोड़कर कट बना लिया, लेकिन संबंधित एनएचआई विभाग को इसकी कानों-कान खबर तक नहीं लगी।

मीडिया द्वारा मामला जब विभाग के संज्ञान में लाया गया तो विभाग द्वारा इसकी शिकायत पुलिस के पास की है। संबंधित विभाग व पुलिस प्रशासन अब डिवाइडर खोलकर शार्प कट बनाने वाले के खिलाफ कार्रवाई करने जा रहा है।

ऊना जिले के प्रवेश द्वार मैहतपुर से लेकर झलेड़ा तक करीब पंद्रह किलोमीटर फोरलेन आता है। ऐसा प्रतीत हुआ है कि जिसका जहां मन कर रहा, वहां सड़क के बीचों-बीच बनाई गई दीवारों को तोड़कर यू टर्न या शार्प कट बनाते जा रहे हैं। देखने में आया है कि संबंधित विभाग के अधिकारी इस पर कोई कार्रवाई नहीं कर पा रहे हैं। आलम यह है कि अव्यवस्थित शार्प कट अब लोगों की जान के दुश्मन बन गए हैं। पिछले एक वर्ष में इन कटों के कारण एक दर्जन के करीब लोग मौत का ग्रास बन चुके हैं।

नेशनल हाईवे पर शार्प कट बनाने के लिए संबंधित विभाग द्वारा कोई नियम नहीं देखे जा रहे हैं। मैहतपुर के समीप भी किसी व्यक्ति ने व्यापारिक लाभ को देखते हुए न जाने किसकी अनुमति से सड़क के बीचों-बीच बनी दीवार को तोड़कर शार्प कट बना दिया, जबकि उस स्थान से 400-500 मीटर दूरी दोनों तरफ पहले ही कट बने हुए थे। अपने व्यापारिक हित को देखते हुए यहां कट बनाकर लोगों की परेशानी बढ़ा दी गई। मीडिया द्वारा मामला उजागर किया गया तो संबंधित विभाग ने पुलिस के पास शिकायत सौंपी। वहीं पुलिस भी इस दिशा में कार्रवाई करने में जुट गई है।

# विजय हजारे ट्रॉफी में महाराष्ट्र ने हिमाचल को 84 रन से हराया

**संजीव पुरी, ऊना**

विजय हजारे ट्रॉफी के तहत हिमाचल का मुकाबला महाराष्ट्र के साथ नवी मुंबई में खेला गया। इसमें महाराष्ट्र की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 10 विकेट पर 360 रन बनाए। एसए वीर ने शतक लगाया और टीम के लिए 155 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी में 15 चौके और 8 छक्के लगाए, एआर भाव ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए शतक लगाया और टीम के लिए 123 रन बनाए, अपनी पारी में अपनी पारी में 12 चौके और 3 छक्के लगाए।



हिमाचल के गेंदबाजों का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा। विनय गुलेटिया ने 10 ओवर में 67 रन देकर 1 खिलाड़ी को आउट किया, ऋषि धवन ने 10 ओवर में 83 रन देकर तीन खिलाड़ियों को आउट किया, वैभव ने 10 ओवर में 43 रन देकर पांच खिलाड़ियों को आउट किया, मयंक डागर ने 8 ओवर में 77 रन देकर एक खिलाड़ी को आउट किया। वहीं,

### बल्लेबाजों और गेंदबाजों का प्रदर्शन निराशाजनक


हिमाचल के बल्लेबाजों का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा। प्रशांत चोपड़ा ने 87 रन बनाए, मणि शर्मा ने 54 रन बनाए, अपूर्व बलिया ने 45 रन बनाए। ऋषि धवन ने 20 रन बनाए, वैभव अरोड़ा ने 28 रन बनाए।

एएन काजी ने 3 खिलाड़ियों को आउट किया, आरएन गुरबाणी ने एक खिलाड़ी को आउट किया, पीसी दडे ने एक खिलाड़ी को आउट किया, जबकि हिमाचल के दो खिलाड़ी रन आउट हुए। एसएस वचब ने दो खिलाड़ियों को आउट किया। हिमाचल की टीम 10 विकेट पर 276 रन ही बना सकी। महाराष्ट्र ने हिमाचल को 84 रन से हराकर शानदार जीत दर्ज करवाई। टूर्नामेंट में हिमाचल की यह लगातार दूसरी हार है और दो मेच में जीत दर्ज करवाई थी। (अनंत ज्ञान)

**कमलेश वर्मा,कुल्लू/केलांग।** जिला कुल्लू व लाहौल-स्पीति की सभी चोटियां व अधिकतर मैदानी क्षेत्र बर्फ की चांदी से सराबोर हो गए हैं। बर्फबारी से दोनों जिलों में दुश्वारियां बढ़ गई हैं और जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। लाहौल-स्पीति के ऊंचाई वाले ग्रामीण क्षेत्रों में तीन से चार फुट बर्फबारी हुई है। बर्फबारी से ग्रामीणों की परेशानी बढ़ गई है, लोग घरों में कैद हो गए हैं। जिले में शुक्रवार सुबह से लगातार बर्फबारी हो रही है। दर्रों के बजाय इस बार घाटी में अधिक बर्फबारी हुई है। रोहतांग, शिंकुला, बारालाचा व कुंजम में अढ़ाई फुट बर्फबारी की सूचना है, जबकि दर्रों से अधिक बर्फबारी ग्रामीण क्षेत्रों में हुआ है। सबसे अधिक बर्फबारी अटल टनल रोहतांग के साउथ व नॉर्थ पोर्टल में हुई है। यहां साढ़े तीन फुट बर्फबारी दर्ज की गई है। अटल टनल यातायात के लिए बंद है। दारचा में सात से आठ इंच, जिला मुख्यालय केलंग में पांच इंच, उदयपुर उपमंडल में आठ इंच, तिंदी में आठ इंच, सिस्सू व गोंदला में तीन फुट, कोकसर में एक फुट जबकि स्पीति घाटी में तीन इंच से आठ इंच तक हिमपात हुआ है। अधिकतर क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति सामान्य है जबकि कुछ एक दूरदराज के क्षेत्रों में बिजली बाधित हो गई है। पानी जमने से ग्रामीणों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। उपायुक्त लाहौल-स्पीति राहुल कुमार ने बताया कि जिला में शुक्रवार से भारी बर्फबारी का क्रम जारी है। ऊंचाई वाले ग्रमीण क्षेत्रों में साढ़े तीन फीट से अधिक बर्फबारी हो चुका है। उन्होंने कहा कि प्रशासन हालात पर नजर रखे हुए हैं। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि मौसम खुलने तक घरों से बाहर न निकलें। वहीं, कुल्लू जिला के भी सभी क्षेत्रों में बर्फबारी ने दिक्कतें बढ़ा दी हैं। अधिकतर सड़कें बंद हैं। वहीं, मनाली शहर में बीती रात को हल्का बर्फबारी हुआ है। वहीं, हिडिम्बा मंदिर के आसपास भी हल्की बर्फबारी देखने को मिली है। वहीं, पलचान और उससे आगे पूरी घाटी ने बर्फ की चादर ओढ़ ली है। (अनंत ज्ञान)

# बर्फबारी–बारिश से गुलजार

# कुल्लू और लाहौल–स्पीति









## कभी न भूलने वाली यादें मिली

**हिमाचल** प्रदेश के मनाली में बीती रात को भारी बर्फबारी के चलते सैलानियों को कभी ना भूलने वाली यादें मिली। इस दौरान सोलंगनाला में भारी बर्फबारी में सैलानी 20 घंटे तक फंसे रहे। शुक्रवार दोपहर को मनाली से 20 किमी घूमने गए कई सैलानियों की रात गाड़ी में कटी और वह सोलंगनाला में पलचान और आसपास फंसे रहे। शनिवार सुबह भी पलचान से मनाली तक छह किमी के करीब लंबा जाम देखने को मिला। पर्यटकों ने बताया कि उन्होंने गाड़ी में ही रात काटी। हालांकि कई पर्यटकों के वाहन फोर वाई फोर थे लेकिन ट्रैफिक जाम के कारण वह भी अपने वाहन नहीं निकाल पाए।

## पुलिस जवान सड़कों पर फेंकते रहे मिट्टी और रेत

**हालांकि,** ठंड और बर्फबारी के बीच रात को मनाली के डीएसपी केडी शर्मा सहित अन्य जवान वाहनों को निकालने में जुटे रहे। पुलिस जवान बेलचा लेकर सड़कों पर मिट्टी और रेत फेंकते रहे। वहीं, दूसरी ओर लाहुल स्पीति पुलिस के जवान भी पर्यटकों के रेस्कयू में जुटे रहे।

## टेंपो ट्रेवलर में फंसे रहे कई पर्यटक

**टेंपो** ट्रेवलर के एक चालक ने बताया कि वह यहां पर रात भर फंसे रहे और खाना पीना कुछ नहीं मिला। उनके साथ काफी टूरिस्ट गाड़ी में ही सोए। हरियाणा के एक अन्य ट्रेवलर चालक ने बताया कि वह शुक्रवार दोपहर दो बजे से फंसे हुए हैं और खाना-पीना कुछ नहीं मिला है और शनिवार को मनाली पहुंचकर ही उन्होंने खाना खाया।मजबूरन सैकड़ों की संख्या में वाहन चालकों को कड़कड़ाती ठंड के बीच गाड़ियों में ही रात बितानी पड़ी। रात से से ही सोशल मीडिया में भी पर्यटकों के फंसे होने के वीडियो लगातार वायरल हो रहे हैं।




जनजीवन अस्त व्यस्त कई सड़कें अवरुद्ध

## शुक्रवार से शनिवार तक जाम रहा मनाली–सोलंगनाला

**मनाली** में शुक्रवार दोपहर को हजारों गाड़ियों में 5000 से अधिक पर्यटक फंस गए थे। पुलिस ने एक हजार गाड़ियों को रात को निकाल लिया था, लेकिन फिर भी काफी वाहन रातभर फंसे रहे और शनिवार सुबह यहां पर गाड़ियां निकाली। रात को बर्फबारी के चलते मनाली से सोलंगनाला तक लेह मनाली हाईवे जाम हो गया। गाड़ियां यहां पर फिसलती नजर आई और इस कारण हाईवे जाम हो गया।



## बर्फ का मजा कई पर्यटकों के लिए बना सजा पर्यटक भूखे–प्यासे बर्फबारी के बीच फंसे

**मजबूरन** सैकड़ों की संख्या में वाहन चालकों को कड़कड़ाती ठंड के बीच गाड़ियों में ही रात बितानी पड़ी। रात से ही सोशल मीडिया में भी पर्यटकों के फंसे होने के वीडियो लगातार वायरल हो रहे हैं। जिसमें गाड़ियों में पर्यटक और ड्राइवर बीते कल से यहां फंसे होने की बात कह रहे हैं। सनद रहे कि हिमाचल प्रदेश में बीते कल से ही बारिश और बर्फबारी का दौर जारी है। प्रदेश में बर्फबारी का दौर शुरू होते ही बड़ी संख्या में पर्यटकों ने हिमाचल का रुख किया। जिसके चलते बड़ी तादाद में बर्फबारी का आनंद लेने के लिए पर्यटक मनाली पहुंचे हुए थे, लेकिन बर्फ का मजा कई पर्यटकों के लिए सजा बन गया कई पर्यटक भूखे-प्यासे बर्फबारी के बीच फंसे रहे।




## न्यूज ब्रीफ

### दिल का दौरा पड़ने से अमृतसर के पर्यटक की मौत

**अनंत ज्ञान, मनाली।** नववर्ष की संध्या मनाने आए अमृतसर के पर्यटक की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई है। मृतक की पहचान कर्ण रतन (32 ) पुत्र नवीन रतन निवासी मजीठा रोड अमृतसर के रूप में हुई है। पर्यटक बरुआ में एक निजी कोटेज में ठहरा हुआ था। जानकारी के अनुसार पर्यटक के सीने में दर्द हुई। उसके साथी उसें उपचार के लिए मिशन अस्पताल ले गए लेकिन उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। डीएसपी केडी शर्मा ने बताया कि दिल का दौरा पड़ने से अमृतसर के पर्यटक की मौत हो गई है। शव को कब्जे में ले लिया है। पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

### जगातखाना में मिला युवक का शव, मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, आनी।** कुल्लू जिला के उपमंडल आनी के अंतर्गत आने वाले पुलिस थाना ब्रो के तहत एक युवक का शव मिला है। यह शव जगातखाना में प्रेम कुमार शर्मा के एक क्षतिग्रस्त भवन के अंदर मिला है। अंदेशा जताया जा रहा है कि अधिक ठंड लगने के कारण युवक की मौत हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर छानबीन शुरू कर दी है। मामले की पुष्टि करते हुए डीएसपी आनी चंद्रशेखर कायथ ने बताया कि मृतक की पहचान राज देव (25) पुत्र इशरूमल निवासी रानोल, जिला शिमला के रूप में हुई है। शव की शिनाख्त रामपुर के खनेरी निवासी हरिओम गुप्ता ने की है। डीएसपी ने बताया कि मृतक राजदेव हरिओम गुप्ता के ढाबे में पिछले करीब 5 महीने से काम कर रहा था, लेकिन मृतक ने 18 दिसंबर को ढाबा छोड़ दिया था। लेकिन 26 दिसंबर को मृतक का भाई राजदेव की तलाश करते हुए उसके पास पहुंचा और बताया कि उसका कहीं पता नहीं चल रहा है। इसी बीच जगातखाना पुलिस को बाजार में खेलते किसी बच्चे ने बताया कि उस क्षतिग्रस्त भवन में कोई व्यक्ति पड़ा है। जिसके बाद पुलिस ने मौके पर जाकर पाया कि यह युवक मर चुका है। जिस पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मृतक के परिजनों को सूचित कर दिया है। पुलिस ने शव को सिविल अस्पताल निरमंड भेज दिया है, जहां रविवार को उसका पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

### शैक्षणिक भ्रमण कर लौटे हरिपुर कॉलेज के छात्र

**अनंत ज्ञान, मनाली।** जवाहर लाल नेहरू महाविद्यालय हरिपुर मनाली के शारीरिक शिक्षा व वाणिज्य विभाग की और से छह दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। जिसमे महाविद्यालय के 51 छात्र छात्राओं ने भाग लिया । प्रो. ज्योति बाला व प्रो. मोनिका ने बताया कि ये भ्रमण मनाली से प्रारंभ हुआ। विद्यार्थियों ने जयपुर के सबसे बड़े किले 'आमेर' को देखा और उसके इतिहास और समृद्धि के विषय में जाना। विद्यार्थियों ने 'पिंक सिटी' गुलाबी नगरी के इतिहास को जाना। शाम को एशिया के सबसे बड़े पर्दे 'राज मंदिर' में मूवी देखी। अगले दिन विद्यार्थियों के समूह ने जल महल, अल्बर्ट हॉल म्यूजियम, हवा महल, जंतर मंतर को निहारा और हैंडीक्राफ्ट्स फैक्टरी में वहां की कला बारे जाना। तीसरे दिन विद्यार्थियों ने पुष्कर में स्थित विश्व में एकमात्र 'श्री आदि ब्रह्मा ' जी के मंदिर के साथ ही 'पुष्कर झील ' के दर्शन किये। विद्यार्थियों ने रेगिस्तान में कैमल, थार, मोटर राइड जैसी बहुत सी साहसिक गतिविधियां की। चौथे दिन विद्यार्थियों ने चंडीगढ़ 'ब्यूटीफुल सिटी ' में स्थित 'रोक गार्डन और बर्ड पार्क ' को निहारा। शाम को एलांटे माल में खरीदारी की । प्राचार्या डॉ. शेफाली ने शैक्षणिक भ्रमण के आयोजनकर्ता प्रो. ज्योति बाला व प्रो. मोनिका के कार्य की सराहना करते हुए कहा कि महाविद्यालय हरिपुर का उद्देश्य केवल विद्यार्थियों को शिक्षा देना ही नहीं अपितु व्यावहारिक ज्ञान के द्वारा उनका सर्वांगीण विकास करना है ।

### बिजली संबंधी कार्यों में कुशलता का करें उपयोग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड लिमिटेड द्वारा आजकल प्रदेश भर में पब्लिक इंटरेक्शन कार्यक्रम के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में शनिवार को कुल्लू विद्युत मंडल के तहत कसोल ग्राम सभा में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बिजली बोर्ड के सलाहकार अनुराग पराशर ने बताया कि बोर्ड अपने कार्य को प्रभावी तरीके में करने में तभी कामयाब होगा, जब बिजली उपभोक्ता भी अपने बिजली संबंधी कार्यों में कुशलता का उपयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि बिजली उपभोक्ता अपने उत्तरदायित्वों में बिजली बचत, उचित विद्युत भार, अर्थिंग आदि शामिल करें जिससे बिजली उपभोक्ताओं को अधिक गुणवत्तापूर्ण विद्युत प्रदान की जा सके। उन्होंने कहा कि पीक विद्युत भार आवर्स में बिजली की कम खपत कर जहां बिजली उपभोक्ताओं के बिजली बिलों में कमी आएगी, वहीं विद्युत भार का सही वितरण भी हो सकेगा। उन्होंने कहा कि बिजली उपभोक्ता बिजली आपूर्ति में व्यवधान की दिशा में बोर्ड के संपर्क नंबरों पर फोन कर सकते हैं। इस अवसर पर प्रधान ग्राम पंचायत छलाल चुन्नी लाल, प्रधान महिला मंडल कसोल कौशल्या देवी, ओम प्रकाश वार्ड सदस्य कसोल, मीना देवी सदस्या महिला मंडल, रक्षा देवी, सरिता देवी निरत राम आदि उपस्थित थे।

## लोकनृत्य में पीएम श्री आनी के स्टूडेंट्स सेकंड

**अनंत ज्ञान, निरमंड**

भारत रेडक्रॉस सोसायटी के सौजन्य से बीबीके डीएवी कॉलेज अमृतसर पंजाब में 24 से 28 दिसंबर तक जूनियर रेडक्रॉस प्रशिक्षण एवं अध्ययन राष्ट्रीय कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में हिमाचल प्रदेश का नेतृत्व जिला कुल्लू के दो काउंसलरों तथा 13 स्वयंसेवियों ने किया।




पीएम श्री विद्यालय आनी के हिंदी प्रवक्ता डोला राम शर्मा तथा साईं स्टार स्कूल कुल्लू की प्रवक्ता जयवंती के नेतृत्व में 5 विद्यार्थी पीएम श्री विद्यालय आनी से, तीन विद्यार्थी डीएवी स्कूल मोहल तथा पांच विद्यार्थी साईं स्टार स्कूल कुल्लू से प्रतिभागी रहे। प्रवक्ता ने कहा कि कैंप में निश्चित समय सारिणी के अंतर्गत अंतर राज्यीय सांस्कृतिक स्पर्धाएं तथा रेडक्रॉस आधारित प्रदर्शनी, परेड आदि का आयोजन किया गया। पीएम श्री आनी के विद्यार्थियों ने जिला के अन्य विद्यार्थियों के साथ लोकनृत्य प्रतियोगिता में द्वितीय तथा समूह गान प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कैंप के दौरान विद्यार्थियों ने अमृतसर में स्थित ऐतिहासिक स्थलों स्वर्ण मंदिर, जलियांवाला बाग, वाघा बॉर्डर आदि का भ्रमण भी किया। उपनिदेशक उच्चतर शिक्षा जिला कुल्लू अमर चंद चौहान ने विद्यार्थियों के लिए इस प्रकार के आयोजन हेतु आभार व्यक्त करते हुए इन्हें शैक्षणिक विकास एवं प्रत्यक्ष ज्ञान हेतु महत्वपूर्ण माना।

## अर्थव्यवस्था को सुधारने के लिए स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा पूर्व पीएम का योगदान : सत्य प्रकाश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर शनिवार को भुट्टिको सभागार में एक शोक सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई और उनके चित्र पर सैकडों बुनकरों, प्रबंधन और सदस्यों द्वारा पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई।



भुट्टिको सभागार में पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर हुई शोक सभा

शोक सभा को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री एवं भुट्टिको के अध्यक्ष ठाकुर सत्य प्रकाश ने कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह का समाज के हर वर्ग को आर्थिक और सामाजिक रूप में मजबूत करने के लिए सदैव विशेष झुकाव रहता था। अर्थशास्त्री के रूप में उनकी पहचान वैश्विक स्तर की रही है। देश की अर्थव्यवस्था को सुधारने के लिए उनका योगदान स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा। प्रधानमंत्री रहते हुए उनके द्वारा हथकरघा बुनकर सहकारी समितियों के उत्थान के लिए चलाई गई योजनाएं अपने आप में एक मिसाल रही हैं। सत्य प्रकाश ने दिवगंत आत्मा को ईश्वर अपने श्रीचरणों में स्थान देने की प्रार्थना करते हुए कहा कि प्रभु उनके परिवार को इस दुख को सहन करने की शक्ति दे, दुख की इस घड़ी में भुट्टिको परिवार की संवेदनाएं शोक संतप्त परिवार के साथ हैं।

## रामशिला में हुई जिला कुल्लू इंटक की बैठक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला कुल्लू इंटक की बैठक रामशिला थरमान चौक में रविवार को आयोजित हुई, जिसमें बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन मजदूरों ने भाग लिया और ऑफिस का शुभारंभ जिला कुल्लू इंटक अध्यक्ष खीमी राम चौहान ने किया। बैठक में मुख्य रूप से कुल्लू विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव शर्मा, ऑफिस महासचिव सपना और अन्य मजदूरों ने भाग लिया। मजदूरों को पंजीकृत करके और उनको कॉपियां भी दी गईं। जिला कुल्लू इंटक ने मुख्यमंत्री सूक्खू, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, इंटर के अध्यक्ष बाबा हरदीप सिंह, नरदेव कंवर का और विधायक सुंदर सिंह ठाकुर का धन्यवाद किया। खिमी राम चौहान ने कहा कि आज पूरे प्रदेश में इंटक की मांग पर मजदूरों को मिलने वाली सुविधा को सुचारू रूप से पिछले साल 2023 से मजदूरों को लाभ मिल रहा है। उन्होंने आशा जताते हुए कहा कि इसमें जिला कुल्लू सबसे ज्यादा बढ़-चढ़कर मजदूरों को मिलने वाली सुविधा को इंटक हर घर में मजदूरों को लाभ पहुंचाने कार्य कर रही है।

## नाटी किंग कुलदीप शर्मा 31 को कुल्लू के देव धाम में मचाएंगे धमाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश में नए साल के जश्न को लेकर जहां पर्यटक कारोबारी तैयार है। वहीं, रेस्टोरेंट संचालक भी नए साल के कार्यक्रम में शामिल होने वाले लोगों के लिए विशेष प्रकार के पैकेज भी दे रहे है। कुल्लू जिला के पर्यटन कारोबारी जहां डीजे नाइट का आयोजन कर रहे हैं तो वहीं नए साल के जश्न में शामिल होने वाले लोगों के लिए भी विशेष इंतजार किया जा रहे है। कुल्लू जिला के देव धाम रेस्टोरेंट में नाटी किंग कुलदीप शर्मा को बुलाया गया है जो यहां पर आने वाले पर्यटकों और स्थानीय लोगों का मनोरंजन करेंगे, तो वहीं डीजे नाइट का जहां धमाल होगा तो सर्द मौसम में लोगो के लिए अलाव का भी इंतजाम किया गया है।

## 43 ग्राम चिट्टे समेत महिला और युवक काबू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला कुल्लू की मणिकर्ण घाटी में पुलिस ने एक महिला व पुरुष को 43 ग्राम चिट्टे के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस थाना मनीकर्ण की टीम ने पार्वती वैली के सुमारोपा में दिल्ली की एक महिला व कांगड़ा के युवक से चिट्टा बरामद किया है। पुलिस ने यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की है।

जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली की सुमारोपा में एक कॉटेज की आड़ में महिला व युवक नशे का कारोबार चला रहे हैं। इस सूचना पर पुलिस ने तुरंत मौके पर जाकर दबिश दी। कॉटेज की तलाशी के दौरान कॉटेज की लीजर दिल्ली के गोकुल पुरी निवासी महिला व रजत कुमार पुत्र विशंबर दास निवासी बोहाल फतेहपुर जिला कांगड़ा के कब्जे से 43 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपियों को हिरासत में लेकर उनके खिलाफ पुलिस थाना मनीकर्ण में धारा 21, 29 मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी संजीव वालिया के अनुसार मामले में आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

**सौगात** हिमाचल प्रदेश के विकास में मील का पत्थर, हर मौसम में सुगम होगा आवागमन

# मोदी सरकार के नेतृत्व में जलोड़ी सुरंग का सपना हुआ साकार : गोविंद सिंह ठाकुर

**अनंत ज्ञान, मनाली**

हिमाचल प्रदेश की बर्फीली चोटियों और दुर्गम पहाड़ियों में परिवहन को सुगम बनाना हमेशा से एक बड़ी चुनौती रहा है। विशेष रूप से जलोड़ी पास, जो सर्दियों में बर्फबारी के कारण महीने भर अवरुद्ध रहता है, प्रदेशवासियों और पर्यटकों के लिए एक कठिनाई का कारण बना रहा। ऐसे में केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश के लोगों की दशकों पुरानी मांग को पूरा करते हुए जलोड़ी सुरंग निर्माण की मंजूरी देकर प्रदेश के विकास में एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। यह बात भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने जारी प्रेस बयान में कहीं।




फाइल फोटो

उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार हिमाचल प्रदेश के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने लोकसभा चुनाव के दौरान इस परियोजना की घोषणा की थी, जिसे अब साकार रूप दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जलोड़ी पास पर सुरंग निर्माण एक ऐतिहासिक कदम है, जो न केवल हिमाचल प्रदेश के दुर्गम क्षेत्रों के लिए हर मौसम में आवागमन सुनिश्चित करेगा, बल्कि यह प्रदेश में पर्यटन और आर्थिक विकास को भी नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा।

वर्तमान में भारी बर्फबारी और अन्य प्राकृतिक चुनौतियों के कारण इस क्षेत्र में यातायात ठप हो जाता है, जिससे स्थानीय लोगों और पर्यटकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। सुरंग के निर्माण से इन सभी समस्याओं का स्थायी समाधान मिलेगा। ठाकुर ने इस महत्वपूर्ण निर्णय के लिए प्रधानमंत्री मोदी और नितिन गडकरी का हिमाचल प्रदेश की ओर से आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार का यह कदम हिमाचल प्रदेश के प्रति उसकी प्रतिबद्धता का स्पष्ट प्रमाण है। इससे पहले भी अटल सुरंग के माध्यम से प्रदेश को बड़ी सौगात दी गई थी, जो आज हिमाचल की जीवनरेखा बन चुकी है। जलोड़ी सुरंग भी प्रदेश के विकास को नया आयाम देने वाली है।

### गडकरी का जताया आभार

**अनंत ज्ञान, निरमंड।** आनी बाह्य सिराज क्षेत्र में 10280 फुट की ऊंचाई पर स्थित जलोड़ी दर्रे की विकट परिस्थिति के



समाधान के लिए वर्षों से प्रस्तावित जलोड़ी टनल के निर्माण को केंद्रीय मंत्रालय द्वारा स्वीकृति प्रदान किए जाने पर आनी के विधायक लोकेंद्र कुमार ने खुशी व्यक्त करते हुए पीएम मोदी और नितिन गडकरी का आभार जताया है। आनी में 30 मई 2024 को गडकरी ने जलोड़ी जोत टनल की घोषणा की थी। जिसे उन्होंने पूरा कर आनी व बन्जार क्षेत्र के लोगों को एक महत्वाकांक्षी तोहफा भेंट किया है।


# बारिश से सोलन में 4 डिग्री तक गिरा पारा, बढ़ा ठंड का सितम

## राहत की बौछारें : बागवानों के लिए नई पौध लगाने का उपयुक्त समय, आगामी दिनों में धूप खिलने से तापमान बढ़ने का अनुमान

**आर मोहन चौहान, सोलन**

करीब तीन महीनों के ड्राई स्पेल के बाद सोलन में पिछले 24 घंटों के दौरान जमकर बारिश हुई। शुक्रवार देर रात को बादलों की गरज के साथ तेज बारिश हुई। तापमान गिरने और शीतलहर चलने से लोग घरों में दुबकने को मजबूर हुए। हालांकि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन के निधन के चलते राज्य सरकार की तरफ से घोषित दो दिन के राजकीय अवकाश से स्कूली बच्चों और सरकारी नौकरी पेशा लोग ठंड के टॉर्चर से बच गए, पर निजी क्षेत्र और व्यवसाय से जुड़े लोगों को शीत लहर झेलनी पड़ी।

शीत लहर चलने से तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई। सोलन में न्यूनतम तापमान 0 से 4 डिग्री तक आ गया जबकि अधिकतम करीब 11 डिग्री रहा। आगामी दिनों में मौसम विभाग ने धूप खिलने का पूर्वानुमान लगाया है। इससे न्यूनतम और अधिकतम तापमान में चार से पांच डिग्री तक बढ़ जाएगा। वहीं, अच्छी बारिश होने से आगामी दिनों में सेब और अन्य पौधों की नई पौध लगाने के लिए मौसम अनुकूल रहेगा। इसको लेकर नौणी विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने पहले ही एडवाइजरी जारी की है। (अनंत ज्ञान)




करीब तीन महीनों के ड्राई स्पेल के बाद सोलन में पिछले 24 घंटों के दौरान जमकर बारिश हुई। सोलन में बारिश के दौरान बादलों के आगोश में शहर के खूबसूरत नजारे।

### फलदार पौधों के लिए लाभकारी

**नौणी** विवि के मौसम विभाग के मुताबिक यह बारिश फसलों और फलदार पौधों के लिए लाभकारी साबित होगी। आगामी दिनों में नई पौध लगाने के लिए उपयुक्त है बशर्त है कि गड्ढे पूर्व में किए गए हों। गौर हो कि फसलों की बिजाई के बाद से किसान पिछले दो माह से बारिश का इंतजार कर रहे थे। सोलन जिले में पिछले लंबे समय से बारिश न होने के कारण सूखे की स्थिति बन गई थी। जिले में इन दिनों रबी सीजन की लगभग सभी फसलें सूखे की चपेट में है।

### नौणी विश्वविद्यालय में हुई 2 लाख से अधिक पौधों की बिक्री

**डॉ.** यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी और विवि के कृषि विज्ञान केंद्रों और अनुसंधान स्टेशनों में बागवानों के लिए फलदार पौधे की पिछले सप्ताह ही वार्षिक बिक्री हो चुकी है। इस वर्ष विश्वविद्यालय और क्षेत्रीय स्टेशनों पर बिक्री के लिए उपलब्ध पौधों की कुल संख्या 2 लाख से अधिक है। बिक्री के दौरान किसानों द्वारा सेब, नाशपाती, खुमानी, आड़ू, चेरी, कीवी फ्रूट, अखरोट, अनार, प्लम, जापानी फल आदि की विभिन्न किस्मों को खरीदा गया। हिमाचल और आसपास के राज्यों के विभिन्न हिस्सों से किसान विभिन्न किस्मों के फलों के पौधे खरीदने के लिए विश्वविद्यालय और अनुसंधान केंद्रों पर आए। नौणी में विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर में तीन नर्सरियों- फल विज्ञान विभाग की नर्सरी, मॉडल फार्म, बीज विज्ञान, कंडाघाट, रोहड़ू में कृषि विज्ञान केंद्र और मशोबरा और शारबो (किन्नौर) में अनुसंधान केंद्रों से विभिन्न फलों की किस्मों के 16,173 पौधे खरीदे। इसके अतिरिक्त कुल्लू जिले के बजौरा में विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय बागवानी अनुसंधान और प्रशिक्षण स्टेशन से बागवानों ने विभिन्न फलों और किस्मों के 11,512 पौधे खरीदे हैं। इस तरह इस बिक्री में अब तक विश्वविद्यालय द्वारा कुल 829 किसानों को 27,685 पौधे बेचे गए हैं। इस वर्ष, किसानों ने फलों की फसलों के विविधीकरण के प्रति रुचि दिखाई है और सेब की विभिन्न किस्मों के साथ-साथ जापानी फल, कीवी और अन्य गुठलीदार फलों की मांग में वृद्धि देखी गई।

### तीन महीने नहीं हुई बारिश

**अक्तूबर**, नवंबर और दिसंबर महीने सबसे शुष्क दर्ज किए गए। सोलन जिले में भी अक्तूबर और नवंबर में वर्षा काफी कम हुई। सोलन में सबसे हालिया बारिश सितंबर में हुई थी जो कि सामान्य से भी काफी कम थी। परिणामस्वरूप, मिट्टी में नमी की कमी से कृषि गतिविधियों को जूझना पड़ रहा है। रबी मौसम के लिए सब्जियों की फसलें, जिनमें पत्ता गोभी, फूलगोभी, मटर, प्याज, लहसुन और अन्य रूट फसलें शामिल हैं, को उनके विकास के महत्वपूर्ण चरणों के दौरान पर्याप्त मृदा की नमी की आवश्यकता होती है। अपर्याप्त मिट्टी की नमी भी फलों के पौधों को नुकसान पहुंचा सकती है, जिससे जड़ों का विकास रुक जाता है और वे बीमारियों के प्रति अधिक संवेदनशील हो जाते हैं। बारिश होने से अब किसानों की समस्या दूर हुई है।

## बद्दी पुलिस के स्पेशल सैल 'एक्स' को कामयाबी, शराब पकड़ी

**अनंत ज्ञान, बद्दी।** पुलिस थाना बद्दी की टीम के साथ स्पेशल सैल 'एक्स' ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चेकिंग के दौरान लेबर चौक साई रोड के पास पिकअप नं. एचपी93ए-8944 से कुल 16 पेटियां शराब बरामद कीं। इसमें 12 अदद गत्ता पेटियां बोतलें अंग्रेजी शराब Impreal Blue, 3 अदद गत्ता पेटियां बोतलें अंग्रेजी शराब मार्का रॉयल स्टैग व 1 अदद गत्ता पेटी अध्धे देसी शराब शराब देसी पटियाला संतरा बरामद हुई। पिकअप चालक अनमोल कुमार पुत्र पूर्ण लाल निवासी गांव बड़रई कुईयां डाकखाना सरदारनगर तहसील आवंला जिला बरेली उप्र व उम्र 20 साल हाल रिहाइश किरायेदार निर्मल सिंह पुत्र इंद्र राम गांव बिल्लावाली डाकखान व तहसील बद्दी पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत कर आगामी अन्वेषण जारी है।



अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बद्दी अशोक वर्मा ने बताया कि बद्दी पुलिस की स्पेशल सैल एक्स द्वारा की जा रही उत्कृष्ट कार्रवाइयों के लिए उन्हें बधाई दी और कहा कि बद्दी पुलिस नशे के ऊपर हर रोज कार्रवाई कर रही है।

## सोलन के स्नेक मैन पंजाबी खान को आपकी मदद की जरूरत

**अनंत ज्ञान, सोलन**

सोलन शहर में पंजाबी खान एक ऐसा नाम है, जो मुसीबत में पड़े व्यक्ति की मदद को दिन-रात तैयार रहता है। बात चाहे सामाजिक कार्यो में आगे रहने की हो या फिर घरों दुकानों और कार्यालय में घुसे सांपों को पकड़ने और उन्हें सुरक्षित जगल में छोड़ने की, वह भी निशुल्क। सोलन के स्नेक मैन से मशहूर पंजाबी खान के कई किस्से ऐसे हैं, जब उन्होंने परेशानी में घिरे लोगों को मुसीबतों से निजात दिलाई, पर आज पंजाबी खान खुद मुसीबत में है।

उनकी धर्मपत्नी का आईजीएमसी शिमला में उपचार चल रहा है, वह 15 दिन बाद कोमा से बाहर आई है। दिहाड़ी मजदूरी कर परिवार का पोषण करने वाले पंजाबी खान की परेशानी के बाद शहर के लोग उनकी पत्नी के स्वास्थ्य की दुआएं कर रहे हैं, साथ ही आर्थिक सहायता की अपील भी कर रहे हैं। समाजसेवी मुकेश गुप्ता ने माता शूलिनी पहुंच कर पंजाबी खान की पत्नी के स्वास्थ्य की प्रार्थना की, साथ ही शहरवासियों ने पंजाबी खान की मदद की अपील भी की।



पंजाबी खान।

## रूपनघोड़ो स्कूल से सामान चोरी के मामले में दो गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सोलन**

धर्मपुर पुलिस ने स्थानीय स्कूल से सामान चोरी के मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया। एसपी सोलन गौरव सिंह के हवाले से मिली जानकारी के मुताबिक शिकायतकर्ता मुख्य शिक्षिका राजकीय प्राथमिक पाठशाला रूपनघोड़ो ने पुलिस चौकी डगशाई में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि गत 4 दिसंबर को सुबह यह अपनी मल्टी टास्क वर्कर के साथ विद्यालय में पहुंची तो पाठशाला के दो कमरों के ताले टूटे हुए थे। इन्होंने जब अंदर जाकर चेक किया तो कमरे के अंदर रिकॉर्ड व सामान बिखरा पड़ा था तथा अलमारियों से एक एलईडी, हीटर, कैलकुलेटर, रस्सीकूद रस्सियों के 10 पैकेट, एक साउंड स्पीकर, रंगों के पैकेट, स्कूल की मुहर, खेलकूद किट और एक पीतल की घंटी चोरी होनी पाई गई, जिसे कोई अनजान व्यक्ति चोरी करके ले गया है। स्कूल से चोरी हुए सामान की कीमत लगभग 20,000 रुपए है। जब वे लोग उक्त चोरी के बारे में आसपास स्थानों पर पता कर रहे थे तो उसी दौरान इन्हें एक युवक मिला जिसने बतलाया कि इसकी मोटर साईकिल नंबर एचपी14सी-2711 भी चोरी हुई है, जिसे भी कोई नामालूम शख्स उसी दिन रात्रि को चोरी करके ले गया है जिसकी कीमत लगभग 55000 रुपए है। इस पर पुलिस थाना धर्मपुर में चोरी की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था।



स्कूल से सामान चोरी के आरोप में गिरफ्तार आरोपी पुलिस की गिरफ्त में।

इस अभियोग के अन्वेषण के दौरान पुलिस द्वारा आरोपियों की तलाश / गिरफ्तारी के प्रयास लगातार जारी थे तथा तलाश के दौरान गत 10 दिसंबर को चौकी डगशाई की पुलिस टीम द्वारा चोरी हुई मोटरसाइकिल को सनौरा जिला सिरमौर से बरामद किया गया , जसे आरोपी द्वारा एक कबाड़ी की दुकान में बेचा था। पूछताछ करने पर उक्त कबाड़ी की दुकान के मालिक ने बताया कि जब आरोपी ने उक्त मोटरसाइकिल को इसकी कबाड़ की दुकान में बेचा था तो उसने उक्त व्यक्ति की मोटरसाइकिल सहित उसकी फोटो अपने मोबाइल में खींची थी क्योंकि आरोपी द्वारा गाड़ी के कोई भी कागजात इसे नहीं दिए गए।

उक्त फोटो के आधार पर पुलिस चौकी डगशाई की पुलिस टीम द्वारा आरोपियों की तलाश शुरू कर दी तथा तलाश के दौरान 27 दिसंबर को उक्त मामले में दो आरोपियों नरेंद्र उर्फ सोनू पुत्र बेली राम निवासी गांव शिलड डाकखाना कंडा, तहसील कसौली जिला सोलन उम्र 25 वर्ष व शुभम पुत्र स्व. किशन लाल निवासी गांव रून्धन घोडो डाकखाना कुमारहट्टी तहसील व जिला सोलन उम्र 24 वर्ष को कुमारहट्टी के समीप गांव बाड़ा क्षेत्र से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। जांच के दौरान पाया गया कि उक्त आरोपी पहले भी आपराधिक वारदातों में संलिप्त रहे है जिनके विरुद्ध पुलिस थाना सदर सोलन में वर्ष 2019 में चोरी का एक मामला दर्ज है। गिरफ्तार दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जा रहा है। मामले में जांच जारी है।

## कबड्डी प्रतियोगिता के शुभारंभ पर बोले आर्य, नशे से दूर रहें बच्चे

**अनंत ज्ञान, परवाणु**

परमाणु क्षेत्र के मसूलखाना युवा क्लब द्वारा आयोजित प्रो कबड्डी प्रतियोगिता के शुभारंभ समारोह में समाजसेवी ओम आर्य ने मुख्य अतिथि शिरकत की।

ओम आर्य ने इस अवसर पर कहा कि कबड्डी भारत का पारंपरिक खेल है और इसका इतिहास 4000 साल पुराना है। हमारे लिए यह बड़े गर्व की बात है कि अभी तक चाहे वह एशियन गेम्स हों या कबड्डी का विश्व कप, भारत अब तक अभी तक सभी में विजय रहा है। हिमाचल के सभी युवा खिलाड़ियों के लिए अजय ठाकुर जी एक प्रेरणा स्रोत हैं, जो भारतीय राष्ट्रीय कबड्डी टीम के पूर्व कप्तान हैं। वह 2016 कबड्डी विश्व कप और 2014 एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली राष्ट्रीय टीम का हिस्सा थे। उन्हें 2019 में पद्म श्री और अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। हिमाचल में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, उन्हें आवश्यकता है सही मंच की। उन्होंने युवा पीढ़ी को संदेश दिया है कि वह अपने जीवन को नशे से दूर रखें और खेलों में रुचि बढ़ाए। उन्होंने युवा क्लब को प्रतियोगिता में सहयोग देने के लिए 5100 रुपए की राशि प्रदान की।




मुख्यातिथि को सम्मानित करते गणमान्य।

## नालागढ़ में उद्घाटन के बाद भी शुरू नहीं हुआ ब्लड सेपरेशन का यूनिट

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

नालागढ़ अस्पताल में ब्लड सेपरेशन सेंटर का राज्यपाल ने रेडक्रॉस मेले के दौरान शुभारंभ तो कर दिया है लेकिन अभी तक स्टाफ तैनात नहीं किया गया है, जिसके चलते यह सेंटर चालू नहीं हो पाया है। आज भी मरीजों को दूसरे राज्य जाना पड़ रहा है।



इस सेंटर में ब्लड से प्लेटलेट्स, रेड सैल व प्लाज्मा अलग-अलग करने की मशीनें लग चुकी हैं। प्रदेश में आईजीएमसी के बाद यह दूसरा सेंटर है, जहां पर खून से अलग-अलग पार्ट्स निकाले जा सकते हैं। सेंटर के चालू न होने से रोगियों को पीजीआई और आईजीएमसी शिमला जाना पड़ रहा है। नालागढ़ अस्पताल में पूर्व सरकार के समय में रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से ब्लड बैंक

**स्टाफ का हो रहा इंतजार मरीजों को करना पड़ रहा दूसरे राज्य का रुख**

खोला गया था। जब यह बैंक खुला था, उसी दौरान यहां पर इस ब्लड बैंक को विस्तारीकरण की योजना बन चुकी थी। यहां पर करोड़ों रुपए की मशीनें पहुंच गई थीं। कई माह तक मशीनें खुले में पैक पड़ी रहीं। इसके बाद नालागढ़ की एक कंपनी ने सीएसआर के तहत यहां पर भवन का निर्माण किया। उसके बाद इस भवन में यह मशीनें फिट गईं।

**13 दिसंबर को हुआ था शुभारंभ** : राज्यपाल ने गत 13 दिसंबर को नालागढ़ में रेडक्रॉस मेले के आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ करने पहुंचे राज्यपाल ने ब्लड सेपरेशन सेंटर का शुभारंभ किया। यहां पर आउटसोर्स से स्टाफ मुहैया कराने की उपायुक्त से बात कही गई थी, लेकिन दो सप्ताह बीत जाने के बाद भी यहां पर स्टाफ नहीं आया और यह सेंटर अभी तक चालू नहीं हुआ है।

इस सेंटर को चलाने के लिए कम से कम चार प्रयोगशाला तकनीशियन की जरूरत है। यहां पर ब्लड बैंक में पहले ही एक चिकित्सक तैनात है।

### स्टाफ आते ही शुरू होगा यूनिट : बीएमओ

बीएमओ नालागढ़ डॉ. मुक्ता रस्तोगी ने बताया कि अभी तक स्टाफ नहीं आया है। सेंटर का शुभारंभ होने के बाद इस बारे में उच्च अधिकारियों को पत्र लिखकर यहां पर कम से कम चार प्रयोगशाला तकनीशियन तैनात करने की मांग की है, जैसे ही स्टाफ उपलब्ध हो जाता है तो सेंटर को चालू कर दिया जाएगा।

## खालटू में राज्य सहकारी बैंक की योजनाओं की दी जानकारी




**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक की शाखा यशवंत नगर द्वारा वित्तीय ग्राम स्तरीय साक्षरता शिविर का आयोजन ग्राम खालटू में किया गया। शिविर की अध्यक्षता शाखा प्रबंधक नवसंचित काशिव ने की।

उन्होंने लोगों को राज्य सहकारी बैंक की विभिन्न योजनाओं महिला सशक्त ऋण योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, विश्वकर्मा योजना, मुख्यमंत्री लघु दुकानदार योजना, भारत दर्शन योजना, जमा योजना, सेल्फ हेल्प ग्रुप जैसी विभिन्न सामाजिक योजनाओं की जानकारी दी। इसके साथ-साथ ऋण योजनाओं में वाहन ऋण, गृह ऋण, व्यक्तिगत ऋण, केसीसी ऋण, मुद्रा ऋण इत्यादी के बारे भी जानकारी दी।

उन्होंने डिजिटल बैंकिंग की सुविधाओं और उसकी सुरक्षा से संबंधित जानकारी दी और साइबर क्राइम के बारे में भी बताया। लोगों को राज्य सहकारी बैंक के हिमपेसा ऐप की जानकारी देते हुए बताया कि यह बहुत ही सुरक्षित एवं तेज साधन है। इस अवसर पर स्वयं सहायता समूह जय मां दुर्गा के सदस्य तथा करगाणु पंचायत से वार्ड सदस्य सोमलता भी उपस्थित रही।

## नालागढ़ में ऑर्गेनिक खेती को बढ़ावा देने की पहल

**रजनीश ठाकुर, बद्दी**

औद्योगिक क्रांति के लिए प्रसिद्ध नालागढ़ अब ऑर्गेनिक खेती की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। स्थानीय निवासी समाज सेवक जगदीश चंद चंदेल ने ऑर्गेनिक खेती को बढ़ावा देने के लिए एक प्रेरणादायक पहल शुरू की है। जगदीश चंद चंदेल, जो नालागढ़ क्षेत्र के कल्याणपुर गांव के निवासी हैं, ने मेरठ से विशेष प्रशिक्षण लेने के बाद दयोली गांव में अपनी जमीन पर केंचुआ खाद वर्मी कम्पोस्ट का उत्पादन और ऑर्गेनिक खेती शुरू की है।

उन्होंने अपनी पहल को 'नीलांश ऑर्गेनिक' का नाम दिया है और इसके माध्यम से स्थानीय किसानों को ऑर्गेनिक खाद की आपूर्ति शुरू कर दी है। वह केंचुआ खाद बनाने के लिए गोशाला से गोबर लाते हैं और साढ़े छह बीघे मे बेड बनाकर ऑर्गेनिक खाद तैयार कर रहे हैं। मात्र तीन महीने में खाद बनकर तैयार हो जाती है। जगदीश चंद ने बताया कि उन्होंने मेरठ से केंचुआ खाद उत्पादन के लिए विशेष बीज मंगवाए हैं। द्योली में उनका नीलांश ऑर्गेनिक अब न केवल ऑर्गेनिक खेती में मदद कर रहा है बल्कि किचन गार्डन के लिए भी केंचुआ खाद की बढ़ती मांग को पूरा करने का प्रयास कर रहा है। जगदीश चंद चंदेल ने बताया कि वह वर्मी कम्पोस्ट बनाने की किसानों को मुफ्त खाद बनाने की ट्रेनिंग भी देते हैं ताकि जहर मुक्त खेती को बढ़ावा दिया जा सके।

उन्होंने बताया कि उनका उद्देश्य जहर मुक्त खेती को बढ़ावा देना है ताकि लोंगो के स्वस्थ्य को सुधारा किया जा सके और रासायनिक खादों से छुटकारा पाया जा सके। उन्होंने कहा कि वर्तमान में वे किचन गार्डन की जरूरतों को पूरा करने के लिए प्रयासरत हैं। इस पहल से नालागढ़ और आसपास के क्षेत्रों में ऑर्गेनिक खेती को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। यह कदम न केवल स्थानीय किसानों के लिए लाभकारी है, बल्कि पर्यावरण को स्वच्छ और स्वस्थ बनाए रखने में भी मददगार साबित हो सकता है। जगदीश चंद की इस पहल से औद्योगिक नगरी बीबीएन में ऑर्गेनिक खेती के क्षेत्र में एक नई क्रांति की शुरुआत हो रही है। (अनंत ज्ञान)



दयोली गांव में वर्मी कम्पोस्ट 'ऑर्गेनिक खाद की जानकारी देते समाज सेवक जगदीश चंद चंदेल।

## आईआरजी एनजीओ ने न्यू टाउन में शहीदी पर्व पर लगाया लंगर

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**



न्यू टाउन में भारी बारिश के दौरान भी शनिवार को शहीदी पर्व के अवसर पर माधव बसती के स्वयंसेवकों सहित अन्य ने सहयोग किया। इस अवसर पर आई आर जी एनजीओ ने भोजिया डेंटल कॉलेज एवं हॉस्पिटल की टीम के साथ मिलकर एक निशुल्क डेंटल कैंप का आयोजन किया। इस कैंप में 50 से अधिक लोगों के दांतों की जांच की गई।

डेंटल कैंप में डॉ. अविजीत अवस्थी और डॉ. शशि ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। इस अवसर पर आईआरजी एनजीओ की ओर से कार्यक्रम प्रबंधक बलजिंदर सिंह, स्वास्थ्य कार्यकर्ता श्वेता शर्मा, सुषमा शर्मा और दिनेश धीमान, कविता शांति गौतम उपस्थित रहे। वीर बाल दिवस पर चाय ब्रैड, कड़ी चावल का विशाल लंगर आयोजित किया गया। वीर बाल दिवस व माता गुजरी और शहीबजादों को समर्पित वार्षिक शहीदी समागम में सभा के सदस्य अमु सिंह, स्वास्तिक गौतम, विकास, धैर्य प्रभाकर, अमित, अरविंद, रमनदीप सिंह ढिल्लों, शौर्य, शिवाय, नवराज, युवराज, सतीश कुमार, शमशेर व मंदीप सिंह, हुसन चौधरी, तार सिंह सहित न्यू टाऊन वेलफेयर एसोसिएशन के शांति गौतम, सदस्य रोमित, संदीप कुमार शर्मा, गौरव ने बताया कि शुक्रवार सायं 5 बजे चाय ब्रेड से शुरू हुए समागम में देर रात तक विशाल लंगर हुआ जिसे सैकड़ों लोगों ने ग्रहण किया।

**अनदेखी** चायल, कुफरी और शिमला जाने वाले पर्यटकों के प्रमुख मार्ग की कोई नहीं ले रहा सुध

## कंडाघाट-चायल सिंगल लेन सड़क 120 साल से नहीं हुई चौड़ी

**प्रेम कुमार, कंडाघाट**

कंडाघाट से चायल के लिए 1900 के दशक में सड़क का निर्माण शुरू हुआ था। अश्वनी खड्ड साधुपुल पर 1904 में पुल लगने के बाद यह सड़क वाहनों के लिए यह सिंगल वे सड़क चालू हुई। सड़क चालू होने के 120 साल बाद भी इस प्रसिद्ध पर्यटन नगरी की सड़क अभी तक डबल लेन नहीं बनाई गई, जिस कारण स्थानीय लोगों और पर्यटकों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

इस सड़क का निर्माण पटियालाशाही ने चायल को अपनी ग्रीष्म कालीन राजधानी के लिए किया था। 1890 से 1900 तक इस सड़क का निर्माण हुआ और 1904 में अश्वनी खड्ड साधुपुल में पुल लगाने के बाद तत्कालीन आवगमन के साधन लारिया, गड्डे इससे गुजरना शुरू हुए।



कंडाघाट-चायल सड़क के सिंगल लेन होने से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

पटियालाशाही की राजधानी को जोड़ने वाली सड़क पर आजादी के बाद आज तक पर्यटन नगरी चायल को आवागमन की सारी दारमदार है।

आज इस सड़क पर जिला सोलन और शिमला की 20 ग्राम पंचायतों के करीब दो सौ गांव-उपगांव की आवाजाही और फसल ढुलान पर निर्भर हैं। गांवों की करीब चार दर्जन संपर्क सड़कें इसी मार्ग से संबंधित हैं। चायल, कुफरी और शिमला आने-जाने वाले पर्यटकों का यह प्रमुख सड़क मार्ग है। इस सड़क पर वाहनों का इतनी अधिक संख्या में आवागमन है कि जगह- जगह जाम लगना आम बात है, इसलिए चार दशकों से लोग इस सड़क को डबल लेन करने की मांग करते आ रहे हैं। प्रदेश की सरकारें पर्यटन नगरी चायल को सुविधाएं देने के दावे करती रही हैं, पर सच्चाई यह है कि पतियालाशाही की बनी सड़क को चौड़ा तक करने की तरफ एक कदम नहीं उठाया गया।

सड़क चौड़ी न होने के कारण पर्यटकों के बड़े वाहन कंडाघाट और कुफरी से चायल को छोड़ दूसरे तरफ रुख कर जाते हैं। इससे पर्यटन व्यवसाय प्रभावित हो रहा है। स्थानीय सोलन और शिमला जिले के लोग पिछले चार दशकों से इस 29 किलोमीटर लंबी सड़क को डबल लेन बनाने की मांग कर रहे हैं परंतु कोई सुनने वाला नहीं है। स्थानीय निवासी ओम प्रकाश, प्रेम कुमार, मदन शर्मा, अनील कुमार सहित कई दर्जन लोगों ने इस मांग को दोबारा दौहराया है। (अनंत ज्ञान)

### नेशनल हाईवे नामजद और फिर खटाई में

केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जब दिल्ली में पहली बार सरकार बनी तो उस कार्यकाल में हिमाचल को 68 एनएच स्वीकृत होने के लिए नामजद किए गए, उसमें कंडाघाट चायल कुफरी सड़क भी शामिल थी , बाद में यह सभी सड़कें खटाई में पड़ गईं।

## आईजीएमसी शिमला से पीजी करेगी कंडा की डॉ. मनिका

**अनंत ज्ञान, कुमारहट्टी**

कसौली विधानसभा क्षेत्र के गांव कंडा की डॉ. मनिका परिहार आईजीएमसी शिमला से डर्मेटोलॉजी विभाग में पीजी करने के लिए चयनित हुई हैं।

बता दें किपीजी के लिए इस विभाग में सामान्य वर्ग मात्र एक ही सीट थी। जिस पर डॉक्टर परिहार ने बाजी मारी है, उन की इस उपलब्धि के कारण उन के गांव में खुशी की लहर है।



डॉ. परिहार की कामयाबी पर उन के दादा ध्यान सिंह परिहार फूले नहीं समा रहे। उल्लेखनीय है कि डॉक्टर मनिका परिहार ने एमबीएस भी आईजीएमसी शिमला से वर्ष 2024 में पास की है। डॉक्टर मनिका परिहार धर्मपुर के साथ लगते कंडा गांव की निवासी है। इन के पिता मनोज परिहार कैंट बोर्ड डगशाई में असिस्टेंट इंजीनियर के पद पर कार्यरत हैं व माता मंजू परिहार इंग्लिश की प्रवक्ता है। डॉक्टर परिहार ने अपनी दसवीं की पढ़ाई डीपीएस डगशाई से की व प्लस टू की पढ़ाई चंडीगढ़ से पूरी की है। डॉक्टर परिहार छात्र जीवन से ही अपनी कक्षा में अव्वल रही है।

यही सिलसिला इन्होंने एमबीबीएस में भी जारी रखा था। एमबीबीएस 2024 में आईजीएमसी शिमला से की। अब डॉक्टर मनिका परिहार आईजीएमसी शिमला से डर्मेटोलॉजी विभाग में एचडी की पढ़ाई पूरी करेगी यह इस क्षेत्र के लिए गर्व की बात है।

# पंजाब में 2022 से 12,809 एकड़ पंचायती जमीन से हटाया अतिक्रमण

**एजेंसी, चंडीगढ़**

पंजाब के मंत्री तरुणप्रीत सिंह सोंद ने शनिवार को कहा कि राज्य सरकार ने 2022 में अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान शुरू करने के बाद से अब तक 12,809 एकड़ जमीन को पुन: प्राप्त कर पंचायतों को सौंप दिया है।

उन्होंने कहा कि फिर से प्राप्त भूमि का बाजार मूल्य 3,080 करोड़ रुपए से अधिक है। ग्रामीण विकास एवं पंचायत मंत्री ने कहा कि पुन: प्राप्त की गई लगभग 6,000 एकड़ भूमि को पट्टे पर दिया गया है, जिससे वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान 10.76 करोड़ रुपए की

**वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान 10.76 करोड़ रुपए की वार्षिक आय होगी : मंत्री तरुणप्रीत सोंद**



वार्षिक आय होगी। चालू वित्त वर्ष के दौरान ग्रामीण विकास एवं पंचायत विभाग ने 1.36 लाख एकड़ शामलात (गांव की साझा जमीन) की नीलामी 469 करोड़ रुपए में की। मंत्री ने बताया कि ई-नीलामी के जरिये पशु बाजारों को पट्टे पर देकर 93.90 करोड़ रुपए जुटाए गए।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत इस वित्त वर्ष के अंत तक 220 करोड़ रुपये की लागत से 18,000 आवासों का निर्माण पूरा हो जाएगा।

वित्त वर्ष 2025-26 में अतिरिक्त 25,000 आवासों का निर्माण किया जाएगा। सोंद ने बताया कि नए लाभार्थियों की पहचान के लिए एक नवंबर से एक नया सर्वेक्षण चल रहा है, जिसमें प्रत्येक गांव में समर्पित सर्वेक्षणकर्ता तैनात किए गए हैं। उन्होंने बताया कि विभाग ने गांवों में पुस्तकालय स्थापित करने के मुख्यमंत्री भगवंत मान के सपने को साकार करते हुए इस वर्ष खन्ना के इस्सरू गांव से ग्रामीण पुस्तकालय योजना की शुरुआत की है।




# सरकार आगे आकर करे बात

## किसान नेता डल्लेवाल ने चार जनवरी को खनौरी बॉर्डर पर बुलाई महापंचायत

**किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने हाल ही में एक बैठक में यह सवाल उठाया कि क्या उनकी भावनाएं ही सारे देश के किसानों को यहां खींच लाई हैं। इस बैठक में निर्णय लिया गया कि अगले साल चार जनवरी को खनौरी बॉर्डर पर एक बड़ी महापंचायत आयोजित की जाएगी, जिसमें लाखों लोगों के शामिल होने की संभावना है।**

**किसान** नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने कहा कि वह अगले साल चार जनवरी को मंच से किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण संदेश दे सकते हैं। 30 तारीख को पंजाब बंद के आह्वान को भी व्यापक समर्थन मिल रहा है। इसके तहत दुकानें सुबह 7 बजे से शाम 4 बजे तक बंद रहेंगी। डल्लेवाल ने सरकार पर आरोप लगाया कि सरकार गहरी नींद में सो रही है और किसानों की मांगों को नजरअंदाज कर रही है। उन्होंने कहा कि हम सरकार को जगाने की कोशिश कर रहे हैं। आज सुप्रीम कोर्ट में जिस सुनवाई की उम्मीद थी, उसमें केंद्र सरकार के वकील की तबीयत खराब होने के कारण कोई निर्णायक आदेश नहीं दिया गया।

किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट में आज हुई सुनवाई में केंद्र सरकार के वकील की तबीयत खराब रही। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को कोई आदेश नहीं दिया है। बहरहाल, केंद्र सरकार को बातचीत करनी चाहिए। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को यह संकेत दिया कि उसे बातचीत के लिए आगे आना चाहिए। इस बीच एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक भी खनौरी बॉर्डर पहुंचे और यहां उन्हें किसान नेता डल्लेवाल से मुलाकात की। इस बीच, क्लाइमेट एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक शनिवार को खनौरी बॉर्डर पर किसान नेता डल्लेवाल से मिलने पहुंचे।

**अपनी मांगों को लेकर अटल हूं**

*कोर्ट ने यह भी सवाल उठाया कि क्या किसान नेता डल्लेवाल को मेडिकल सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। इस बीच, डल्लेवाल ने एक वीडियो संदेश भी जारी किया, जिसमें उन्होंने अपने आमरण अनशन के पक्ष में अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। आज सुप्रीम कोर्ट में इस मुद्दे पर हुई सुनवाई के बाद डल्लेवाल ने अपनी प्रतिक्रिया दी और कहा कि वह अपनी मांगों को लेकर अटल हैं।*



### पंजाब सरकार को सुप्रीम कोर्ट की फटकार

**सुप्रीम** कोर्ट ने किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल को अस्पताल में भर्ती करने की अनुमति न देने के लिए पंजाब सरकार को फटकार लगाई। किसान नेता 26 नवंबर से ही अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठे हैं। उनकी स्वास्थ्य स्थिति बिगड़ रही है। अदालत ने डल्लेवाल की बिगड़ती सेहत पर चिंता जताई और राज्य सरकार को आदेश दिया कि वह यह सुनिश्चित करे कि किसान नेता को चिकित्सा सहायता दी जाए। हालांकि, अदालत जगजीत सिंह डल्लेवाल को अस्पताल में भर्ती करने के राज्य के प्रयासों से असंतुष्ट है। अदालत ने किसान नेता को अस्पताल में भर्ती कराने के लिए मनाने के लिए 31 दिसंबर का समय दिया है। डल्लेवाल की बिगड़ती हालत को देखते हुए सीपीआई (एम) ने भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने केंद्र सरकार को किसानों से बातचीत करने के लिए कहा।

## न्यूज ब्रीफ



**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुख्यमंत्री आवास पर फ्रैंकफर्ट (जर्मनी) के संसद सदस्य राहुल कुमार कंबोज ने भेंट की। इस अवसर पर हरिद्वार सांसद एवं पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री और फ्रैंकफर्ट के संसद सदस्य के बीच प्रदेश के युवाओं को कौशल विकास और रोजगार से जोड़ने के विषय पर विस्तृत चर्चा हुई।

### साहिबजादों की याद में लगाया लंगर



**चंडीगढ़।** सिखों के 10वें गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह जी के चार साहिबजादे व माता गुजरी कौर जी की शहीदी को याद करते हुए सेक्टर-37 डी स्थित राजीव मार्केट की ओर से लंगर लगाया गया। बारिश के बाबजूद भी आयोजकों और लोगों में लंगर के प्रति श्रद्धाभाव देखने को मिला। इस अवसर पर वार्ड नंबर-24 के पार्षद जसबीर सिंह बंटी ने भी लंगर बांटा। इस दौरान महिंद्र सिंह, गुरप्रीत सिंह, नवदीप, विक्टर सिद्धू, सचिन बावा, जगजीत सिंह, अशोक कुमार, सलोनी, विशाल कौशल और सुभाष ने सेवा निभाई।

## सात दिवसीय एनएसएस शिविर शुरू

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

पीजीजीसीजी-42 की प्राचार्य प्रोफेसर बीनू डोगरा के मार्गदर्शन में एनएसएस विंग ने सत्र 2024-25 के अपने 7 दिवसीय (दिन और रात) विशेष शिविर का उद्घाटन समारोह आयोजित किया। इस अवसर पर वार्ड नंबर-24 के पार्षद जसबीर सिंह बंटी मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के दुखद निधन की वजह से समारोह को संक्षिप्त किया गया।



सर्वप्रथम कॉलेज की प्रधानाचार्य ने मुख्यातिथि को पौधा देकर सम्मानित किया। तत्पश्चात एनएसएस विंग के प्रभारी मेहर चंद ने मुख्यातिथि तथा अन्य गणमान्यों का औपचारिक स्वागत किया। मुख्यातिथि जसबीर सिंह बंटी ने एनएसएस स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए सबसे पहले पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को याद किया और उनको श्रद्धांजलि भेंट की तथा देश के लिए उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों की प्रशंसा की। (अनंत ज्ञान)

## राज्यपाल ने किया कैलेंडर का विमोचन



**चंडीगढ़।** गौरी शंकर सेवादल गौशाला सेक्टर 45-डी चंडीगढ़ का नव वर्ष पत्रिका-2025 कैलेंडर का विमोचन पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद्र कटारिया ने गौशाला कैलेंडर का विमोचन किया।

### नीतीश नहीं ले पा रहे फैसले : तेजस्वी यादव



**पटना।** बिहार में बीपीएससी छात्रों के प्रदर्शन से सियासी गलियारों में हलचल तेज है। एनडीए सरकार विपक्ष के निशाने पर है। छात्रों के समर्थन में सरकार को घेरते हुए आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि 'यहां कोई सरकार है ही नहीं और जो सरकार हैं उन्हें होश नहीं है, मुख्यमंत्री अब निर्णय लेने लायक नहीं रह गए हैं और वह कोई भी मुद्दे पर निर्णय नहीं ले पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हमारे पत्र का भी जवाब नहीं देते, जो पेपर लीक हुआ है तो पेपर सबका रद्द होना चाहिए और दोबारा परीक्षा होनी चाहिए। एक सेंटर का पेपर रद्द करते हैं, लेकिन बाकि सेंटर का क्यों नहीं रद्द किया? जब हमारी सरकार थी तो युवा खुश थे, लेकिन आज उनके आंखों में आंसू हैं। यहां पर प्रशासनिक अराजकता फैल चुकी है।'

### हत्या के प्रयास मामले में तीन आरोपी बरी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने 2018 के हत्या के प्रयास और आपराधिक धमकी के एक मामले में तीन आरोपियों को बरी करते हुए कहा कि अभियोजन पक्ष उनके खिलाफ आरोप साबित करने में 'बुरी तरह विफल' रहा। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश विशाल पाहुजा ने इस मामले की सुनवाई की। इस मामले में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) और शस्त्र अधिनियम के प्रावधानों के तहत मालवीय नगर पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

### दिल्ली में नमकीन फैक्ट्री में विस्फोट, छह झुलसे



**नई दिल्ली।** दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के नजफगढ़ में शनिवार सुबह एक नमकीन फैक्टरी में आग लग जाने से विस्फोट हो गया, जिससे चार कर्मचारी झुलस गए। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी ने बताया कि सुबह आठ बजकर 16 मिनट पर आग लगने की सूचना मिली, जिसके बाद दमकल की 17 गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। उन्होंने बताया कि यह दो मंजिला इमारत है और आग भूतल पर लगी थी। आग लगने के कारण हुए विस्फोट में फैक्टरी के अंदर मौजूद चार कर्मचारी झुलस गए। उन्हें दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल ले जाया गया है। अधिकारियों ने बताया कि आग बुझाने के प्रयास जारी हैं।

## कश्मीर में हिमपात से हवाई, रेल व सड़क यातायात बाधित



श्रीनगर। कश्मीर घाटी के अधिकतर इलाकों में हिमपात के कारण शनिवार को सामान्य जनजीवन प्रभावित रहा। बर्फबारी के कारण विमान और रेल परिचालन बाधित हुआ और श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग भी बंद करना पड़ा। दक्षिण कश्मीर के मैदानी इलाकों में अत्यधिक हिमपात हुआ।

## देश-विदेश

### सीपीएम के पूर्व विधायक समेत 14 लोग दोषी करार

**कोच्चि।** केरल में कासरगोड के पेरिया में दो युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं की हत्या के मामले में शनिवार को एक सीबीआई अदालत ने सीपीआई(एम) के पूर्व विधायक समेत 14 आरोपियों को दोषी ठहराया।

हत्या पांच साल पहले हुई थी और मृतकों की पहचान क्रिपेश और सरथ लाल के तौर पर की गई है। 24 आरोपियों में से अदालत ने आठ को हत्या की साजिश के आरोप में दोषी पाया। अन्य छह को साजिश रचने, सबूतों को नष्ट करने और अपराध को अंजाम देने में सहायता प्रदान करने में दोषी पाया गया है। बाकी के 10 आरोपियों को मामले से बरी कर दिया गया है। अदालत तीन जनवरी को इसपर सजा सुनाएगी।

## दिल्ली विधानसभा चुनाव : एनसीपी ने की 11 उम्मीदवारों की लिस्ट जारी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**राष्ट्रवादी** कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) ने शनिवार को दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए 11 उम्मीदवारों की अपनी पहली लिस्ट जारी की। पार्टी ने बादली से दिल्ली कांग्रेस प्रमुख देवेंद्र यादव के खिलाफ मुलायम सिंह को उतारा। बुराड़ी से रतन त्यागी, चांदनी चौक से खालिद उर रहमान, बल्ली मारान से मोहम्मद हारुन और ओखला से इमरान सैफी को मैदान में उतारा है। वहीं, छतरपुर से नरेंद्र तंवर, लक्ष्मी नगर से नमहा, गोकुलपुरी से जगदीश भगत, मंगोलपुरी से खेम चंद, सीमापुरी से राजेश लोहिया और संगम विहार से कमर अहमद चुनाव लड़ेंगे।



दिल्ली विधानसभा चुनाव अगले साल फरवरी में होने हैं। आम आदमी पार्टी ने सभी 70 सीटों पर उम्मीदवार उतार दिए हैं। कांग्रेस ने अब तक 47 सीटों के लिए उम्मीदवार घोषित किए हैं। वहीं भाजपा की एक भी लिस्ट नहीं आई।

## यमन हवाई अड्डे पर इसराइल ने किए हवाई हमले: संयुक्त राष्ट्र

**एजेंसी, संयुक्त राष्ट्र**

**इसराइल** ने यमन के एक प्रमुख हवाई अड्डे पर उस समय हवाई हमले किए जब सैकड़ों यात्रियों को ला रहा एक असैन्य 'एयरबस 320' विमान उतर रहा था और संयुक्त राष्ट्र का एक प्रतिनिधिमंडल वहां मौजूद था। यमन में मानवीय कार्यों के लिए संयुक्त राष्ट्र के शीर्ष अधिकारी जूलियन हार्नेइस ने यह जानकारी दी। हार्नेइस ने बताया कि उन्होंने कहा कि एक हवाई हमला वीआईपी लाउंज के लगभग 300 मीटर दक्षिण में तथा दूसरा हमला लगभग 300 मीटर उत्तर में शाम पौने पांच बजे हुआ। हमले के समय संयुक्त राष्ट्र के दल के लगभग पांच सदस्य इमारत के बाहर थे।

### खैबर पख्तूनख्वा में मुठभेड़ सुरक्षाकर्मियों की मौत

**पेशावर (पाकिस्तान)।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में आतंकवाद के खिलाफ एक अभियान के दौरान दो सुरक्षाकर्मियों की मौत हो गई और 11 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। बाजौर जिले के मुल्ला सैद बंदा इलाके में चलाया गया। आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में दो सुरक्षाकर्मी मारे गए और 11 अन्य सुरक्षाकर्मी घायल हो गए।

## ईडी ने छत्तीसगढ़ में धनशोधन मामले में कांग्रेस विधायक कवासी लखमा, उनके बेटे के परिसर में की छापेमारी

**एजेंसी, रायपुर**

**प्रवर्तन** निदेशालय (ईडी) ने छत्तीसगढ़ में कथित शराब घोटाले से जुड़ी धनशोधन जांच के तहत शनिवार को राज्य के कांग्रेस विधायक और पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा, उनके बेटे और कुछ अन्य के परिसरों पर छापेमारी की। उन्होंने बताया कि धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत कुल सात परिसरों की तलाशी ली जा रही है। इनमें रायपुर स्थित लखमा का आवास और सुकमा जिले में उनके बेटे हरीश लखमा के परिसर के अलावा कुछ संबंधित व्यक्तियों के परिसर भी शामिल हैं।

कांग्रेस की प्रदेश इकाई ने आरोप लगाया कि ये छापे शहरी निकाय और पंचायत चुनावों से पहले विपक्षी पार्टी के नेताओं को परेशान करने की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की साजिश का हिस्सा हैं। कवासी लखमा (71) कोंटा विधानसभा सीट से छह बार के विधायक हैं और पिछली कांग्रेस सरकार में आबकारी मंत्री रह चुके हैं। हरीश लखमा सुकमा जिले में पंचायत अध्यक्ष हैं।

## अन्ना यूनिवर्सिटी यौन उत्पीड़न मामले में महिला आयोग सख्त, जांच कमेटी बनाई

**एजेंसी, चेन्नई**

**चेन्नई** स्थित अन्ना विश्वविद्यालय कैंपस में एक छात्रा से कथित यौन उत्पीड़न का मामला लगातार गरमाता जा रहा है। बढ़ते विरोध को देखते हुए राष्ट्रीय महिला आयोग ने सच सामने लाने के लिए एक जांच समिति का गठन किया है।

वहीं, राज्यपाल आरएन रवि भी शनिवार को घटना की जानकारी के लिए विश्वविद्यालय पहुंचे। अन्ना विश्वविद्यालय में हुई घटना ने पूरे चेन्नई को हिलाकर रख दिया है। तमिलनाडु की राजनीति गरमाने लगी है। यहां एक 19 साल की छात्रा के साथ यौन उत्पीड़न किया गया। मामला तब सामने आया, जब छात्रा ने इसकी पुलिस से खुद शिकायत की थी। शुरू में पुलिस ने केस को हल्के में लिया और कोई कार्रवाई नहीं की। सोशल मीडिया पर केस उछला तब पुलिस हरकत में आई। मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। 37 वर्षीय आरोपी यूनिवर्सिटी परिसर के पास में बिरयानी बेचता है। घटना 23 दिसंबर की है। वहीं, महिला आयोग ने यौन उत्पीड़न मामले की जांच के लिए दो सदस्यीय फैक्ट-फाइंडिंग समिति का गठन किया है। समिति को इस मामले की जांच करने, घटना के पीछे के हालात का विश्लेषण करने और अधिकारियों की ओर से उठाए गए कदमों का मूल्यांकन करने का काम सौंपा गया है। महिला आयोग ने तमिलनाडु के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को नोटिस जारी किया जा चुका है। दो सदस्यीय समिति 30 दिसंबर को चेन्नई जा सकती है।

## चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में 28 गुना बढ़े बैंक धोखाधड़ी के मामले : आरबीआई

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**भारतीय** रिजर्व बैंक (आरबीआई) की एक रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष की पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर) में बैंक धोखाधड़ी के मामलों में तेजी से वृद्धि हुई है। इस अवधि में बैंक धोखाधड़ी की 18,461 घटनाएं हुईं, जिनकी राशि 21,367 करोड़ रुपए थी।

रिपोर्ट के अनुसार, यह पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि की तुलना में मामलों की संख्या (वित्त वर्ष 24 के अप्रैल-सितंबर में 14,480) में लगभग 28 प्रतिशत की वृद्धि और कुल राशि (2,623 करोड़ रुपए) में आठ गुना से अधिक की वृद्धि है। केंद्रीय बैंक ने अपनी 'ट्रेंड एंड प्रोग्रेस ऑफ बैंकिंग इन इंडिया' रिपोर्ट में



जानकारी दी है कि वित्त वर्ष 2023-24 में, इंटरनेट और कार्ड फ्रॉड कुल धोखाधड़ी राशि का 44.7 प्रतिशत और कुल मामलों का 85.3 प्रतिशत हिस्सा रहा। रिपोर्ट में कहा कि निजी क्षेत्र के बैंकों ने सभी धोखाधड़ी के मामलों में से 67.1 प्रतिशत की रिपोर्ट की, जबकि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को सबसे अधिक वित्तीय प्रभाव का सामना करना पड़ा। 2023-24 में कार्ड और इंटरनेट धोखाधड़ी का हिस्सा सबसे अधिक था।

### 2023-24 में जुर्माना राशि दोगुनी से अधिक

**आरबीआई** की रिपोर्ट में कहा गया कि 2023-24 में कुल जुर्माना राशि दोगुनी से अधिक हो गई, जिसमें सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के बैंक सबसे आगे रहे। सहकारी बैंकों पर लगाए गए जुर्माने की राशि में वर्ष के दौरान कमी आई, जबकि जुर्माना लगाने के मामलों में वृद्धि हुई। धोखाधड़ी फाइनेंशियल सिस्टम के लिए प्रतिष्ठा से जुड़े जोखिम, परिचालन जोखिम, व्यावसायिक जोखिम और वित्तीय स्थिरता के साथ ग्राहक विश्वास को लेकर कई चुनौतियां पेश करती हैं। आरबीआई ने कहा कि बैंकों को अपने जोखिम प्रबंधन मानकों, आईटी गवर्नेंस व्यवस्थाओं और ग्राहकों को जोड़ने और लेनदेन निगरानी प्रणालियों को मजबूत करने की निरंतर आवश्यकता है।

### बनारस हिंदू विश्वविद्यालय में मनु स्मृति जलाने पर बवाल, 13 छात्र गिरफ्तार

**वाराणसी।** बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) में छात्रों की ओर से मनु स्मृति जलाने का प्रयास और मारपीट का मामला सामने आया है। घटना बुधवार देर रात की है, जब कुछ छात्रों ने बीएचयू के 'कला संकाय' चौराहे पर मनु स्मृति जलाने की कोशिश की। इसके बाद छात्रों और प्रॉक्टोरियल बोर्ड की टीम के बीच मारपीट हुई। इस घटना के बाद, बीएचयू प्रॉक्टोरियल बोर्ड ने लंका थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए 13 छात्रों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इन छात्रों के खिलाफ धार्मिक भावना को आहत करने और मारपीट जैसे गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

## भारत व अमेरिका के बीच वैश्विक मुद्दों पर चर्चा

**एजेंसी, सैन फ्रांसिस्को**

**विदेश** मंत्री एस जयशंकर ने अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) पद के लिए नामित किए गए सांसद माइकल वाल्ट्ज से मुलाकात कर उनसे भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय साझेदारी एवं मौजूदा वैश्विक मुद्दों पर व्यापक बातचीत की।

जयशंकर 24 दिसंबर से 29 दिसंबर तक आधिकारिक यात्रा पर अमेरिका में हैं। यह भारत सरकार और भावी ट्रंप प्रशासन के बीच उच्चतम-स्तर की पहली व्यक्तिगत बैठक थी। जयशंकर ने 'एक्स' पर लिखा कि वाल्ट्ज से मुलाकात कर बहुत खुशी हुई। हमने द्विपक्षीय



साझेदारी के साथ-साथ मौजूदा वैश्विक मुद्दों पर व्यापक बातचीत की। उनके साथ काम करने के लिए उत्साहित हूं। वाल्ट्ज (50) जेक सुलिवन की जगह राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बनेंगे। फ्लोरिडा के छठे 'कांग्रेशनल डिस्ट्रिक्ट' से तीन बार सांसद चुने गए वाल्ट्ज 'कांग्रेशनल इंडिया कॉकस' के रिपब्लिकन सह-अध्यक्ष हैं।

# रजनीकांत ने गुकेश को भेंट की परमहंस योगानंद की ऑटोबायोग्राफी






**एजेंसी, चेन्नई**

हाल ही में विश्व शतरंज चैंपियन बने डी गुकेश जब अपने परिवार के साथ भारतीय सिनेमा के सुपरस्टार रजनीकांत से मिले, तो उन्हें परमहंस योगानंदजी की 'ऑटोबायोग्राफी ऑफ ए योगी' पुस्तक भेंट में मिली। अपने एक्स (पूर्व में ट्विटर) अकाउंट पर, 18 वर्षीय गुकेश दोम्माराजू ने साझा किया, 'सुपरस्टार, रजनीकांत सर को आपकी हार्दिक शुभकामनाओं और आमंत्रित करने, समय बिताने और हमारे साथ अपना ज्ञान साझा करने के लिए धन्यवाद!'

सबसे कम उम्र के विश्व शतरंज चैंपियन गुकेश की यह पोस्ट वायरल हो गई है। इसमें गुकेश सुपरस्टार रजनीकांत के साथ खड़े योगानंदजी की 'ऑटोबायोग्राफी ऑफ ए योगी' हाथ में लिए नजर आते हैं।

**'ऑटोबायोग्राफी ऑफ ए योगी' के बारे में :** योगानंदजी की पुस्तक योगी कथामृत-विश्व के सर्वाधिक प्रशंसित आध्यात्मिक गौरव ग्रन्थों में से एक सन 1946 में प्रकाशित की गई थी और जिसकी 75वीं जयंती मनाई जा चुकी है।

14 भारतीय भाषाओं सहित संपूर्ण विश्व की 50 से अधिक भाषाओं में अनुवादित, श्री श्री परमहंस योगानंद का जीवन वृत्तांत, आधुनिक युग की एक महान आध्यात्मिक विभूति का चित्ताकर्षक वर्णन होने के साथ-साथ प्राचीन दर्शन एवं योग विज्ञान और ध्यान की परम्परा का एक गहन परिचय भी है। इस पुस्तक में परमहंस योगानंद के जीवन-परिवर्तनकारी योग-ध्यान शिक्षाओं के बारे जान सकते हैं।

### सबसे कम उम्र के विश्व चैंपियन

**चेन्नई** के 18 वर्षीय गुकेश ने चीनी ग्रैंडमास्टर डिंग लिरेन को हराकर सबसे कम उम्र के फीडे विश्व शतरंज चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया। गुकेश ने महान रूसी शतरंज खिलाड़ी गैरी कास्परोव का रिकॉर्ड तोड़ा, जो 1985 में 22 वर्ष की आयु में साथी रूसी अनातोली कार्पोव को हराकर विश्व चैंपियन बने थे। फीडे विश्व शतरंज चैंपियनशिप शास्त्रीय शतरंज प्रारूप में खेली जाती है, और 7.5 अंक जीतने वाले पहले प्रतियोगी को विश्व चैंपियन का ताज पहनाया जाता है। गुकेश ने डींग लिरेन को 12 दिसंबर को खेले गए 14वीं बाजी में हराकर खिताब पर कब्जा किया। डिंग लिरेन ने 6.5 अंक हासिल किए।

# योगेश कथूनिया ने 'खेल रत्न' के लिए अनदेखी करने पर पैनल पर सवाल उठाए

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पैरालिंपिक में दो बार के रजत पदक विजेता योगेश कथूनिया ने शनिवार को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने लगातार प्रदर्शन के बावजूद प्रतिष्ठित खेल रत्न पुरस्कार के लिए नामांकित नहीं किए जाने पर निराशा व्यक्त की।

कथूनिया ने पुरस्कार चयन प्रक्रिया में पक्षपात और पारदर्शिता की कमी पर हताशा जाहिर की। उन्होंने कहा, ''मुझे नहीं पता कि उन्होंने क्या मानदंड निर्धारित किए हैं। मैंने फॉर्म भी भरा है। ऐसा नहीं है कि मैंने फॉर्म नहीं भरा। मैंने सब कुछ किया, लेकिन सबसे ज्यादा कुल अंक प्राप्त करने के बाद भी मुझे इस बार भी नामांकित नहीं किया गया।'' उन्होंने कहा, ''अगर आप



2016-2020 को देखें तो तब कोई पक्षपात नहीं होता था।''

कथूनिया ने कहा, ''मुझे अच्छी तरह याद है, पिछली बार मैंने अर्जुन पुरस्कार के लिए फॉर्म भी नहीं भरा था, फिर भी मुझे नामांकित किया गया। एक नीति थी कि अगर आप पैरालिंपिक या ओलंपिक में खेलते हैं और पदक जीतते हैं तो आपके नाम पर सीधे विचार किया जाएगा। आप इस बार ऐसा क्यों नहीं कर सकते? '' उन्होंने कहा, ''अगर आप पहले ऐसा कर सकते थे तो अब क्यों नहीं? अगर हमें पुरस्कार मांगना ही है तो खेलने का क्या फायदा? अगर हम इसके लिए भीख मांग रहे हैं तो पुरस्कार का क्या महत्व है? ''

कथूनिया ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर छह पदक जीते हैं जिसमें दो पैरालिंपिक में दो रजत, विश्व चैंपियनशिप में दो रजत और एक कांस्य तथा एशियाई खेलों में एक रजत पदक शामिल है।

## स्पोर्ट्स विंडो

### योगी आदित्यनाथ को खो-खो विश्व कप के लिए आमंत्रित किया



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार खो-खो विश्व कप के आयोजन में आर्थिक सहायता प्रदान करेगी। यह जानकारी उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खो-खो फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष और खो-खो विश्व कप आयोजन समिति के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल को मुलाकात के दौरान दी। सुधांशु मित्तल ने योगी आदित्यनाथ को 13 जनवरी को नई दिल्ली में खो-खो विश्व कप के उद्घाटन समारोह के अवसर पर आमंत्रित किया और विश्व कप का प्रतीक चिन्ह भेंट किया।

### तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड ने की नीतिश कुमार रेड्डी की तारीफ

**मेलबोर्न।** ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड की गेंद पर जब नीतिश कुमार रड्डी स्ट्रेट ड्राइव लगाकर पहले टेस्ट शतक तक पहुंचे तो इस ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज को भारत के युवा बल्लेबाज की काबिलियत का अंदाजा हो गया। बोलैंड ने दिन का खेल खत्म होने के बाद कहा, ''हां, निश्चित रूप से, वह वास्तव में अच्छा खेल रहा है। मध्यक्रम में निचले क्रम में खेलते हुए वह हम पर दबाव बनाने की कोशिश कर रहा है। और वह अच्छा खेल रहा है।'' उन्होंने कहा, ''वह वास्तव में अच्छा खेला। वह भारत का युवा खिलाड़ी है, जो गेंद को सही में अच्छी तरह से हिट करता है। ऐसा लगता है कि उसके पास लगभग हर शॉट है। ''

### दिलों पर राज करती सयाका ताकाहाशी

**नई दिल्ली।** 24 साल की सयाका ताकाहाशी एक जापानी बैडमिंटन खिलाड़ी हैं और अपने 5 फीट 6 इंच के कद से दुनिया भर में मशहूर है। सयाका की सुंदरता ने सभी के दिलों पर राज कर रखा है।



### सुमित नागल ने फिर राष्ट्रीय टीम में खेलने से किया इनकार

**नई दिल्ली।** सुमित नागल ने एक बार फिर डेविस कप में देश के लिए खेलने से इनकार कर दिया है और अपनी वापसी के लिए 'अनुचित शर्तें' रखी हैं जबकि शशिकुमार मुकुंद की शुक्रवार को टोगो के खिलाफ मुकाबले के लिए राष्ट्रीय टीम में वापसी हुई



क्योंकि एआईटीए कार्यकारी समिति ने उनका निलंबन रद्द कर दिया था। एटीपी टूर पर संघर्ष कर रहे नागल ने सितंबर में पीठ में खिंचाव का हवाला देते हुए स्वीडन के खिलाफ मुकाबले से नाम वापस ले लिया था। उन्होंने जनवरी-फरवरी में पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले के लिए इस्लामाबाद जाने से भी इनकार कर दिया था और कहा था कि घास के मैदान उनकी खेल शैली के अनुकूल नहीं हैं। अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) चयन पैनल ने पांच सदस्यीय टीम चुनी है जिसमें मुकुंद 368वें नंबर पर सर्वोच्च रैंकिंग वाले एकल खिलाड़ी होंगे। मुकुद निलंबित थे और स्वीडन के खिलाफ मुकाबले का हिस्सा नहीं थे, लेकिन गैर-खिलाड़ी कप्तान रोहित राजपाल ने इस प्रतिभाशाली खिलाड़ी से बात की जिन्होंने फिर 1-2 फरवरी को नई दिल्ली में होने वाले विश्व ग्रुप क प्ले-ऑफ मुकाबले के लिए खुद को उपलब्ध बताया।

## मेलबोर्न टेस्ट — ऑस्ट्रेलिया के पहली पारी के 474 रन से टीम इंडिया अभी भी 116 रन पीछे

# नीतिश बने 'संकटमोचक'

**एजेंसी, मेलबोर्न**

टेस्ट क्रिकेट में शुरुआती कदम रखने वाले नीतिश कुमार रेड्डी ने भारत के लिए 'संकटमोचक' की भूमिका निभाते हुए चौथे टेस्ट के तीसरे दिन नाबाद शतक लगाकर ऑस्ट्रेलिया की जीत की उम्मीदों को झटका दिया है।

नीतिश कुमार रेड्डी के नाबाद 105 रन की मदद से भारत ने बारिश के कारण तीसरे दिन का खेल जल्दी समाप्त किए जाने तक 9 विकेट पर 358 रन बना लिए हैं। ऑस्ट्रेलिया के पहली पारी के 474 रन से भारत अभी भी 116 रन पीछे है। एमसीजी की सपाट पिच पर गेंदबाजों को कोई मदद नहीं मिलती देख अब टेस्ट बचाना भारत के लिए बहुत मुश्किल नहीं होना चाहिए। इस सीरीज में भारत की खोज रहे नीतिश कुमार रेड्डी को इसका पूरा श्रेय जाता है।

उन्होंने जुझारूपन की मिसाल पेश करते हुए वॉशिंगटन सुंदर के साथ 127 रन की अहम साझेदारी की जो भारत के लिए निर्णायक मोड़ रही। ऋषभ पंत के गैर जिम्मेदाराना शॉट खेलकर विकेट गंवाने के समय भारत का स्कोर छह विकेट पर 191 रन था।

आंध्र के युवा बल्लेबाज का स्कोर 99 रन था जब जसप्रीत बुमराह आउट हो गए। इस समय नीतिश कुमार रेड्डी और आखिरी बल्लेबाज मोहम्मद सिराज क्रीज पर थे। सिराज के आने पर दर्शकों ने फिर उनकी हूटिंग की, लेकिन उन्होंने मेजबान कप्तान पैट कमिंस की तीन गेंद संभलकर खेली।

हर गेंद के बाद नीतिश कुमार रेड्डी और दीर्घा में बैठे उनके पिता के चेहरे के भाव बदल रहे थे, लेकिन सिराज ने तीन गेंद संभलकर खेली और रेड्डी को वह पल दिया जिसका सपना वह हजारों बार देख चुके थे। स्कॉट बोलैंड को सीधे चौका लगाकर रेड्डी ने अपना शतक पूरा किया और घुटने के बल बैठकर बल्ले पर हेलमेट रखकर भारतीय डगआउट के प्रति आभार व्यक्त किया। भारतीय खिलाड़ियों ने खड़े होकर उनका अभिवादन किया। एक दशक पहले जब नीतिश कुमार रेड्डी के पिता मुथियाला ने अपनी नौकरी छोड़कर साहूकारी का काम शुरू किया और नुकसान उठाया तो परिवार ने उन्हें अपने बेटे के सपनों को 'पर' नहीं देने की सलाह दी, लेकिन उन्होंने किसी की नहीं सुनी। सीमारेखा के पास बैठे नीतिश कुमार रेड्डी के पिता अपने आंसू नहीं रोक सके जब उनके बेटे ने शतक पूरा किया। भारत ने पहले सत्र में 80 रन बनाए। पंत 37 गेंद में 28 रन बनाकर खराब शॉट खेलकर आउट हुए। एमसीजी पर तीसरा दिन बल्लेबाजी के लिए शानदार था चूंकि घास हट चुकी थी और कूकाबूरा से गेंदबाजों को कोई मदद नहीं मिल रही थी । पंत अगर टिककर खेलते तो बड़ी पारी खेल सकते थे।



शतक लगाने के बाद नीतिश कुमार रेड्डी तथा (इनसैट) प्रतिक्रिया व्यक्त करते नीतिश के पिता मुथियाला

बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी

### 162 गेंदों पर 50 रनों की पारी वॉशिंगटन सुंदर ने खेली



### स्कोर बोर्ड

| ऑस्ट्रेलिया (पहली पारी) | | | 474/10 |
|---|---|---|---|
| भारत (पहली पारी) | रन | गेंद | 4/6 |
| जायसवाल (रन आउट) | 82 | 118 | 11/1 |
| रोहित क. बोलैंड ब. कमिंस | 03 | 05 | 0/0 |
| राहुल ब. कमिंस | 24 | 42 | 3/0 |
| कोहली क. कैरी ब. बोलैंड | 36 | 86 | 4/0 |
| आकाशदीप क. लियोन ब. बोलैंड | 00 | 13 | 0/0 |
| पंत क. लियोन ब. बोलैंड | 28 | 37 | 3/0 |
| जडेजा पगबाधा ब. लियोन | 17 | 51 | 3/0 |
| नीतिश (नाबाद) | 105 | 176 | 10/1 |
| सुंदर क. स्मिथ ब. लियोन | 50 | 162 | 1/0 |
| बुमराह क. ख्वाजा ब. कमिंस | 00 | 03 | 0/09 |
| सिराज (नाबाद) | 02 | 07 | 0/0 |
| अतिरिक्त | 11 | | |
| कुल : (116 ओवर) | 358/9 | | |

**विकेट पतन** : 1-8, 2-51, 3-153, 4-154, 5-159, 6-191, 7-221, 8-348, 9-350., **गेंदबाजी** : स्टॉर्क 25-2-86-0, कमिंस 27-6-86-3, बोलैंड 27-7-57-3, लियोन 27-4-88-2, मार्श 7-1-28-0, हैड 3-0-11-0.

### पंत ने बेवकूफाना शॉट खेलकर टीम को निराश किया : गावस्कर



**सुनील** गावस्कर ने 'बेवकूफाना शॉट' खेलने के लिए ऋषभ पंत को आड़े हाथों लिया। पंत ने स्कॉट बोलैंड को फाइन लेग पर स्कूप शॉट खेलने के प्रयास में डीप थर्डमैन में नाथन लियोन को कैच थमा दिया। गावस्कर ने कहा ,'' बेवकूफाना , निहायत ही बेवकूफाना। वहां दो फील्डर खड़े हैं लेकिन उसके बावजूद यह शॉट खेला। पिछले शॉट पर चूकने के बावजूद और डीप थर्ड मैन पर कैच दे दिया।''

### नीतिश इस पारी को हमेशा याद रखेंगे : वॉशिंगटन

**मेलबोर्न।** वॉशिंगटन सुंदर ने नीतिश कुमार रेड्डी की शतकीय पारी की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह उन्हें मानसिक रूप से मजबूत व्यक्ति के तौर पर जानते हैं, जिनके जीवन का फलसफा अपना 120 प्रतिशत देना है, फिर चाहे वह मैदान पर हो या मैदान के बाहर।

वाशिंगटन ने रेड्डी के शतक की तारीफ करते हुए कहा, ''एक अविश्वसनीय शतक। मेरा मतलब है कि इस शतक के बारे में बहुत लंबे समय तक बात की जाएगी और इसे याद रखा जाएगा। 'बॉक्सिंग डे' शतक, मुझे लगता है कि वह इसे हमेशा याद रखेंगे। ''

वॉशिंगटन ने दिन का खेल समाप्त होने के बाद कहा, ''एक बात तो पक्की है। वह मानसिक रूप से बहुत मजबूत है। मेरा मतलब है कि मैं उसे काफी वर्षों से जानता हूं। आज जिस तरह से उसने पारी खेली है, वह अद्भुत था। ''

उन्होंने कहा, ''उसने सुनिश्चित किया कि वह खेल में उस चरण को चुनें जहां उसे लगता था कि वह कुछ बाउंड्री लगा सकता है। वह इस बात से अवगत था कि स्थिति हमारे लिए कब थोड़ी चुनौतीपूर्ण हो जाती है।'' वॉशिंगटन ने सनराइजर्स हैदराबाद में रेड्डी को खेलते हुए देखा है और उनकी कार्यनीति से काफी प्रभावित हुए हैं।

उन्होंने कहा, ''नीतिश के बारे में एक बात यह है कि चाहे वह मैदान पर हो या मैदान के बाहर, वह अपना 120 प्रतिशत देते हैं। यह जीवन के प्रति उनका दृष्टिकोण है, ऐसा नहीं है कि यह केवल f, केट के प्रति है। मैंने उन्हें आईपीएल के दौरान देखा है और साथ ही उनकी काम करने का तरीका भी काफी करीब से देखा है। ''

## राष्ट्रमंडल खेल-2026 क्वालीफिकेशन पर भारतीय युवा भारोत्तोलकों की नजरें

**एजेंसी, नई दिल्ली**

दोहा में एशियाई युवा और जूनियर भारोत्तोलन चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन के बाद भारत के पदक विजेता युवाओं की नजरें नए साल में नई ऊंचाइयों को छूने पर लगी है। भारत ने 19 से 25 दिसंबर तक हुए टूर्नामेंट में 33 पदक जीते।

अब खिलाड़ियों का लक्ष्य ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेल 2026 के लिए क्वालीफाई करना है। राष्ट्रीय भारोत्तोलन कोच और ओलंपियन मीराबाई चानू के मेंटोर विजय शर्मा ने कहा कि दोहा के प्रदर्शन से भविष्य उज्जवल रहने के संकेत मिले हैं।

दोहा में पदक जीतने वाले भारत के



24 खिलाड़ियों में से 22 खेलो इंडिया से निकले थे।

भावी योजना के बारे में महिला जूनियर प्लस 87 वर्ग में रजत पदक जीतने वाली मेइबाम मार्टिना देवी ने कहा ,'' 2025 में राष्ट्रमंडल खेल 2026 के ट्रायल शुरू होंगे।अहमदाबाद में राष्ट्रमंडल भारोत्तोलन चैंपियनशिप क्वालीफायर टूर्नामेंट है।''

## ट्वेंटी-20 : न्यूजीलैंड ने श्रीलंका को आठ रन से हराया

**एजेंसी, माउंट मोनगानुई**

डेरिल मिचेल और माइकल ब्रेसवेल के अर्धशतकों के अलावा दोनों के बीच छठे विकेट के लिए 105 रन की भागीदारी से न्यूजीलैंड ने शनिवार को यहां तीन टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच की सीरीज के पहले मुकाबले में श्रीलंका पर आठ रन से जीत दर्ज की।

अंतिम ओवरों में की गई शानदार गेंदबाजी ने भी मैच का नतीजा न्यूजीलैंड के पक्ष में मोड़ने में मदद की। न्यूजीलैंड के आठ विकेट पर 172 रन के स्कोर का पीछा करते हुए श्रीलंका का स्कोर बिना विकेट गंवाए 121 रन से आठ विकेट पर 164 रन हो गया। मिचेल ने 62 और ब्रेसवेल ने 59 रन की अर्धशतकीय पारियां खेलीं। दोनों ने केवल 60 गेंद में शतकीय साझेदारी बनाई। दोनों पांच विकेट पर 65 रन के स्कोर पर खेलने उतरे जब वानिंदु हसारंगा ने ग्लेन फिलिप्स और मिचेल हे को 10वें ओवर में लगातार गेंदों पर आउट किया। दोनों ने टीम को 20 ओवर में आठ विकेट पर 172 रन तक पहुंचाया।



मेंडिस 14वें ओवर में आउट हो गए जिसमें जैकब डफी ने एक रन देकर तीन विकेट झटके।

कामिंडु मेंडिस और कुसल परेरा भी इसी ओवर में आउट हो गए। निसांका 19वें ओवर में आउट हुए तब स्कोर पांच विकेट पर 153 रन था। श्रीलंका को जीत के लिए बस 20 रन की जरूरत थी, लेकिन श्रीलंका लक्ष्य तक नहीं पहुंच पाया। मैट हेनरी और जाक फोक्स ने अंतिम ओवरों में अच्छी गेंदबाजी करते हुए दो दो विकेट झटके।

## शतरंज — महिला वर्ग में भारत की कोनेरू हम्पी ने जीते लगातार चार मुकाबले

# विश्व रैपिड-ब्लिट्ज शतरंज में अर्जुन को संयुक्त बढ़त

**एजेंसी, न्यूयॉर्क**

भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगेसी ने विश्व रैपिड और ब्लिटज शतरंज चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन अन्य खिलाड़ियों के साथ संयुक्त बढत बना ली हैं।

रूस के वोलोदार मुर्जिन और अलेक्जेंडर ग्रिसचुक और पोलैंड के डुडा जान क्रिस्टोफ दूसरे दिन और 9वें दौर के बाद सात अंक लेकर अर्जुन के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। 13 मुकाबलों के बाद सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का निर्धारण होगा।

दूसरे दिन पांच बार के विश्व चैंपियन मैग्नस कार्लसन पर फिडे के ड्रेस कोड का उल्लंघन करके जींस पहनकर आने के बाद पहले जुर्माना लगाया गया और बाद में उन्हें बाहर कर दिया गया। कार्लसन के बाहर होने के बाद अर्जुन के जीतने की संभावनाएं प्रबल हो गई हैं। 10वें दौर में अर्जुन का सामना ग्रिसचुक से होगा। महिला वर्ग में कोनेरू हम्पी ने पहले दौर की हार को भुलाते हुए लगातार चार मुकाबले जीते। वह डी हरिका और चीन की वेंजुन जू के साथ 6.5 अंक लेकर शीर्ष पर है। अर्जुन ने अमेरिका के रॉबसन रे और आर्मेनिया के शांट सर्जसियान को हराया। वहीं मुर्जिन और डुडा से ड्रॉ खेला।



### कार्लसन ड्रेस कोड का उल्लंघन करने पर बाहर

**पांच** बार के विश्व चैंपियन मैग्नस कार्लसन पर फिडे के ड्रेस कोड का उल्लंघन करके जींस पहनकर आने के बाद पहले जुर्माना लगाया गया और बाद में उन्हें विश्व रैपिड और ब्लिट्ज शतरंज से बाहर कर दिया गया। गत चैंपियन कार्लसन पर जींस पहनने के कारण 200 डॉलर का जुर्माना लगाया गया। टूर्नामेंट के नियमों के अनुसार जींस पहनना मना है। उन्होंने तुरंत कपड़े बदलकर आने का अनुरोध मानने से इनकार कर दिया तो उन्हें अयोग्य करार दिया गया। टूर्नामेंट में रैपिड चैंपियनशिप के 9वें दौर में उन्हें किसी के खिलाफ उतारा नहीं गया। फिडे ने एक बयान में कहा कि ड्रेस कोड के नियम खिलाड़ियों को भली-भांति बता दिए गए थे। महानतम शतरंज खिलाड़ियों में शुमार कार्लसन ने अगले दिन ड्रेस कोड का पालन करने पर रजामंदी जताई, लेकिन कहा कि वह तुरंत नहीं बदलेंगे।



### श्रेयंका पाटिल 'इमर्जिंग क्रिकेटर ऑफ द ईयर' के लिए नामित



**दुबई।** युवा स्पिनर श्रेयंका पाटिल को अंतरराष्ट्रीय f, केट में शानदार प्रदर्शन करने के लिए आईसीसी महिला 'इमर्जिंग क्रिकेटर ऑफ द ईयर' पुरस्कार के लिए नामित किया गया है। नामांकितों की सूची में श्रेयंका के साथ दक्षिण अफ्रीका की एनेरी डर्कसेन, स्कॉटलैंड की सास्किया हॉर्ले और आयरलैंड की फ्रेया सार्जेंट भी शामिल हैं।

कर्नाटक की 22 वर्षीय ऑफ स्पिनर ने दिसंबर 2023 में महिला कैरेबियाई प्रीमियर लीग में खेलने वाली पहली भारतीय बनकर इतिहास रचा और तब से सभी प्रारूपों में प्रभावित किया है।

दिसंबर 2023 में पदार्पण करने के बाद से उन्होंने 13 टी-20 मैच खेलकर 15 विकेट लिए हैं।